✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 308 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में नवनिर्मित विधान परिषद् अतिथि निवास का अवलोकन करते सीएम नीतीश कुमार

# पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य, एक करोड़ रोजगार की तैयारी : दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के भविष्य को लेकर बेहद महत्वाकांक्षी ब्लूप्रिंट पेश किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा करने की जिम्मेदारी अब सीधे तौर पर उद्योग विभाग ने अपने कंधों पर ले ली है। मंत्री ने साफ कहा कि बिहार के टैलेंट का उपयोग अब बिहार की तरक्की के लिए होगा और राज्य अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश को आकर्षित करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई सुशासन और नीतिगत स्थिरता के मजबूत आधार पर राज्य सरकार ने हितधारकों के साथ सतत संवाद को प्रोत्साहित किया है, जिससे एक वास्तविक उद्योग अनुकूल वातावरण का निर्माण हो सका है। इन निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप बिहार आज राष्ट्रीय पटल पर पूर्वी भारत के एक उभरते हुए विकास इंजन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। राज्य में तीव्र गति से एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, औद्योगिक कॉरिडोरों के विकास, शहरी अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, बेहतर हवाई संपर्क, पॉवर प्लांट तथा सशक्त लॉजिस्टिक्स ढांचे के माध्यम से मजबूती प्रदान की जा रही है। देश के शीर्ष निवेश गंतव्यों में बिहार को स्थापित करने के लक्ष्य के अनुरूप राज्य सरकार विश्वस्तरीय औद्योगिक टाउनशिपों एवं आधुनिक औद्योगिक क्षेत्रों में निरंतर निवेश कर रही है, जिन्हें मजबूत ट्रंक अवसंरचना का समर्थन प्राप्त है ताकि तीव्र, समावेशी और सतत औद्योगिक विकास सुनिश्चित किया जा सके। उद्योग मंत्री डॉ जायसवाल ने कहा कि औद्योगिक विकास को सात निश्चय-3 (2025-2030) के अंतर्गत सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है, जिसकी परिकल्पना 'समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार' के रूप में की गई है। नई सरकार ने



प्रेस वार्ता करते उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल एवं उद्योग सचिव कुंदन कुमार

अपने पहले मंत्रिपरिषद बैठक में ही तीन उच्चस्तरीय एपेक्स समितियां का गठन कर अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट कर दिया। इन समितियों को बिहार को एक पूर्वी टेक हब के रूप में स्थापित करने, इसे एक वैश्विक बैंक एंड हब एवं वैश्विक कार्यस्थल के रूप में विकसित करने, तथा स्टार्टअप और नव युग की अर्थव्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों में रोजगारोन्मुख गतिविधियों के व्यापक विस्तार का स्पष्ट दायित्व सौंपा गया है। ये संस्थागत व्यवस्थाएं विभिन्न विभागी और क्षेत्रों में रणनीतिक पहलों के समन्वित, समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्थापित की गई है। एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय के गठन स्थापना को स्वीकृति दी गई है। बिहार अब केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं रहेगा। उद्योग मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य की अपनी 'सेमीकंडक्टर नीति 2026' को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है, जिससे बिहार पूर्वी भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र बनेगा। निवेश का सिलसिला शुरू हो चुका है। बक्सर में अत्याधुनिक कोका-कोला फैक्ट्री और जेके सुपर सीमेंट का उद्घाटन इसका प्रमाण है। रिलायंस, अल्ट्राटेक और मदर डेयरी जैसी दिग्गज कंपनियां भी बिहार में अपने प्लांट लगाने के लिए जमीन आवंटित करा चुकी हैं। औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु राज्य सरकार ने 24 जिलों में 13,343 एकड़ से अधिक भूमि के अधिग्रहण को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा, गया में 1670 एकड़ भूमि पर विशेष औद्योगिक कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है। पटना के लिए भी बड़ी योजनाएं हैं, जहां तीन नए फाइव स्टार होटलों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। साथ ही, आईटी और फिनटेक कंपनियों के लिए सिंटेक्स सिटी विकसित की जाएगी, जो बेंगलुरु और पुणे की तर्ज पर स्थानीय युवाओं को साइबर और एआई तकनीक में रोजगार देगी। सरकार ने निवेशकों के भरोसे को जीतने के लिए 'जन विश्वास अधिनियम' पेश किया है। मौके पर उद्योग सचिव कुंदन कुमार उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### होटल संचालक समेत दो पर अंधाधुंध फायरिंग

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया है। स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, आलमगंज थाना क्षेत्र निवासी महारानी होटल के संचालक ओमप्रकाश यादव अपने कुछ सहयोगियों के साथ जमीन देखने के लिए गए थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनपर अचानक हमला कर दिया।

### जहरीली शराब कांड का मास्टरमाइंड धराया

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** मोतिहारी जहरीली शराब कांड में मास्टरमाइंड को पुलिस ने दबोच लिया है जबकि ताबड़तोड़ छापेमारी और कार्रवाई के डर से दो माफियाओं ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। शराब माफिया कन्हैया यादव और सुनील साह की गिरफ्तारी के लिए मोतिहारी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। मास्टरमाइंड की गिरफ्तारी और दो का कोर्ट में सरेंडर के बाद भी पुलिस का एक्शन जारी है।

### एनएमसीएच में एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ाने की तैयारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ाने की तैयारी चल रही है। कॉलेज प्रशासन ने नेशनल मेडिकल कमीशन (गख्रए) को प्रस्ताव भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो बिहार के छात्रों को अपने ही राज्य में मेडिकल की पढ़ाई में ज्यादा सीट मिलेंगे।

मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 24वीं बैठक संपन्न

# आपदा की स्थिति में मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 24वीं बैठक सम्पन्न हुयी। पर्षद की बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी एवं इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में राज्य के बाहर विभिन्न दुर्घटनाओं में बिहार के 89 मृतकों के आश्रितों एवं 41 गंभीर रूप से घायलों तथा राज्य के अंदर विभिन्न आपदाओं से हुयी 72 व्यक्तियों की मृत्यु के कारण मृतकों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान सहायता राषि के रूप में भुगतान किये गये कुल 4 करोड़ 70 लाख 50 हजार रूपये के व्यय की स्वीकृति दी गयी। बाढ़ राहत शिविरों में जन्म लेने वाले लड़के एवं लड़कियों के जन्म पर तथा शिविरों में रह रहे लोगों के लिये बर्तन एवं वस्त्र आदि के क्रय हेतु 38 लाख 19 हजार 70 रूपये व्यय किया गया है, जिसकी स्वीकृति बैठक में प्रदान की गयी। 14 से 18 वर्ष के वैसे किशोर जिनको बाल श्रम से मुक्त कराया गया है, उनके पुनर्वास हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार रूपये प्रति किशोर की दर से 86 लाख रूपये का भुगतान श्रम संसाधन विभाग को किया गया है। बैठक में श्री कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आपदा की स्थिति में लोगों की मदद की जाती है। इसके अलावा विविध कार्यां में लोगों की मदद की जाती है। इससे लोगों की काफी सहायता होती है। मुख्यमंत्री राहत कोष की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। बैठक (शेष पृष्ठ 7 पर)



# करेह नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले के शिवाजीनगर प्रखंड में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। करेह नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना करेह नदी के बरियाही घाट पुल के समीप हुई, जहां तीनों बच्चे नदी में डूब गए। बताया जा रहा है कि तेज धारा के कारण वे पानी में बह गए और बाहर नहीं निकल सके। प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर दो बच्चों के शव नदी से बाहर निकाल लिए हैं जबकि तीसरे बच्चे की तलाश के लिए गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है। तीनों बच्चों की पहचान परसा पंचायत के बोरज गांव निवासी सुदर्शन झा के पुत्रों के रूप में हुई है। इनमें आदित्य कुमार झा (15 वर्ष), हर्षनाथ



कुमार झा (13 वर्ष) और कार्तिक कुमार झा (11 वर्ष) शामिल हैं। सबसे छोटे कार्तिक का शव अब तक बरामद नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी अंचल अधिकारी मनीष चौधरी, बीडीओ आलोक कुमार सिंह और शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च अभियान जारी है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक और दहशत का माहौल है। एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत से लोग स्तब्ध हैं और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्कूल के हॉस्टल में बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के लोदीपुर स्थित एक हॉस्टल में सोमवार को 5 वर्षीय बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बुलाकी बिगहा गांव निवासी धनंजय कुमार के पुत्र आशु कुमार के रूप में हुई है, जो यूकेजी का छात्र था। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने गया-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग-22 को जाम कर दिया। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब छह बजे हॉस्टल प्रबंधन की ओर से फोन कर बच्चे की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग जब मौके पर पहुंचे तो बच्चे के शरीर पर चोट के निशान देखकर हैरान रह गए। परिजनों का दावा है कि गर्दन और आंख के पास गहरे जख्म थे जिससे उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। आनन-फानन में बच्चे को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने इसे संदिग्ध बताते हुए हत्या (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् अतिथि निवास का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधायक आवासन योजना अंतर्गत विधान परिषद् अतिथि निवास का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने कैंटीन एवं पुस्तकालय भवन तथा सामुदायिक केन्द्र का भी शुभारंभ किया। शुभारंभ के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित विधान परिषद् अतिथि निवास का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वे प्रथम तल एवं छत पर भी गये और अतिथि निवास के विभिन्न भागों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधान परिषद् अतिथि निवास बहुत अच्छा बना है। यहां की सुविधाओं का लाभ विधान परिषद् के सदस्यों को मिलेगा। ज्ञातव्य है कि विधान परिषद के सदस्यों के लिए अतिथि आवास, सामुदायिक केंद्र, कैंटीन और पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। विधान परिषद् अतिथि निवास में बेसमेंट, भू-तल एवं 04 मंजिलों का निर्माण किया गया है। इस भवन में 30 सुईट रूम, 04 लाउन्ज, सेक्युरिटी लाउन्ज का निर्माण किया गया है। भवन में 08 व्यक्ति की क्षमतावाले लिफ्ट को अधिष्ठापित किया गया है। प्रत्येक सुईट रूम में एक छोटा किचेन, ड्राईंग रूम तथा विश्राम हेतु एक कमरा (शौचालय सहित) का निर्माण किया गया है। कैन्टीन एवं पुस्तकालय भवन एक 02 मंजिला भवन है जिसके एक भाग में कैन्टीन एवं दूसरे भाग में पुस्तकालय का निर्माण किया गया है। कैन्टीन के भूतल एवं प्रथम तल (शेष पृष्ठ 7 पर)



# बिहार में बनेगी इंटरनेशनल मॉडल की एजुकेशन सिटी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार कैबिनेट की मंजूरी के साढ़े तीन माह बाद बिहार में प्रस्तावित एजुकेशन सिटी की स्थापना को लेकर सरकार एक्शन में है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश पर एजुकेशन सिटी का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को तैयार किया गया है। एजुकेशन सिटी को ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस पर आधारित कैंपस मॉडल बनाने का लक्ष्य है। विदेशों की तरह एजुकेशन सिटी का शेयर्ड कैंपस मॉडल बनाया जाएगा, जिसके लिए सरकार कई तरह की साइंटिफिक स्टडीज और इंटरनेशनल मॉडल को अध्ययन करा रही है। जापान एवं सिंगापुर के कंसल्टेंट्स की भी डीपीआर पर सलाह ली जा रही है। अगले दो महीने में एजुकेशन सिटी का कोई विस्तृत इंटरनेशनल मॉडल सामने आ जाएगा। शिक्षा विभाग के एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने नई एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए 16 दिसंबर 2025 को प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी। एजुकेशन सिटी का शेयर्ड कैंपस मॉडल के तहत निर्माण होगा। इंटरनेशनल मॉडल को ध्यान में रखकर ही एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए डीपीआर को अंतिम दिया गया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय स्तर के कंसल्टेंट्स की भी डीपीआर पर सलाह मांगी गई है। एजुकेशन सिटी का एरिया ढाई सौ एकड़ से ज्यादा का होगा। यह एक ऐसा एजुकेशन हब होगा जहां यूनिवर्सिटी या कॉलेज की अपनी अलग पहचान होते हुए भी वे सुविधाएं शेयर करेंगे। शिक्षा विभाग द्वारा पटना शहर के आसपास में ऐसे एजुकेशन सिटी बनाने की योजना है जहां अत्याधुनिक शैक्षणिक बुनियादी ढांचा होगा जिसमें स्मार्ट क्लासेस, डिजिटल लाइब्रेरी, अत्याधुनिक लैब और अनुसंधान केंद्र समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगे। योजना के अनुसार पूरे कैंपस को वर्ल्ड क्लास एजुकेशन और इनोवेशन हब बनाने की तैयारी है। ये एजुकेशन हब बिहार में रोजगार के लिए भी कई बड़े अवसर खोलेगा। एजुकेशन हब बनाने के इस प्रोजेक्ट के लिए 547 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रविधान तय किया गया था। एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं को कई तरह की सुविधाएं देने की तैयारी है।



# भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया झंडोत्तोलन

## भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर 47 किलो बांटे गए लड्डू, प्रदेश कार्यालय में 47 दीप प्रज्जवलित हुए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा आज देश, दुनिया में अपना स्थापना दिवस मना रही है। इसी के तहत बिहार भाजपा कार्यालय में भी धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस को लेकर पार्टी कार्यालय भवन को फूलों और रंगीन बल्बों से सजाया गया है। इस मौके पर पार्टी कार्यालय में झंडोत्तोलन किया गया तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को स्मरण करते हुए उनके संस्मरणों को याद किया गया। पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आरएसएस के चिंतक और संगठनकर्ता तथा एकात्मक मानववाद विचारधारा के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय और भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस के मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दालसनिया, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, कार्यक्रम संयोजक और प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, पटना महानगर के अध्यक्ष रूप नारायण मेहता, महामंत्री राकेश कुमार, उपाध्यक्ष अमृता भूषण, पवन जायसवाल ने भी मनीषियों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्थापना दिवस के मौके पर 47 किलो मिठाईयां भी बांटी गईं और 47 दीप प्रज्वलित किये गए। स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामना और बधाई देते हुए कहा कि भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी में असंख्यक कार्यकर्ताओं का खून पसीना तो लगा ही है कई कार्यकर्ताओं ने बलिदान भी दिया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को याद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थापना दिवस पर किये गये संबोधन को उद्धृत करते हुए कहा, 'उन्होंने कहा था कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के साथ काम कर रही है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि आज बिहार बदल रहा है। बिहार के लोगों के लिए जो मन मे बात थी वह भी जल्द पूरा होगा। उन्होने बिहार के नितिन नवीन को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर कहा कि यह भाजपा में ही संभव है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। विकसित भारत हमारा सपना है। आने वाले दिनों में दुनिया को रास्ता दिखाने वाले भारत को विकसित बनाने के लिए भाजपा अग्रसर रहेगी। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आज 47 वां साल हुआ है लेकिन यह कामना है कि पार्टी अगले 4700 वर्ष तक जिंदा रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस चीज पर कमिटमेंट कर दिया उससे पीछे नहीं हटती। उन्होंने इसके कई उदाहरण भी गिनाए। स्थापना दिवस पर पुराने वरिष्ठ प्रमुख लोगों को सम्मानित भी किया गया। जिन प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया उनमें विजय गुप्ता, प्रकाश शर्मा,कृष्णा मोहन, प्रमोद सिंह, अर्जुन गुप्ता, अमरेंद्र बाजी, किरण शंकर, दिनेश पटेल, विश्वनाथ मुखिया, वीर बहादुर सिंह, चंद्रवेशी मुखिया, शिव प्रसाद सिंह, कपिलदेव प्रसाद, सीताराम राय, विश्वनाथ सिंह,श्याम नंदन प्रमुख थे। आज स्थापना दिवस के मौके पर गैर राजनीतिक परिवार से बड़ी संख्या में आये लोगों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सुमित टेकरीवाल, राहुल आनन्द, अंकित हिसारिया, हिमांशु नथनी, विक्रांत विशाल, सूर्यमणि, आलोकमणि, चंद्र प्रकाश, समीर सोलंकी, विक्की कुमार , आशीष कुमार, अजय कुमार प्रमुख प्रमुख रूप से शामिल थे। इस स्थापना दिवस समारोह में मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी कुशवाहा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सत्यपाल नरोत्तम ने किया।

# महाप्रबंधक ने बरवाडीह स्टेशन का लिया जायजा, दिये कई निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** आज पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बरवाडीह स्टेशन एवं इसके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक, स्टेशन परिसर, यात्री सुविधाओं तथा परिचालन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा बरवाडीह आरओएच डिपो का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर मॉडिफाइड ब्रेक वैन की शुरुआत उनकी उपस्थिति में वरीय ट्रेन मैनेजर द्वारा किया गया। इस ब्रेक वैन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया गया है। इसमें कार्यरत कर्मचारियों की सुविधा हेतु सोलर पैनल एवं बैटरी, आरामदायक कुशन युक्त सीटें, नवीन इंटीरियर, शौचालय की सुविधा तथा लुकिंग ग्लास सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# स्थापना दिवस पर डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पित एक सशक्त विचारधारा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पार्टी ने अपने स्थापना काल से ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को अपनाते हुए देश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। गरीब कल्याण, युवाओं के रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय वृद्धि और डिजिटल इंडिया जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के वैचारिक आधार को मजबूत करने वाले नेताओं श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रवादी विचार और एकात्म मानववाद की अवधारणा आज भी पार्टी के मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने वरिष्ठ नेताओं अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी के योगदान को भी याद किया और कहा कि उनके आदर्श करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में भाजपा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

# युवा व्यवसायी ने संगीत जगत में रखा कदम, पहला गीत 'अनसेड' हुआ रिलीज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के निवासी और प्रसिद्ध व्यवसायी सुशील सुन्दरका के पुत्र सुयश सुन्दरका ने अब संगीत की दुनिया में भी अपनी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के बाद, सुयश ने अपने जुनून को आगे बढ़ाते हुए संगीत क्षेत्र में प्रवेश किया है। सुयश ने मुंबई स्थित नरसी मूनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में एक सफल व्यवसायी के रूप में कार्यरत हैं। व्यावसायिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ उन्होंने अपने रचनात्मक पक्ष को भी संजोते हुए संगीत को अपने करियर का हिस्सा बनाया है। संगीत के प्रति अपने गहरे लगाव के चलते सुयश सुन्दरका नाम से एक आर्टिस्ट, रैपर और गीतकार के रूप में उभर रहे हैं। उनका पहला वीडियो सॉन्ग 'अनसेड' 5 अप्रैल 2026 को रिलीज़ हुआ है। यह गीत उन अनकहे जज़्बातों को अभिव्यक्त करता है, जो अक्सर लोगों के दिलों में दबे रह जाते हैं। भावनाओं की सच्चाई और आधुनिक संगीत शैली के मेल से तैयार यह गीत युवाओं के साथ-साथ हर वर्ग के श्रोताओं को जोड़ने का प्रयास करता है। एम पी जैन ने बताया कि सुयश को विश्वास है कि श्रोता उनके इस नए प्रयास को सराहेंगे और उन्हें भरपूर प्यार एवं समर्थन प्रदान करेंगे। उन्होंने भविष्य में भी संगीत के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहने की इच्छा व्यक्त की है।

# राजस्व विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा राज्य के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आज मंगलवार को पटना स्थित विभागीय मुख्यालय, पुराना सचिवालय में आयोजित की जाएगी। राज्य के सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ताओं (डीसीएलआर) की पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जमीन से जुड़े मामलों में आम लोगों को त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दाखिल-खारिज, अपील वाद, राजस्व वसूली और लैंड बैंक से जुड़े कार्यों की नियमित समीक्षा से प्रशासनिक व्यवस्था और मजबूत होगी। अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए लंबित मामलों के तेजी से निष्पादन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण जिन नए लोगों को चार्ज दिया गया है उन्हें भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। लोगों के कार्य की गति बढ़ाने का दिशा निर्देश देने के साथ-साथ कोई काम बाधित नहीं हो, इसकी तैयारी की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण और समीक्षा की इस प्रक्रिया से राजस्व से संबंधित अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और लोगों को जमीन से जुड़े विवादों के समाधान में तेजी आएगी। राज्य सरकार राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। विभाग के उप सचिव देवेश कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह बैठक वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के बाद विभिन्न राजस्व एवं भूमि सुधार से जुड़े कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से बुलाई गई है। बैठक दो चरणों में आयोजित होगी। पहले सत्र में प्रधान सचिव सीके अनिल द्वारा विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस दौरान दाखिल-खारिज अपील वाद, बीएलडीआर वाद तथा मापी अपील वादों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। विशेष रूप से 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक माहवार निष्पादित वादों की संख्या तथा संबंधित अधिकारियों के पदस्थापन के बाद से अब तक किए गए निष्पादन का आकलन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैठक में राजस्व वसूली की स्थिति, लैंड बैंक के लिए चिन्हित भूमि का सत्यापन, अंचल एवं हल्का स्तर पर किए गए निरीक्षण तथा अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

# एलन पटना द्वारा नर्चर एवं फाउंडेशन विद्यार्थियों के लिए मेगा ओरिएंटेशन सेशन का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एलन करियर संस्थान पटना द्वारा एस के मेमोरियल हॉल में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नर्चर एवं फाउंडेशन विद्यार्थियों हेतु एक भव्य मेगा ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तीन सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें 6000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, सफलता पाने के लिए निरंतर प्रयास और मजबूत इच्छाशक्ति सबसे आवश्यक होती है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत लगातार की जाए, तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। इस अवसर पर क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्राची अग्रवाल अग्निहोत्री ने कहा, विद्यार्थियों के लिए मानसिक संतुलन और एकाग्रता बनाए रखना अत्यंत जरूरी है। सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने से बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं। कार्यक्रम में बिहार-झारखंड के जोनल हेड विपिन योगी ने कहा, ‏अनुशासन, नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन ही सफलता का आधार है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। वहीं सेंटर हेड चेतन शर्मा ने जेईई एवं नीट की तैयारी की विस्तृत रणनीति साझा करते हुए कहा, नियमित प्रैक्टिस, समय प्रबंधन और निरंतर रिवीजन ही सफलता की कुंजी है। पीएनसीएफ के जोनल हेड विशाल केजरीवाल ने कहा, फाउंडेशन स्तर की तैयारी ही भविष्य की सफलता की मजबूत नींव रखती है। शुरुआत से ही सही दिशा में की गई मेहनत निश्चित रूप से सफलता दिलाती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना था, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। संस्थान के प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं, जिससे वे अपने लक्ष्य की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ते हैं।

# बी.डी. कॉलेज में छह दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं बी.डी. कॉलेज, पटना द्वारा शोध और अकादमिक विमर्श की नवीन प्रवृत्तियाँ विषय पर छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को बी.डी. कॉलेज परिसर में हुआ। इस कार्यक्रम को सेंटर फॉर जेंडर स्टडिज पटना से सहयोग प्राप्त है। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि शोध और अकादमिक विमर्श की नवीन प्रवृत्तियाँ शिक्षकों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करती हैं और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने बी.डी. कॉलेज की प्राचार्या एवं कार्यक्रम की कोर्स डायरेक्टर प्रो. रत्ना अमृत द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रो. रत्ना अमृत ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारे सामूहिक संकल्प का प्रतीक है कि हम शोध और अकादमिक विमर्श को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाएं। मुख्य वक्ता प्रो. रत्नेश्वर मिश्रा, पूर्व विभागाध्यक्ष, एल.एन.एम.यू., ने भारतीय ज्ञान परंपरा की मुख्य विशेषता संवाद को रेखांकित किया और वेदों, उपनिषदों, पुराणों के बरक्स लोक परंपरा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रो. मंगला रानी, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने कहा कि शोध की दिशाएँ तो शोधार्थी स्वयं ही तय करते हैं, शिक्षक तो केवल उन्हें ज़मीन देने का कार्य करते हैं। अध्यक्षीय उद्‌बोधन प्रो. अरविंद कुमार, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर इतिहास विभागाध्यक्ष, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने दिया और एफडीपी के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया। आयोजन सचिव एवं डीएसडब्ल्यू, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय प्रो. राजीव रंजन ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को लेकर शोध करने की आवश्यकता है, न कि केवल नौकरी और परिवार को ध्यान में रखकर। दूसरी रिसोर्स पर्सन प्रो. मधु प्रभा सिंह ने अनुसंधान की मुख्य धारा में कथेत्तर साहित्यः एक प्रसंग विषय पर हिंदी साहित्य की रिपोर्ताज, यात्रा साहित्य, आत्मकथा और जीवनी के माध्यम से शोध की नवीन प्रवृत्तियों की ओर शोधार्थियों और शिक्षकों का ध्यान आकृष्ट किया। अंत में प्रो. अविनाश झा , स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, आयोजन सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस छह दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन व्यापक स्तर पर शिक्षकों और शोधार्थियों ने भाग लिया। आगामी दिनों में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# लेन-देन के बदलते स्वरूप पर डॉ. आनंद की तीखी टिप्पणी, कविता बनी जनचर्चा का विषय



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जंदाहा (वैशाली)।** समाज में बढ़ती आर्थिक असंतुलन और आपसी विश्वास के संकट को लेकर समाजसेवी एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा की एक नई कविता ने व्यापक चर्चा को जन्म दिया है। अपनी सशक्त और यथार्थपरक पंक्तियों के माध्यम से डॉ. आनंद ने वर्तमान सामाजिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार किया है। उनकी कविता की प्रमुख पंक्तियां– पैसा लेता है वो, जो लौटाता नहीं, जो लौटाने वाला है, वो हाथ बढ़ाता नहीं। आज के दौर में लेन-देन की बिगड़ती मानसिकता और विश्वास के संकट को स्पष्ट रूप से उजागर करती हैं। डॉ. आनंद ने कहा कि आज समाज में लेने और देने के बीच संतुलन पूरी तरह बिगड़ चुका है। लोग लेने में तो तत्पर हैं, लेकिन देने या जिम्मेदारी निभाने से बचते नजर आते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित कर रही है, बल्कि सामाजिक संबंधों में भी दरार पैदा कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि यदि समाज को मजबूत बनाना है, तो प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी, विश्वास और जिम्मेदारी के मूल्यों को अपनाना होगा। विशेष रूप से युवाओं को आगे आकर सकारात्मक बदलाव की दिशा में कार्य करना चाहिए। यह कविता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर तेजी से वायरल हो रही है और विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा इसे सराहा जा रहा है। कई शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इसे समाज का सटीक दर्पण बताया है।

# जिला पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण के लिए प्रदेश कांग्रेस संचालन समिति गठित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा नियुक्त जिला पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18, 19 एवं 20 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य गांधीगिरी तरीके से संगठन को और मजबूत करना तथा जिला स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल एवं बेहतर संचालन के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने एक संचालन समिति का गठन किया है। समिति के सदस्य इस प्रकार हैं- चंद्र प्रकाश सिंह, अध्यक्ष, डॉ. तारानंद सदा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी, अरविंद चौधरी, पूर्व प्रत्याशी हायाघाट, अभिषेक सिंह, अध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ, सतेंद्र बहादुर, पूर्व प्रत्याशी, डॉ. आशुतोष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, रीता सिंह, राजीव शर्मा, सलभ कुमार, इसके अतिरिक्त प्रदेश कांग्रेस कनेक्ट सेंटर के सभी सदस्य इस समिति के पदेन सदस्य रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जिला पर्यवेक्षकों को संगठनात्मक कार्यों, पार्टी की नीतियों एवं जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी।

# अमरूद बनेगा किसानों की आय का मजबूत आधार, बिहार में बागवानी को मिलेगा नया विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री, बिहार राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार की विविध जलवायु परिस्थितियाँ अमरूद उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। अमरूद बिहार के लिए केवल एक फल फसल नहीं, बल्कि पोषण सुरक्षा, किसानों की आय वृद्धि तथा कृषि विविधीकरण का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि अमरूद कम लागत वाली बागवानी फसल है, जो हल्की बलुई से लेकर भारी दोमट मिट्टी तक में सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। यह फसल सूखा सहन करने में सक्षम है तथा सीमांत भूमि पर भी अच्छी आय देने की क्षमता रखती है, जिससे बिहार के किसानों के लिए यह एक व्यवहारिक एवं लाभकारी विकल्प बनती जा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि अमरूद राज्य की प्रमुख फल फसलों में शामिल है और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी मांग पूरे वर्ष बनी रहती है, जिससे किसानों को नियमित एवं स्थिर आय प्राप्त होती है। इसके अलावा अमरूद से जैम, जेली, जूस, स्क्वैश एवं अन्य प्रसंस्कृत उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिससे मूल्य संवर्धन के साथ ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। उन्होंने बताया कि मिशन फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर के तहत अमरूद बागवानी की स्थापना के लिए प्रति हेक्टेयर अनुमानित लागत लगभग 1.0 लाख रुपये से 1.2 लाख रुपये तक निर्धारित की गई है। इस पर सरकार द्वारा सामान्यतः 40 प्रतिशत तक अनुदान (क्षेत्र एवं श्रेणी के अनुसार) उपलब्ध कराया जाता है, जिससे किसानों को प्रारंभिक निवेश में सहायता मिलती है और बागवानी को बढ़ावा मिलता है। मंत्री ने कहा कि अमरूद पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण फल है। इसमें विटामिन-सी, फाइबर, कैल्शियम एवं फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पाचन सुधारने तथा हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक हैं। राम कृपाल यादव ने कहा कि अमरूद जैसी बागवानी फसलों को बढ़ावा देकर बिहार में कृषि विविधीकरण को गति दी जा रही है। पारंपरिक फसलों के साथ फलोत्पादन को बढ़ावा देने से किसानों की आय में स्थिरता आएगी, जोखिम कम होगा तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से भी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमरूद जैसी कम लागत एवं अधिक लाभ देने वाली फसलें आत्मनिर्भर किसान एवं समृद्ध बिहार के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# फिफो सिद्धांत 30 जून तक स्थगित, विशेष श्रेणी के आवेदकों को व्यक्तिगत उपस्थिति से भी मिलेगी छूट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि से संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता आधारित निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रधान सचिव श्री सीके अनिल ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों, अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ताओं तथा अंचल अधिकारियों को पत्र जारी किया है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि भूमि से जुड़े मामलों में निर्धारित प्राथमिकता का हर हाल में पालन किया जाए। अनुसूचित जाति/जनजाति, विधवा, सेना में कार्यरत या सेवानिवृत्त जवान, बाहर कार्यरत सुरक्षाकर्मियों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फ़िफो व्यवस्था 30 जून 2026 तक स्थगित है, इसलिए विशेष श्रेणी के आवेदनों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। यदि किसी स्तर पर इन निर्देशों की अनदेखी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे आवेदकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। आवश्यक होने पर उन्हें व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट देकर उनके प्रतिनिधि या अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई की व्यवस्था की जाए, ताकि राजस्व प्रशासन अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जनहितकारी बन सके। प्रधान सचिव द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राज्य सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत 16 दिसंबर 2025 से राज्य में ईज ऑफ लिविंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा तथा उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के जन कल्याण संवाद के दौरान यह अपेक्षा सामने आई है कि आम लोगों की भूमि से जुड़ी समस्याओं का समाधान शीघ्र हो। इसके लिए मुख्य सचिव के निर्देश पर आयोजित सोमवारीय सभा और शुक्रवारीय दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरलीकरण के उद्देश्य से गत चार महीनों में कई महत्वपूर्ण परिपत्र जारी किए गए हैं तथा मामलों के निस्तारण में लागू फीफो सिद्धांत को 30 जून 2026 तक स्थगित किया जा चुका है।

# खाड़ी देशों में फंसे श्रमिकों को हर संभव मदद

**सासाराम/पटना।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण सह युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री श्री संजय सिंह टाइगर की अध्यक्षता में सोमवार को सासाराम परिसदन में संबंधित विभागों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा श्रमिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में श्रम संसाधन मंत्री द्वारा खाड़ी देशों में फंसे मजदूरों की स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया तथा उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण देश में उत्पन्न घरेलू गैस संकट के बीच विभिन्न राज्यों से वापस लौट रहे श्रमिकों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाए कार्यकर्ता : श्रम संसाधन मंत्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम जिला कार्यालय के प्रांगण में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने भाजपा के झंडे को उपस्थित जिले के सभी कार्यकर्ताओं के बीच झंडातोलन किये तथा सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात कार्यालय के सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में आज के दिन सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर भाजपा के मिशन 2047 पर गंभीरता से संकल्प के साथ कार्य करने के बारे में और कल तथा आज के भाजपा द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी एवं निर्वतमान जिलाध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी ने भी भाजपा के कार्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह टाइगर ने भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 से लेकर आज तक के किये गये कार्यों की विस्तार से विकास के हर क्षेत्र के इतिहास पर प्रकाश डाला एवं संगठित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किये। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सभी कार्यकर्ता करें ताकि इसका लाभ सभी जनता को मिल सके। कार्यक्रम का संचालन मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला के महामंत्री प्यारे लाल ओझा, विवेक सिंह, संतोष शर्मा, प्रमोद कुशवाहा, सतेंद्र सिंह, महेंद्र पासवान, कमलेश कुमार सिन्हा, संजय कुमार तिवारी, चंद्रशेखर सिंह, दीपक कुमार राय, विनोद कुमार, प्रतिभा पल्लवी, बलवंत सिंह, मीना गुप्ता, पूनम सिंह, विनीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार केशरी, रामनाथ सिंह, राकेश सिन्हा, सत्री चंद्रवंशी, प्रेम कुशवाहा, महेंद्र ओझा, कन्हैया सिंह, छोटे लाल सोनी, अभय प्रजापति, शशिभूषण प्रसाद, बंशीधर सेठ, सुजीत गोड सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## साइंस टॉपर पल्लवी राज का तिलौथू में हुआ सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** साइंस संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए +2 उच्च विद्यालय, कोचस की छात्रा पल्लवी राज ने जिले में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर तिलौथू में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण विकास एवं जन कल्याण के संयोजक रणजीत कुमार ने पल्लवी राज और उनके पिता कृष्ण मोहन को सम्मानित किया। उन्होंने पल्लवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे की पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।कार्यक्रम में शिक्षा विद एवं सामाजिक कार्यकर्ता ओम जी ने भी पल्लवी को उच्च शिक्षा के लिए आशीर्वाद दिया। वहीं डॉ. बैजनाथ सिंह बटोही, मथुरा सिंह, अहसान अहमद, डॉ. सुरेंद्र प्रसाद, अजय श्रीवास्तव, सत्येंद्र कुमार सत्य सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने पल्लवी को सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में पल्लवी राज ने बताया कि उनका लक्ष्य जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर आईआईटी में प्रवेश प्राप्त करना है।

# मंदिर आभूषण चोरी कांड का खुलासा, छह गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** संझौली थाना क्षेत्र के जिगनी गांव स्थित महावीर मंदिर में 21 मार्च की रात हुई आभूषण चोरी की घटना का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि उनके पास से एक किलोग्राम से अधिक सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर बजरंगबली की चांदी का गदा, मुकुट, पैजनी, बाजूबंद, चरण पादुका, सोने का तिलक, कुंडल, झाल, पीतल की घंटी, छड़ी, दानपेटी समेत अन्य सामग्री चोरी कर ली थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही थी। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर 5 अप्रैल को छह संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान रितेश पांडेय ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर बक्सर जिले के आथर बाजार, डुमरांव समेत कई स्थानों पर छापेमारी की गई। आथर बाजार स्थित एक दुकान से चोरी के जेवरात को गलाकर बनाए गए चांदी के बिस्किट समेत अन्य आभूषण बरामद किए गए। पुलिस ने रमेंद्र यादव उर्फ मेदर यादव, मोहम्मद मकबूल कुरैशी, किसान यादव, विष्णु कुमार वर्मा, रितेश पांडेय और नंदजी राम उर्फ चिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी ने बताया कि इस कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोगों के बीच सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

# 'भागवत कथा मानव जीवन की संहिता' : डॉ. पुण्डरीक शास्त्री



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** अकोढ़ीगोला प्रखंड के गोवर्धनपुर गांव में आयोजित श्री-श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा में काशी से पधारे कथा वाचक डॉ. पुण्डरीक शास्त्री महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन की संहिता है। मठाधीश बाल ब्रह्मचारी महाराज के नेतृत्व में चल रहे इस धार्मिक आयोजन में उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल जाती है। यह देव-दुर्लभ कथा है, जो केवल भगवान की कृपा से ही प्राप्त होती है। डॉ. शास्त्री ने भागवत के माहात्म्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी शुरुआत संवाद से होती है। उन्होंने सूत और शौनक ऋषि, नारद और भक्ति, तथा नारद और सनत कुमार के बीच हुए तीन प्रमुख संवादों का उल्लेख किया। इन संवादों के माध्यम से भक्ति मार्ग की महत्ता और जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझाया गया है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार कर सकता है। धुंधकारी का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि कथा श्रवण से उसका कल्याण संभव हुआ। कथा न केवल बाहरी परिवर्तन लाती है, बल्कि मनुष्य के मन और स्वभाव को भी शुद्ध एवं सात्विक बनाती है। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भक्त भक्ति-रस में डूबकर कथा का आनंद ले रहे हैं। आयोजन से पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

# इनकम टैक्स–मंदिरी नाला मार्ग का नाम 'संत शिरोमणि रविदास पथ' करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** इनकम टैक्स से मंदिरी जाने वाले नाला पर बनी सड़क का नाम 'संत शिरोमणि रविदास पथ' रखने की मांग उठाई गई है। यह मांग राष्ट्रीय लोक मोर्चा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय रविदास नव निर्माण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राम ने बिहार सरकार से की है। मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में अशोक कुमार राम ने कहा कि इनकम टैक्स गोलंबर के समीप स्थित रविदास आश्रम न केवल बिहार, बल्कि अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं के बीच भी प्रसिद्ध है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसी मार्ग से होकर आश्रम पहुंचते हैं। ऐसे में इस सड़क का नाम संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के नाम पर रखा जाना उचित और सम्मानजनक कदम होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के नामकरण से महान संत के अनुयायियों का गौरव बढ़ेगा और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा। साथ ही, सरकार भी संत रविदास के सम्मान में सहभागी बन सकेगी।

अशोक कुमार राम ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री से इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपील की है।

# पांच ट्रैक्टर जब्त, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** जिले में सक्रिय ट्रैक्टर चोरी गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोचस थाना क्षेत्र से चोरी हुए पांच ट्रैक्टरों को बरामद करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि ट्रैक्टर चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए सासाराम के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-02 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम में कोचस, करगहर, परसथुआ और दिनारा थानों के थानाध्यक्षों के साथ जिला आसूचना इकाई को भी शामिल किया गया। 4 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर दिनारा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर रोहित कुमार और चंदन कुमार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने ट्रैक्टर चोरी गिरोह का खुलासा करते हुए अपने अन्य साथियों की जानकारी दी। दोनों की निशानदेही पर करगहर थाना क्षेत्र से रविरंजन कुमार उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के बयान के आधार पर 21 मार्च को बटूटियां गांव और 11 मार्च को परसथुआ बाजार से चोरी हुए ट्रैक्टर बरामद किए गए। पुलिस ने अब तक कुल पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं, जिनमें चार ट्रैक्टर रविरंजन कुमार के घर परिसर से और एक ट्रैक्टर बरहरी थाना क्षेत्र से मिला है। बरामद अन्य ट्रैक्टरों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके अलावा गिरोह द्वारा वारदात में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर से संबंधित उपकरण भी बरामद किए गए हैं। एसपी ने बताया कि इस सराहनीय कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा, वहीं गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# राधा शांता कॉलेज में लेफ्टिनेंट अनुज ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** एनसीसी 13 बिहार बटालियन औरंगाबाद के तत्वाधान में राधा शांता महाविद्यालय तिलौथू में संचालित एनसीसी यूनिट के एनसीसी एएनओ के पद पर कॉलेज के बीसीए डिपार्मेंट के प्रोफेसर लेफ्टिनेंट अनुज ने सोमवार 6 अप्रैल 2026 को एनसीसी एएनओ का पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी (एटीओ) कंपटी, नागपुर, महाराष्ट्र में आयोजित 90 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में लेफ्टिनेंट अनुज 4 जनवरी 2026 से लेकर 4 अप्रैल 2026 तक सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर सोमवार 6 अप्रैल को कॉलेज में योगदान दिए हैं। इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एनसीसी ऑफिसर के रूप में लेफ्टिनेंट अनुज के सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इन्हें एनसीसी के मुख्य कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अशोक दत एवं राजेश वद्दी द्वारा बैच लगाकर लेफ्टिनेंट एएनओ की उपाधि प्रदान की गई है। महाविद्यालय परिवार इनकी इस उपलब्धि पर इन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त करता है। उन्होंने बताया कि अब महाविद्यालय में एनसीसी की गतिविधियों का पूरी तरह से सफलतापूर्वक संचालन होने में काफी सहूलियत होगी। कॉलेज परिसर स्थित एनसीसी कार्यालय में लेफ्टिनेंट अनुज कुमार को महाविद्यालय परिवार द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें कार्यालय के एएनओ की कुर्सी पर बैठाया गया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह, विद्वान पंडित प्रो डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रो प्रदीप दुबे, प्रो एपी सिंह, प्रो अखिलेश पांडे, प्रो डॉ अनिल कुमार सिंह, प्रो शिवजी सिंह, प्रो ओसियर सिंह, प्रो गुलाम हैदर, सुधीर सिंह सहित महाविद्यालय परिवार के कई शिक्षक व कर्मी मौजूद थे।

# पाइप नेचुरल गैस परियोजना के जरीय होगा स्वच्छ और सुरक्षित ईंधन का उपयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिले में स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती ईंधन उपलब्ध कराने की दिशा में पाइप्ड नेचुरल गैस परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। जिले में पीएनजी कनेक्शन को लेकर अब तक कुल 2761 मीटर स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 1943 उपभोक्ताओं को लाइव कनेक्शन मिल चुका है। जिले में वर्तमान में 70 प्रतिशत कनेक्शन सक्रिय हैं। सासाराम शहर में बैंक कॉलोनी, चंद्रवंशी नगर, फजलगंज, गांधी नगर, गीता घाट कॉलोनी, माइको एरिया, न्यू एरिया, प्रभाकर मोड़, राज कॉलोनी, चाणक्य कॉलोनी, न्यू बैंक कॉलोनी, तेतरी, एनएमसीएच कैंपस जमुहार सहित कई इलाकों में पीएनजी पाइपलाइन बिछाकर कनेक्शन चालू कर दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी कॉलोनी में जिला पदाधिकारी आवास, उप विकास आयुक्त आवास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी आवास, सिविल सर्जन आवास, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम आवास सहित अन्य वरीय पदाधिकायों के आवास में पाइपलाइन से पीएनजी गैस की आपूर्ति के लिए पाइप लाइन फिटिंग एवं तकनीकी कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वहीं, डेहरी क्षेत्र के गांधी नगर, जखी बिगहा, बारह पत्थर, जाला कॉलोनी, थाना चौक और पाली रोड में भी सुविधा शुरू हो चुकी है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जिन घरों में रेडी का कनेक्शन की स्थिति में है उन घरों में तुरंत पाइपलाइन गैस आपूर्ति करवाये। नए कनेक्शन के लिए आधिकारिक वेबसाइट cx.indianoilcgd.com पर आवेदन कर सकते है। 24×7 इमरजेंसी नंबर 7903768147 एवं टोल फ्री नंबर 18001807788 पर भी संपर्क कर सकते है। इसके अलावा उपभोक्ता सासाराम के पायलट बाबा मंदिर के समीप एरिया इमरजेंसी ऑफिस में जाकर भी संपर्क कर सकते हैं। नए कनेक्शन के लिए उपभोक्ताओं को पहचान पत्र (आधार, पैन, पासपोर्ट आदि) और पता प्रमाण (बिजली/पानी बिल, सेल डीड, हाउस टैक्स रसीद या आवंटन पत्र) देना अनिवार्य होगा। पीएनजी कनेक्शन मिलने से शहरवासियों को कई तरह के लाभ मिलेंगे। सबसे बड़ा सिलेंडर की बुकिंग, डिलीवरी और स्टोरेज की झंझट खत्म होगा, फायदा यह होगा कि अब गैस संभव होगी। पाइपलाइन के माध्यम से 24x7 गैस आपूर्ति में अधिक सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मानी जाती है, जिससे प्रदूषण में भी कमी आएगी। प्रशासन का लक्ष्य है कि जल्द ही जिले के अधिक से अधिक क्षेत्रों में यह सुविधा पहुंचाई जाए।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं.– CWMPD-01-2026-27

दिनांक : 02.04.2026.

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है–

ई–निविदा बंद होने की तिथि : 28.04.2026

1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : प्लांट डिपो, डीडीयू में ट्रैक मशीन के आई.ओ.एच./पी.ओ.एच. की क्षमता बढ़ाने के साथ–साथ पीडी डीडीयू. में भंडारण सुविधाओं के सुधार के लिए शेड सुविधाओं के विस्तार का कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹5,85,19,161.74, 3. जमानत राशि : ₹11,70,400.00, 4. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 28.04.2026, 12:00 बजे। 5. वेबसाईट पर ई– निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in.

मुख्य कारखाना प्रबन्धक/बी.डब्ल्यू./
प्लांट डिपो/पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0022/डीडीयू/यॉ./टी/26–27/32


# दुष्कर्म मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** दुष्कर्म से जुड़े चार साल पुराने एक मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जिला जज तृतीय जीवन लाल की अदालत ने मामले में दोषी पाये अभियुक्त सतीश दुबे उर्फ सतीश चंद्र निवासी ग्राम पकड़ी, थाना-पाटन जिला- पलामू झारखंड को 20500 अर्थ दंड सहित 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मामले की प्राथमिकी चार साल पूर्व डेहरी महिला थाना में दर्ज हुई थी,जिसका ट्रायल सत्रवाद संख्या 757/2023 में चल रहा था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार अभियुक्त ने मामले की शादीशुदा पीड़िता को उसके पति एवं उसे पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 साल पूर्व 11 मार्च 2022 को बनारस के एक होटल में बुलाया था जहां उसे पेय पदार्थ में नशीला दवा मिलाकर पिला दिया एवं उसके साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया था। दुष्कर्म करने के बाद अभियुक्त ने उसका वीडियो भी बना लिया था जिसके सहारे वह पीड़िता को ब्लैकमेल कर दिनांक 20 मार्च 2022 को सासाराम स्थित चंदन सहित के पास बुलाकर उसके साथ दोबारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। बताते चलें कि पीड़िता एवं अभियुक्त की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी, जिसके बाद से ही अभियुक्त हमेशा पीड़िता को अपने आप को पुलिस अधिकारी बताते हुए झांसा दिया करता था, एवं इसी क्रम में उक्त घटना को अंजाम दिया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से इस मामले विद्या सागर रॉय ने सरकारी पक्ष रखें, उन्होंने बताया कि कुल छह गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद कोर्ट ने अभियुक्त को भारतीय दंड विधान की धारा 376 एवं 506 में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

## छात्रों के लिए आयोजित हुआ सम्मान समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट में संजय साइंस क्लासेस में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार ने टॉपर्स को मेडल, सर्टिफिकेट और पुस्तकें देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षा, प्रेरणा और सम्मान का अनूठा संगम देखने को मिला। अखिलेश कुमार ने विद्यार्थियों को उच्च आदर्श स्थापित करने और निरंतर सीखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य पर अडिग रहना और उत्कृष्टता प्राप्त करना जरूरी है।संजय कुमार ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया।

## अमौना पैक्स चुनावः दावा-आपत्ति 10 मार्च तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के अमौना प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के चुनाव की घोषणा 13 अप्रैल के बाद हो सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देशानुसार प्रक्रिया तेजी से चल रही है। 28 फरवरी 2026 को तय कट-ऑफ तिथि के आधार पर सदस्यों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 1 मार्च को किया गया। दावा-आपत्ति की अवधि 1 मार्च (बुधवार) से 10 मार्च (शुक्रवार) तक निर्धारित है। प्रारूप सूची में अमौना पैक्स के 1270 सदस्य दर्ज हैं। बीडीओ सिंह ने कहा कि यदि किसी सदस्य का नाम छूट गया हो या कोई आपत्ति हो, तो वे तय समयसीमा में प्रखंड मुख्यालय पर आवेदन कर सकते हैं। अमौना पैक्स क्षेत्र में सदस्यमहुला, मठिया, अमौना, कोनी और लेवां गांव शामिल हैं।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: बीएमएफ–03–10–5एक्सिस–सीएएमसी, दिनांक 02.04.2026,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी, पूर्व रेलवे, 88/1, अधर दास रोड, बजबज, कोलकाता, पश्चिम बंगाल–700137 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं. बीएमएफ–03–10–5एक्सिस–सीएएमसी** के प्रतिपक्ष ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैन्यूअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैन्यूअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** ओईएम/ओईएम के अधिकृत डीलर के साथ एकल निविदा के आधार पर बोगी मैन्यूफैक्चरिंग फैक्टरी, बजबज के 5 एक्सिस सीएनसी मशीनिंग सेंटर (प्रस्तुतकारक टीओएस केयूआरआईएम, मॉडल नं. एफआरएफक्यू 400 वीआर–ए12) के लिए सीएएमसी। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 9,69,68,270/–, **बयाना राशि:** रु. 19,39,400/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि:** 60 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय :** 02.04.2026 को 13.39 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 10.04.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 24.04.2026 को 11.00 बजे। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।

MISC-06/2026-27

निविदा सूचनाएँ वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**कार्यालय**

**भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, औरंगाबाद**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, औरंगाबाद का एम्बुलेंस TATA Winger Make model 2020 जिसका निबंधन संख्या BR24PA 4196 है, बिक्री हेतु कोटेशन आमंत्रित करता है। कोटेशन दाता कोटेशन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं प्रदत्त मूल्य एक लिफाफे में सीलबंद कर भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, औरंगाबाद कार्यालय में दिनांक-12.04.2026 तक जमा करेंगें।

सचिव
भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी
औरंगाबाद


# विधायक ने टॉपर छात्रों को दी बधाई, प्रोत्साहन के लिए दिए चेक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर छात्रों के सम्मान समारोह में विधायक आलोक कुमार सिंह ने शिरकत की। प्रगति कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सचिन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आलोक सिंह ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनकी सफलता पर उन्हें एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। इस दौरान विधायक आलोक सिंह ने दिनारा के ग्राम भानस निवासी कोचिंग के टॉपर छात्र आकाश कुमार को प्रोत्साहन स्वरूप अपने तनख़्वाह से 21000 रुपये के चेक दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के प्रयासों से ही क्षेत्र का विकास संभव है। आलोक सिंह ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों की उपलब्धियाँ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।आलोक सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो समाज और देश को आगे बढ़ाने में मदद करता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सरकार भी छात्रों के विकास के लिए कई योजनाएँ चला रही है, जिसका लाभ उठाकर वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। प्रगति कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर सचिन ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने भी अपने बच्चों की सफलता पर खुशी जाहिर की और कोचिंग सेंटर तथा विधायक आलोक सिंह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से ही उनके बच्चे आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। विधायक आलोक सिंह ने कहा कि वे दिनारा के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं और शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर काम करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिनारा के छात्रों का भविष्य उज्ज्वल है और वे उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय :– प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।**

**सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहन, वन पदार्थ एवं उपस्करों पर प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (सपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राज्यसात की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है, जिसमें संबंधित पक्ष को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए सुनवाई की तिथि 24.04.2026 को 10:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है। अतः उक्त निर्धारित तिथि को ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहन, वन पदार्थ एवं उपस्करों तथा वन वादों से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | जप्त वाहन एवं वन पदार्थ | अभियुक्तों का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 11/2026 | (1) महिन्द्रा पिकअप, निबंधन संख्या–CG12E0684, रंग–सफेद एवं (2) सेमल बोटा कुल–8 पीस (5 फीट 5 इंच x 5 फीट–1 पीस; 5 फीट 6 इंच x 5 फीट 2 इंच–1 पीस; 5 फीट 5 इंच x 2 फीट 2 इंच–2 पीस; 5 फीट x 2 फीट 3 इंच–2 पीस; 5 फीट 4 इंच x 3 फीट–1 पीस एवं 2 फीट 5 इंच x 2 फीट 3 इंच–1 पीस) | अज्ञात | |
| 2. | 02/2026 | (1) मिश्रित प्रजाति के 22 पौधे (लम्बाई 8 फीट एवं गोलाई 9 इंच) (2) जुआठ–01 पीस एवं (3) टाँगी–01 पीस | लालमुनी पासवान, पिता–रामकेवल पासवान, ग्राम–मझिगाँवा, टोला–कवलदाग, थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा। | |

प्राधिकृत पदाधिकारी
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 376741 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27 (D)

# राष्ट्र सेवा और संगठन के प्रति समर्पण ही भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान : विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय, नवादा में जिलाध्यक्ष अनिल मेहता के नेतृत्व में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के लोकप्रिय सांसद विवेक ठाकुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अरुणा देवी एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के ध्वजारोहण से हुई। तत्पश्चात भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मंच का संचालन जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी शैलेन्द्र शर्मा ने किया, जबकि कार्यक्रम के सह-प्रभारी के रूप में उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा एवं मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार मौजूद रहे।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि विवेक ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित एक सशक्त विचारधारा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने में जुटा रहता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के देश और समाज की सेवा में लगे रहते हैं। यही समर्पण और राष्ट्रभक्ति भाजपा को अन्य दलों से अलग पहचान दिलाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं, बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुँचाकर सेवा भाव को और मजबूत करें। पूर्व विधायक अरुणा देवी ने कहा कि भाजपा का इतिहास सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के आदर्शों से परिपूर्ण है तथा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और सामूहिक प्रयासों से भाजपा लगातार सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही है। जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि स्थापना दिवस हम सभी के लिए प्रेरणा का दिन है, जो हमें पार्टी की विचारधारा को और अधिक मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प देता है। इस अवसर पर निर्वतमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय सिंह, डॉ. विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजय पाण्डेय, प्रिय रंजन सिन्हा, प्रताप रंजन, नरेश वर्मा, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता, गौरव शांडिल्य गगन, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, विनोद भोली, मुकेश कुमार, नीतू गुप्ता, मंत्री निशा राजवंशी, शिव यादव कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, जिला पार्षद बसंती चौधरी, मीडिया प्रभारी मनीष सिन्हा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, महिला मोर्चा की निर्वतमान अध्यक्ष गौरी रानी, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, शिवरानी केशरी, विवेकानंद सिंह, राधेश्याम चौधरी, रंजीत यादव, अजित वर्मा, नितिन शाह, किरण सिंह, वीणा, राहुल चन्द्रवंशी एवं सन्नी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एचपीवी टीकाकरण को लेकर बैठक में जागरूकता अभियान तेज करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में सोमवार को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने की। बैठक में प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी,स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी सेविका,आशा कार्यकर्ता एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित एवं प्रभावी है। इससे भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से चिन्हित लाभार्थियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक किशोरियों तक टीकाकरण की जानकारी पहुंचाने तथा अभिभावकों को जागरूक करने की अपील की। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने कहा कि यह अभियान किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आईसीडीएस एवं जीविका समूहों को घर-घर जागरूकता अभियान चलाने तथा किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को दूर करने का निर्देश दिया। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार,समयबद्ध कार्ययोजना तथा नियमित निगरानी करने पर जोर दिया गया। मौके पर बीपीआरओ शमा बानो, सीडीपीओ अंजली कुमारी, कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल अजित कुमार सुमन आदि मौजूद थे।



# भाजपा का स्थापना दिवस समारोह झंडोत्तोलन के साथ मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय, नालंदा में झंडोत्तोलन के साथ भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवल किशोर यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप द्वारा किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। अपने संबोधन में डॉ. सुनील कुमार ने पार्टी की 47 वर्षों की यात्रा को सेवा, समर्पण और संघर्ष की गाथा बताते हुए कहा कि भाजपा ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है। मुख्य अतिथि नवल किशोर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद, सुशासन और सेवा के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं की निष्ठा और संगठन की मजबूती को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताया। समारोह में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सुधीर सिंह, नीरज कुमार डब्लू, सावो देवी, तेजस्विता राधा, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला मंत्री योगेंद्र कुमार मंडल, प्रवीण सिंह, राजीव कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. संध्या सिन्हा, आईटी सेल संयोजक अमित शान, एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान तथा महिला मोर्चा संयोजक रुचि श्रीवास्तव सहित कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूजीसी के विरोध में सांसद को सौंपा आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अखिल भारतीय सामान्य जाति संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार ने बुधवार को नवादा लोकसभा क्षेत्र के सांसद विवेक ठाकुर को यूजीसी ड्राफ्ट के विरोध में एक आवेदन पत्र सौंपा। आवेदन में संगठन के सदस्यों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी ड्राफ्ट को छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के लिए हानिकारक बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यूजीसी ड्राफ्ट के कई प्रावधान शिक्षा प्रणाली को कमजोर करेंगे और विशेष रूप से सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव डालेंगे। संगठन का कहना है कि इस ड्राफ्ट के लागू होने से शिक्षा के अधिकारों में असमानता बढ़ेगी तथा शिक्षा का अत्यधिक व्यवसायीकरण होने का खतरा है। इससे न केवल छात्रों के मौलिक अधिकार प्रभावित होंगे, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।



मोर्चा के प्रतिनिधियों ने सांसद से अनुरोध किया कि वे इस मुद्दे को संसद में उठाएं और केंद्र सरकार से यूजीसी ड्राफ्ट को वापस लेने की दिशा में ठोस कदम उठाने की पहल करें। उन्होंने कहा कि यह केवल छात्रों का नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य से जुड़ा मामला है।

इस अवसर पर संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में इस ड्राफ्ट का विरोध करते हुए छात्रों और शिक्षकों के हितों की रक्षा की मांग की।

# रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक एवं बालिका का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। उड़ीसा के भुवनेश्वर में 6 एवं 7 अप्रैल को आयोजित हो रहा है। इस राष्ट्रीय विद्यालय प्रतियोगिता में नवादा जिले के पांच खिलाड़ी शामिल है। बालक वर्ग में पवन कुमार इंद्रजीत कुमार आदित्य कुमार वहीं बालिका वर्ग में चाहत कुमारी एवं शिखा कुमारी शामिल है। यह सभी पांच खिलाड़ी नवादा जिले के मिर्जापुर खेल मैदान में नियमित प्रैक्टिस करते हैं और बिहार में हुई आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालय खेल रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में नवादा जिले को पदक दिलाए थे। इसी उपलब्धि के आधार पर नवादा जिले के खिलाड़ियों का चयन कर बिहार टीम में शामिल किया गया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तीन बालक खिलाड़ी एवं दो बालिका खिलाड़ी भुवनेश्वर



गए हुए हैं । नवादा रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव विक्रम कुमार ने बताया कि बिहार को सबसे ज्यादा पदक दिलाने वाला खेल रग्बी फुटबॉल इस प्रतियोगिता में भी पदक लगने की पूरी उम्मीद है। शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि खेल के माध्यम से शिक्षा के साथ जोड़ने का यह एक अच्छा प्लेटफॉर्म है । साथ ही साथ खिलाड़ी को आगे बढ़ने में काफी सहयोग मिलता है । नवादा जिला रग्बी संघ के अध्यक्ष ए के गुरु ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार की टीम के साथ नवादा के खिलाड़ियों की अगर जीत होती है तो नवादा में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजन कर खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिले के खेल प्रेमी कृष्णा प्रसाद अकादमी के कोच कृति रंजन, सुनील कुमार, जूही कुमारी ,गुलशन बाबू, काजल कुमारी, रितु कुमारी, खेलो इंडिया मिनी केंद्र के कोच मनजीत कुमार, रंजीत कुमार , मिथिलेश कुमार आदि लोगों ने जीत कर आने की शुभकामनाएं दिया ।

# वज्रपात से महावीर ध्वजा क्षतिग्रस्त, बिजली उपकरण जले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के जोरावरडीह गांव निवासी गोरेलाल मंडल के घर पर रविवार की रात्रि अचानक हुए वज्रपात से हड़कम्प मच गया। अचानक गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घर पर स्थापित महावीर ध्वजा क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही घर में लगे पंखा सहित अन्य बिजली वायरिंग एवं विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गए। घटना के समय तेज गर्जन एवं बारिश हो रही थी। वज्रपात के बाद आसपास के लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि गनीमत रही कि घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति नहीं हुई।

# अगलगी की घटनाओं से सुरक्षा हेतु डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में जिले भर में गर्मी के मौसम में पछुआ हवा के कारण अगलगी की घटनाओं से सुरक्षा हेतु जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिला अधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा के दौरान जिलेभर में पछुआ हवा के कारण अगलगी से सुरक्षा हेतु आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगलगी आपदा से निपटने हेतु हमेशा अलर्ट मूड में रहे, अग्निशमन दस्ता 24 X 7 एक्टिव रखें, आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखें तथा समय-समय पर मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करेंगे।




कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि लूज तार, विद्युत स्पर्धा के कारण उत्पन्न होने वाली चिंगारियों से खेत ,खलिहानों में अगलगी की घटना हो सकती है, इसे हर हाल में दुरुस्त किया जाए।

निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगलगी से हुई कृषि फसल क्षति का आकलन करते हुए आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा भुगतान की यथाशीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलेभर में गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। पछुआ हवा भी चल रही है। ऐसे में गर्मी के मौसम में ज्यादातर गांवों में अगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ गयी है। आग से हमारे घर, खेत, खलिहान एवं जान-माल की भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। हम सब इसे रोक सकते हैं अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रभाकर झा पहले दिन दिखे एक्शन में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार झा का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया जिसकी अध्यक्षता अरुण कुमार ने की। प्रभाकर झा ने स्वागत के बाद कार्यकर्ताओं से कहा कि मुझ जैसे सामान्य परिवार के युवा को शीर्ष नेतृत्व ने एक बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसे मैं पूरी निष्ठा, इमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। श्री झा ने कहा की समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को साथ लेकर केंद्र में एवं प्रदेश में बैठी तानाशाह सरकार की गांव - गांव जाकर पोल खोलने का काम करेंगे तथा संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद प्रभाकर झा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को साथ लेकर गैस सिलेंडर की समस्या, पेट्रोल- डीजल की बढ़ती कीमतें, एटीएम से निकाशी और बैंक में रखे अपने पैसे के लिए लगाएं गए शुल्क, बिजली विभाग द्वारा बिहार में बिजली के दरों को तीन भाग में



बांटकर आम जन मानस पर बढ़ता बोझ तथा निजी विद्यालयों में बच्चों के री एडमिशन के नाम पर बच्चों के परिवार से वसूली को लेकर नवादा जिला कांग्रेस कमिटी ने सड़को पर उतरकर केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका। श्री झा ने कहा कि इन मांगो पर अगर केंद्र एवं बिहार सरकार विचार कर कदम पीछे नहीं लेगी तो नवादा जिला कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी तथा आम जनता के सहयोग से आने वाले समय सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। लंबे समय बाद प्रभाकर झा के नेतृत्व में कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन साथ खड़े दिखाई दिए।

आज के इस प्रदर्शन में प्रदेश डेलिगेट रजनीकांत दीक्षित, बलिराम सिंह,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शिवम कुमार, सेवादल के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार पप्पू, गोपेश कुमार, नारायण पांडेय, भारत यात्री नवीन कुमार, प्रमोद कुमार, पूर्व मुखिया महेश कुमार, पूर्व मुखिया गरीबन सिंह, पंकज सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, रविंद्र चौरसिया, पूर्व मुखिया बृजनंदन चौरसिया, हिसुआ ब्लॉक के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार, रजौली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रामरतन गिरी, मुद्रिका विश्वकर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# पंजीकृत उर्वरक विक्रेताओं की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि कार्यालय में सोमवार को पंजीकृत उर्वरक विक्रेताओं की बैठक हुई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी विवेक कुमार गौरव ने की। बीएओ ने कहा इस बैठक के मुख्य बिंदुओं में उर्वरक की उपलब्धता और स्टाक निर्धारित दर पर बिक्री, अनिवार्य पीओएस रसीद टैगिंग पर रोक पर चर्चा की गई। बीएओ ने सभी विक्रेताओं को किसानों के साथ उचित व्यवहार करने और पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी का अल्टीमेटम दिया।

मौके पर कृषि समन्वयक संजय कुमार, अजय कुमार समेत अन्य उर्वरक विक्रेता शामिल हुए।

# बैठक में पीएम आवास की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में आवास पर्यवेक्षक, डाटा आपरेटर, और आवास सहायक के साथ सोमवार को सामान्य बैठक हुई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। इस बैठक में पीएम आवास की समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा पीएम आवास का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। उन्होंने आवास योजना को टैगिंग करने के लिए सभी आवास सहायक को निर्देश दिया। इसके अलावा सभी लाभुकों को पीएम आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सभी आवास सहायक घर घर जाकर पीएम आवास योजना का निरीक्षण करें, और उन्हें आवास निर्माण जल्द पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करें। उसके बाद जांचोपरांत रिपोर्ट भी अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की बात कही गई। मौके पर आवास पर्यवेक्षक मनीष कुमार, डाटा आपरेटर राजू कुमार,आवास सहायक कौशलेंद्र कुमार समेत अन्य रहे।



# जनसुनवाई के दौरान आमजनों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया।

# अदीबा जुनैद को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। 6 अप्रैल 26 को उच्च माध्यमिक विद्यालय मरूई रोह में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में पूरे बिहार राज्य में 9वां स्थान 482 अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अदिवा जुनैद को विद्यालय परिवार की ओर से ससम्मान सम्मानित किया गया। स्कूल एवं प्रखंड के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार की ओर से अधिवा के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस समारोह में उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मनीष, मध्य विद्यालय के मोहम्मद मस्जिद उद्दीन अंसारी एवं प्राथमिक विद्यालय लालपुर के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार तथा विद्यालय के शिक्षक गण राजेश कुमार राज, सरोज दास, जयशंकर पांडे, सुबोध कुमार, शाहिदा परवीन, कुमारी स्नेह लता, कल्याणी कुमारी, राजेश कुमार, उपेंद्र कुमार, रवि कुमार, निधि प्रिया, राहुल कुमार पांडे, अमरेंद्र कुमार एवं लिपिक निशु कुमारी उपस्थित रहे।

# रोटरी 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का नवादा दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। रोटरी 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता ने रविवार को नवादा पहुंचकर रोटरी क्लब ऑफ नवादा का औपचारिक विजिट किया। इस दौरान उन्होंने क्लब द्वारा पिछले एक वर्ष में किए गए सामाजिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और सदस्यों की सक्रियता की सराहना की।

अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ नवादा के सदस्य सामाजिक कार्यों में लगातार सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 26 वर्षों से क्लब द्वारा किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और आगे भी इसी तरह सेवा भाव बनाए रखने की जरूरत है।

कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवं सचिव आदित्य कुमार ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता तथा असिस्टेंट गवर्नर नवीन कुमार सिन्हा का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न गतिविधियों की जानकारी साझा की गई।




डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने पिछले एक वर्ष के दौरान किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए छठ घाट पर लगाए गए सेवा शिविर, जरूरतमंदों के बीच स्वेटर वितरण, रक्तदान शिविर का आयोजन तथा पुलिस प्रशासन को ट्रैफिक डिवाइडर उपलब्ध कराने जैसे कार्यों को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने क्लब के सदस्यों से अपील की कि वे सामाजिक दायित्वों को और अधिक मजबूती से निभाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नवादा के सदस्य विभिन्न रोटरी सम्मेलनों में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। इस मौके पर रोटेरियन पूर्व एजी आर पी साहू, वजीर प्रसाद, बद्री प्रसाद, ललित अग्रवाल, शैलेंद्र सिंह, अविनाश चंद्र गुप्ता, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. केपी सिंह, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, श्याम अग्रवाल, जितेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, अमित अग्रवाल, नीरज लोहानी, प्रहलाद सागर, रो नित्यानंद चौरसिया, राकेश कुमार, रो शंभु कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा की सफलता का आधार उसके कार्यकर्ता हैं : डा. प्रेम कुमार

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आज गया जी के दक्षिणी मंडल में बिहार कुमार प्रजापति संस्कृति केंद्र, दण्डी बाग, गया जी में एक भव्य, अनुशासित एवं संगठित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इसी अवसर पर भाजपा का 47वां स्थापना दिवस भी पूरे उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचार आधारित संगठन है, जिसकी वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि इस



प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं व्यवहारिक रूप से सशक्त बनाना ही पार्टी का मूल उद्देश्य है। डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की सफलता का आधार उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण वर्ग में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, जिला महामंत्री पप्पू सिंह, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रौनक सेठ, जिला व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक ऋषि लोहानी तथा संजय रविदास ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना एवं कार्य पद्धति के विषय में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू ने की। इस अवसर पर मंडल प्रभारी राम पुकार सिंह, कमल बारिक, गौतम गोस्वामी, गाजो बाबा, विकास प्रजापति, सुमित कुमार, सिंधु भूषण ओझा (अधिवक्ता), सुनील कुमार सिन्हा (अधिवक्ता), रेखा देवी, टिंकू गोस्वामी एवं नरेश प्रसाद सहित कई गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। प्रशिक्षण के दौरान पार्टी के सिद्धांतों, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों तथा प्रभावी जनसंपर्क के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यकर्ताओं में प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, जिससे आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलने की उम्मीद है।

इधर नगर प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड द्वारा ग्राम नदरागंज, मल्लाह टोली, जिला गया में आयोजित कॉमन सर्विस सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कॉमन सर्विस सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल भारत के निर्माण में एट्टए की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ऐसे केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं और आम नागरिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में एट्टए एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। इससे न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता हरि सहनी, अध्यक्षता कर रहे अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि मो. नवाब अली एवं अतिविशिष्ट अतिथि ऋषिकेश कश्यप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष ने आयोजन के सफल संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों को बधाई दी तथा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया।

## राष्ट्रहित, सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए हुआ भाजपा की स्थापना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता के द्वारा अपने आवास पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के संस्थापक नेताओं और कार्यकर्ताओं के योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया है। इस अवसर पर राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का ध्वज आज केवल एक राजनीतिक दल का प्रतीक नहीं, बल्कि देश की प्रगति, विकास और वैभव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि पार्टी की स्थापना राष्ट्रहित, सुशासन और गरीबों के कल्याण के उद्देश्य से की गई थी, जिसे आज पूरे देश में जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजपा ने देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। आज भारत विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर भारत को और अधिक सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

## पीड़ित को दी गई सहायता राशि

**कोंच (गया)।** विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हुए ग्राम बड़गांव निवासी दीपक कुमार की इलाज के दौरान मौत हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन की ओर से सोमवार को पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान करते हुए मृतक की पत्नी विभा कुमारी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई।

# शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए ज्ञान विस्तार का माध्यम है संगोष्ठी : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के सफल आयोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आज दिनांक 06 अप्रैल 2026 को अपराह्न 3:00 बजे कुलपति कक्ष में संगोष्ठी की आधिकारिक ब्रोशर का विधिवत विमोचन किया गया। यह प्रतिष्ठित संगोष्ठी 28S29 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। ब्रोशर का विमोचन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बी के मंगलम, प्रो उपेंद्र कुमार कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स पटना



कॉलेज विकास परिषद के निदेशक प्रो संजय तिवारी, रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह तथा विभाग के प्राध्यापकगण डॉ सुमित कुमार, डॉ पार्थ प्रतिम दास, डॉ शिप्रा सोलंकी एवं डॉ विकास मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में कुलपति प्रो शशि प्रताप शाही ने रसायन विज्ञान विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ न केवल शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए ज्ञान-विस्तार का माध्यम बनती हैं, बल्कि नवीन शोध, नवाचार एवं अंतः विषय सहयोग को भी प्रोत्साहित करती हैं। संगोष्ठी के बारे में जानकारी देते हुए विभाग के प्रभारी डॉ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में रसायन विज्ञान के विविध उभरते क्षेत्रों–जैसे हरित रसायन एवं नैनो प्रौद्योगिकी पर विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध-पत्र प्रस्तुतियाँ तथा विचार-विमर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रख्यात वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं की सहभागिता इस संगोष्ठी को विशेष महत्व प्रदान करेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य रसायन विज्ञान के माध्यम से बदलती वैश्विक चुनौतियों–जैसे पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, ऊर्जा संसाधन एवं स्वास्थ्य–के समाधान हेतु नवीन दृष्टिकोण विकसित करना है। साथ ही, यह संगोष्ठी युवा शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को अपने शोध कार्यों को प्रस्तुत करने एवं विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। अंत में, आयोजन समिति ने देशभर के शिक्षकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों से इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी में सक्रिय सहभागिता हेतु आमंत्रण भी दिया।

# स्थापना दिवस पर बांटी गयी कॉपी-कलम और मिठाइयां

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अपने आवास सहित शाहमीर तकिया रविदास टोला में पार्टी का झंडा फहराकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने बच्चों के बीच कॉपी, कलम और मिठाई का वितरण कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मिश्रा ने पार्टी के इतिहास और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना वर्ष 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई राष्ट्रवादी नेताओं के प्रयास से हुई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने



स्थापना काल से ही राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास को अपना मूल मंत्र बनाया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भाजपा ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है और आज यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में देश ने सुशासन और विकास का नया दौर देखा। वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करें। साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने देश के उज्ज्वल भविष्य, संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, गोपाल प्रसाद यादव, राणा रंजीत सिंह, वार्ड पार्षद राजीव कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद उर्फ काला नाग, मंटू कुमार, महेश यादव, बबलू गुप्ता, सुनील रविदास, दारा रविदास, प्रदीप, शंकर, अनिल, बुलाकी, शिवनी देवी, सुमित्रा देवी, मीना देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बुकिंग के बाद ससमय गैस की होम डिलेवरी करें सुनिश्चित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** समाहरणालय सभागार में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था सह वरीय पदाधिकारी आपूर्ति शाखा की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं आइओसीएल कंपनी के पदाधिकारी, एचपी गैस कंपनी के पदाधिकारी, बिहार पेट्रोलियम के पदाधिकारी की उपस्थिति में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। अपर जिला दंडाधिकारी ने बताया कि गया जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। गया जिला में घरेलू गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 31 वितरक है, जिनके पास कुल 278048 घरेलू गैस सिलिंडर, भारत गैस के कुल 25 वितरक है, जिनके पास कुल 408976 घरेलू गैस सिलिंडर एवं एच0पी0 गैस के कुल 16 वितरक



है, जिनके पास कुल 140801 घरेलू गैस सिलिंडर उपलब्ध है। 15 मार्च 2026 से 05 अप्रैल 2026 तक गया ज़िले में कुल 240904 घरेलू गैस सिलेंडर, ग्राहकों के बीच वितरण किया जा चुका है। जिसमे आईओसीएल द्वारा 94915 गैस, भारत गैस द्वारा 113807 गैस एवं एचपी गैस द्वारा 32182 गैस सिलेंडर ग्राहकों को वितरित किये गए हैं। इसके अलावा प्रतिदिन 12987 घरेलू गैस वितरण ग्राहकों के बीच किया जा रहे हैं। सभी गैस कंपनी के एजेंसी के स्टॉक की नियमित रूप से जांच एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। घरेलू गैस की होम डिलीवरी पूरे गया जिला में निरन्तर की जा रही है तथा विभिन्न स्तरों पर उसका अनुश्रवण भी किया जा रहा है। सभी अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अपने-अपने अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत औचक निरीक्षण एवं छापेमारी आदि की कार्रवाई की जा रही है तथा सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पर घरेलू गैस सिलिंडर देने तथा अन्य मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 में निहित प्रावधानों के तहत कारण पृच्छा की जा रही है। 4 अप्रैल को नारायणी इण्डेयन, ऋएख्र के द्वारा कुछ उपभोक्ताओं को गैस डिलेवरी का मैसेज चले जाने के बावजूद भी गैस की डिलेवरी नहीं की गई। प्राप्त शिकायत के आलोक में जांचोपरान्त संबंधित एजेन्सी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी / आपूर्ति निरीक्षकों के द्वारा सभी गैस वितरकों की लगातार जांच की जा रही है तथा सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा गैस वितरक के गोदाम पर आवश्यकतानुसार दण्डाधिकारियों एवं पुलिस बल प्रतिनियुक्ति की जा रही है। अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी द्वारा अपने अनुमंडल अन्तर्गत धावा दल का गठन किया गया है। सभी गैस वितरक एजेंसी को स्पष्ट निदेश दिया गया है कि नियमानुसार ऑनलाईन बुकिंग के पश्चात ससमय घेरलू गैस सिंलिडर की होम डिलवरी सुनिश्चित किया जाय। गैस गोदामों से घेरलू गैस की डिलेवरी नहीं करने का निदेश निर्गत है। अनुमंडल पदाधिकारियों के द्वारा गैस एजेंसियों, गोदामों एवं विभिन्न स्तरों पर निरंतर जाँच की जा रही है तथा अनियमितता पाये जाने एवं जिला पदाधिकारी द्वारा निर्गत निदेशों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटा लगातार संचालित है, जिला नियंत्रण कक्ष में अभी तक कुल 1697 शिकायत प्राप्त हुए है, जिनका शत-प्रतिशत निष्पादन किया गया है।

# पुल से दिखने लगा लोहे का सरिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डोभी/गयाजी।** डोभी प्रखंड के पचरतन पंचायत अंतर्गत दादपुर नहर पर कुछ ही वर्ष पूर्व बना पुल के डलाई (कंक्रीट) हिस्से से लोहे का सरिया बाहर दिखाई देने लगा है, जगह जगह गड्डा भी होना सुरु हो गया हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुल का निर्माण महज कुछ ही वर्ष पहले हुआ था, लेकिन इतनी कम अवधि में ही इसकी हालत खराब हो जाना चिंता का विषय है। रोजाना इस पुल से दर्जनों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे कभी भी हादसा होने की आशंका बनी हुई है। यह पुल



लगभग 10 गांवों को आपस में जोड़ती है और आगे जाकर अच्छमा होते हुए पीपरघट्टी के पास गक्र 2 से जुड़ जाती है, जिससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। ऐसे में इसकी खराब स्थिति से हजारों लोगों की आवाजाही प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल की वर्तमान स्थिति को देखकर लोगों में डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से पुल की गुणवत्ता की जांच करने और शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## छत पर सो रहे युवक पर हमला, रेफर, मामला दर्ज

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंती थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव में पूर्व विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में ओम प्रकाश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओम प्रकाश चौधरी रात्रि में अपने घर की छत पर सोए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग वहां पहुंचे और पूर्व के विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की। घटना में गंभीर रूप से घायल ओम प्रकाश चौधरी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोंच में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में घायल के फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि इस मामले में महेंद्र चौधरी, जितनी देवी एवं योगेंद्र चौधरी को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जनप्रतिनिधियों के साथ जनगणना-2027 को लेकर जागरूकता बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शहर के हरिदास सेमिनरी स्टेडियम में सोमवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन एवं जनजागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में नगर निगम के मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, उप नगर आयुक्त शशिकांत, सिटी मैनेजर पवित्र कुमार, टाउन प्लानर अंकिता कुमारी, प्रधान सहायक सुरेंद्र कुमार सहित पार्षदगण उपस्थित थे।इस बैठक के दौरान वर्ष 2027



में होने वाली जनगणना के प्रथम चरण, मकान सूचीकरण एवं डिजिटल मैपिंग के सुचारू और सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा, जिससे डेटा संग्रहण में सटीकता और तेजी लाई जा सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने वार्डों में लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी सौंपी गई, ताकि जनगणना कार्य में सभी नागरिक सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएं है। इस बैठक में यह भी जोर दिया गया कि जनगणना देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है, इसलिए इसकी सफलता के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने सभी पार्षदों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करें और इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में योगदान दें।

## रास्ते पर टोटो खड़ा करने से परेशानी

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गया जी के स्टेशन पर, बाटा मोड़, डेल्हा गुमटी पर टोटो चालक द्वारा मनमानी तरीके से रोड पर खड़ा कर दिया जाता है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आम दुकानदार का कहना है कि बाटा मोड़ वाले लोगों का स्टेशन के अंदर चुंगी नही देने के कारण टोटो जो बाहरी जिला के टोटो चालक होते हैं वह चुंगी न देने के कारण टोटो पतले रास्ते में महिलाओं और बुढे लोगों को काफी दिक्कत हो रही है महिलाओं ने कहा कि कुछ ही लोग गया शहर में जो महिलाओं को टोटो चालक द्वारा मनमानी सोसशन एवं आम जनमानस के तकलीफ को समझ रहे हैं। जनता बेसब्र है इस तरह गया मे कब तक निजात मिलेंगी। लोगों ने इस ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि लोगों को समस्या से निजात मिल सके।

# गरीब परिवार के लिए सहारा बना पीएमजीबीवाई, बिहार ग्रामीण बैंक ने दिया दो लाख का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड के जलपा गांव निवासी चांदनी कुमारी के लिए दुःख की घड़ी में राहत की किरण उस समय बनी, जब बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत उन्हें 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चांदनी कुमारी के पति रवि शंकर रजक का दिनांक 01 अप्रैल 2025 को बीमारी के कारण निधन हो गया था। वे बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़े हुए थे, जिसके तहत मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर मिलता है।

मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी चांदनी कुमारी, जो नामांकित (नॉमिनी) थीं, को यह पूरी बीमा राशि प्रदान की गई। यह सहायता ऐसे समय में मिली जब परिवार को आर्थिक सहारे की सबसे अधिक आवश्यकता थी।

भरौंधा शाखा के शाखा प्रबंधक शशांक कुमार चौधरी एवं बैंक मित्र आदित्य कुमार ने स्वयं अपने हाथों से यह राशि प्रदान की। इस दौरान चांदनी कुमारी के चेहरे पर दुःख के साथ-साथ आत्मनिर्भरता और राहत की झलक स्पष्ट दिखाई दी।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक चौधरी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से अधिक से अधिक लोग जुड़ें। उन्होंने बताया कि बेहद कम प्रीमियम में यह योजना गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है और विपरीत परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं.: 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 18 और 19, दिनांक 02.04.2026 (सिविल एवं पी. वे कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर–झलझलिया, जिला–मालदा, पिन–732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं. 04–एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में न्यू फरक्का–बड़हरवा = 1.2 टीकेएम (अप एवं डाउन–262.3–262.9=1.2) (एलबी–2025–26) के बीच थ्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं रिहैबिलिटेशन (टीएफटीआर) के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,96,15,179.20, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 05– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम:** मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में न्यू फरक्का–बड़हरवा = 1.4 टीकेएम (अप एवं डाउन–263.8–264.4=1.2, डाउन–258.8–259.000=0.2) (एलबी–2025–26) के बीच थ्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं रिहैबिलिटेशन (टीएफटीआर) के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,33,727.95, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 06– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में न्यू फरक्का–बड़हरवा (अप एवं डाउन) कुल–0.800 टीकेएम के बीच थ्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं रिहैबिलिटेशन (टीएफटीआर) के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,31,11,663.61, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 07– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के कार्यक्षेत्र में न्यू फरक्का–मालदा टाउन= 1.4 टीकेएम (अप–265.8–266.1=0.3, 273.8–274.2=0.4, 285.1–285.6=0.5, डाउन–281.3–281.5=0.2) (एलबी–2025–26) के बीच थ्रू फॉर्मेशन ट्रीटमेंट एवं रिहैबिलिटेशन (टीएफटीआर) के कार्य के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,33,727.95, **क्रम सं. 5, निविदा सं. 08– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में मंडल अभियंता–I के कार्यक्षेत्र में एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रक्रिया द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग के लिए पोर्शन की आपूर्ति के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 2,12,05,569.58, **क्रम सं. 6, निविदा सं. 09– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन एसएसई/पी.वे/न्यू फरक्का के खंड में पीक्यूआरएस मशीन द्वारा सीटीआर (पी) 1.8 टीकेएम, मैनुअल द्वारा सीटीआर (पी) 1.17 टीकेएम, टीएफआर 0.850 टीकेएम, स्विच नवीनीकरण 18 अदद एवं पी एवं क्रॉसिंग 13 अदद की डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,29,346.87, **क्रम सं. 7, निविदा सं. 10– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता/न्यू फरक्का के अधीन एसएसई/पी.वे/जंगीपुर के खंड में पीक्यूआरएस मशीन द्वारा सीटीआर (पी) 4 टीकेएम, मैनुअल द्वारा सीटीआर (पी) 0.890 टीकेएम, टीएफआर 2.11 टीकेएम और पी एवं क्रॉसिंग 3 अदद की डीप स्क्रीनिंग तथा अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 80,41,261.00, **क्रम सं. 8, निविदा सं. 18– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/मालदा के अधीन एसएसई/पी.वे/मालदा के खंड में मालदा–न्यू फरक्का (एक्स) (अप और डाउन/एल किमी–295/0–261/0) में विभिन्न प्रकार की ट्रैक गतिविधि के कार्य जैसे कि रेल–स्लीपर–स्विच–एसईजे–फिटिंग्स का आकस्मिक नवीनीकरण, ट्रैक की टैम्पिंग, डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक मशीन की सहायता, जल निकासी प्रणाली की सफाई आदि के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,25,24,761.48, **क्रम सं. 9, निविदा सं. 19– एमएलडीटी–26–27, कार्य का नाम** : मंडल अभियंता/I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में रखरखाव गतिविधि कार्य के संबंध में विभिन्न ट्रैक डिपो से पी.वे सामग्री जैसे रेल, स्लीपर, स्विच, एसईजे, ग्लूड जॉइंट, पी. वे फिटिंग्स आदि के परिवहन के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 57,29,361.80, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 24.04.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 7 हेतु) और दिनांक 23.04.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 8 और 9 हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/मालदा टाउन (क्रम सं. 1 से 9 हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें।

MLD-05/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# 'युवा आबादी' के लाभ को भुनाने की चुनौती?

भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है. यह तथ्य अक्सर गर्व के साथ दोहराया जाता है कि देश की बड़ी आबादी कार्यशील आयु वर्ग में है और यही भारत के विकास की सबसे बड़ी ताकत है. लेकिन जब यही युवा, खासकर शिक्षित युवा, रोजगार के लिए भटकते नजर आते हैं, तब यह 'जनसांख्यिकीय लाभ' एक कठिन प्रश्न बनकर सामने खड़ा हो जाता है. हाल ही में जारी 'भारत में कामकाज की स्थिति-2026' रिपोर्ट ने इस जटिल वास्तविकता को ठोस तथ्यों के साथ सामने रखा है और देश के युवाओं के शिक्षा, रोजगार और श्रम बाजार से जुड़े कई अहम रुझानों को रेखांकित किया है. अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रिपोर्ट केवल तथ?यों का संकलन नहीं, बल्कि उस संकट का दस्तावेजी?करण है, जिसमें आज का शिक्षित युवा जूझ रहा है. उसके पास उपाधियां हैं, आकांक्षाएं हैं, सपने हैं, लेकिन अवसर सीमित हैं. पिछले चार दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का दायरा तेजी से बढ़ा है. विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और तकनीकी संस्थानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. इस रिपोर्ट के अनुसार, उच्च शिक्षा में नामांकन दर अब 28 फीसदी तक पहुंच चुकी है और इसमें लड़कियों की भागीदारी खासतौर पर बढ़ी है. हालांकि पुरुषों के नामांकन में गिरावट दर्ज की गई है. यह वर्ष 2017 के 38 फीसदी से घटकर वर्ष 2024 के अंत तक 34 फीसदी रह गई है. इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि युवा वयस?क अपने परिवार की जरूरत को पूरा करने के लिए कमाने के अवसर तलाशने लगते हैं. यह बदलाव सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. यह संकेत देता है कि शिक्षा अब समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंच रही है. लेकिन इस प्रगति के साथ एक गहरी विडंबना भी जुड़ी है- शिक्षा बढ़ तो रही है, लेकिन रोजगार के अवसर उसी अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं. रिपोर्ट बताती है कि 20 से 29 वर्ष के 6.3 करोड़ स्नातकों में से लगभग 1.1 करोड़ बेरोजगार हैं. यह युवा रोजगार की वास?तविकता है, जो वर्षों की पढ़ाई के बाद भी रोजगार से वंचित हैं. रिपोर्ट बताती है कि युवाओं को जो नौकरियां मिलती भी हैं, वह अक्सर अस्थायी, कम वेतन वाली या कौशल के अनुरूप नहीं होतीं. स्नातक होने के एक वर्ष के भीतर केवल सात फीसदी युवाओं को ही स्थायी वेतन वाली नौकरी मिल पाती है. यह धारणा लंबे समय तक बनी रही कि शिक्षा ही बेरोजगारी से मुक्ति का रास्ता है. लेकिन आज स्थिति उलट दिखती है. रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 25 वर्ष के स्नातकों में बेरोजगारी दर लगभग 40 फीसदी है, जबकि 25 से 29 वर्ष के युवाओं में यह करीब 20 फीसदी है. यह स्थिति एक संकेत है कि शिक्षा और रोजगार के बीच का संबंध कमजोर हो गया है. डिग्री/उपाधि होने के बावजूद नौकरी नहीं मिलना युवाओं में निराशा और असंतोष को जन्म देता है. आज के युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि 'अधूरा रोजगार' भी है. बड़ी संख्या में युवा ऐसे काम कर रहे हैं, जो उनकी शिक्षा और कौशल के अनुरूप नहीं हैं. कई इंजीनियर डिलीवरी का काम कर रहे हैं, स्नातक डाटा एंट्री या अस्थायी अनुबंधों पर निर्भर हैं. यह केवल व्यक्तिगत हानि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संसाधनों की भी बर्बादी है. जिस शिक्षा पर इतना निवेश किया गया, वह अपेक्षित उत्पादकता में परिवर्तित नहीं हो पा रही है. रिपोर्ट इस ओर भी इंगित करती है कि केवल शिक्षा का विस्तार पर्याप्त नहीं है, उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है. सन् 2010 से 2021 के बीच प्रति लाख युवाओं पर कॉलेजों की संख्या 29 से बढ़कर 45 हो गई है. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की संख्या में भी लगभग 300 फीसदी की वृद्धि हुई है. इसके बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं बनी हुई हैं और शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आई है. निर्धारित मानकों के मुकाबले निजी और सरकारी कॉलेजों में शिक्षक-छात्र अनुपात काफी अधिक है. लेकिन इन संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के पास वह कौशल नहीं है जिसकी मांग उद्योगों में है.

# नक्सलवाद की समाप्ति की घोषणा के बाद भी बहुत कुछ करना होगा

**काफी पहले केंद्र सरकार ने घोषणा की थी कि मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा। मार्च 2026 की अवधि से एक दिन पहले ही गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बड़ी घोषणा की। नक्सलवाद पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने कहा कि देश में नक्सलवाद अब लगभग समाप्त हो चुका है। आदिवासी इलाकों में असली न्याय पहुंचा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि 2014 के बाद केंद्र सरकार की सख्त नीति, सुरक्षा अभियान और विकास योजनाओं के कारण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तेजी से विकास करा रही है। शिक्षा के लिए स्कूल और उपचार के लिए वहां अस्पताल खुल रहे हैं। अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद की जड़ें खत्म हो रही हैं और आदिवासियों की आवाज अब संसद तक पहुंची है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने समस्या को बढ़ने दिया। मोदी सरकार के फैसलों से हालात बदले हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल विचारधारा आदिवासियों को गुमराह करती है और अब देश नक्सलवाद मुक्त बनने की ओर बढ़ रहा है।**

अशोक मधुप



उन्होंने साफ कहा कि सरकार ने नक्सलियों से बातचीत नहीं, बल्कि उन्हें खत्म कर विकास को आगे बढ़ाने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने दावा किया कि नक्सलियों का पूरा केंद्रीय नेतृत्व, पोलित ब्यूरो और कमेटी अब खत्म हो चुकी है। काफी मारे गए, बहुतों ने सरेंडर किया। कुछ अभी फरार हैं।

शाह ने कहा कि देश अब नक्सलमुक्त होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि कई बड़े ऑपरेशन जैसे बुढ़ा, थंडरस्टॉर्म और ब्लैक फॉरेस्ट चलाए गए। इनमें भारी मात्रा में हथियार, आईईडी फैक्ट्री और अनाज बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा के बड़े इलाके अब नक्सल प्रभाव से बाहर आ चुके हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस की भूमिका को उन्होंने अहम बताया। केंद्रीय गृहमंत्री ने बताया कि आजादी के समय देश संसाधनों की कमी और विकास की चुनौतियों से जूझ रहा था। कई दूर-दराज के इलाकों तक सरकार की पहुंच नहीं थी, सड़कों और सुविधाओं का अभाव था। ऐसे हालात में कुछ संगठनों ने इन कमजोरियों का फायदा उठाया। जहां राज्य की पकड़ कम थी, उन्हीं इलाकों को रेड कॉरिडोर बनाया गया। भोले-भाले आदिवासियों को भेदभाव और शोषण के नाम पर भड़काया गया और उनके हाथों में हथियार थमा दिए गए। हकीकत यह है कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध भेदभाव नहीं, बल्कि विकास की कमी थी, जिसका इस्तेमाल कर हिंसा को बढ़ावा दिया गया।

शाह ने बताया कि केंद्र सरकार ने ऑल एजेंसी अप्रोच अपनाई। इसमें सीएपीएफ, राज्य पुलिस और खुफिया एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाया गया। फंडिंग और स्पोर्ट सिस्टम पर प्रहार किया गया। सरेंडर नीति लागू की गई। इसमें आत्मसमर्पण करने वालों को आर्थिक मदद और पुनर्वास दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर गांव तक अपनी पहुंच बनाई, इससे नक्सलवाद कमजोर हुआ।

उन्होंने दावा किया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ। हजारों किलोमीटर सड़कें बनीं, मोबाइल टावर लगाए गए, बैंक, एटीएम और डाकघर खोले गए। शिक्षा के लिए एकलव्य स्कूल, आईटीआई और कौशल केंद्र बनाए गए। उन्होंने कहा कि विकास ही नक्सलवाद खत्म करने का सबसे बड़ा कारण बना।

शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीबी से नहीं, बल्कि विचारधारा से पैदा हुआ। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा लोकतंत्र में विश्वास नहीं करती और बंदूक के जरिए सत्ता चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासियों को बरगलाकर उनके हाथ में हथियार दिए गए और विकास को रोका गया। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार आगे भी सख्ती और विकास दोनों पर काम जारी रखेगी। उन्होंने आदिवासी समाज को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब देश बंदूक से नहीं, संविधान से चलेगा और यही असली जीत है। गृह मंत्री के अनुसार, जिस 'रेड कॉरिडोर' का विस्तार कभी पशुपति से तिरुपति तक माना जाता था, वह अब सिमटकर केवल कुछ जिलों तक रह गया है। 2014 में जहाँ 126 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, वहीं 2025-26 तक यह संख्या घटकर मात्र एक अंक में रह गई है। छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग, जो कभी नक्सलियों का अभेद्य किला माना जाता था। अब वह सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है और वहां विकास की किरणें पहुँच रही हैं। सरकार के इन दावों की पुष्टि जमीनी आंकड़ों से भी होती है। पिछले कुछ वर्षों में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। सुरक्षा बलों की शहादत के आंकड़ों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। 'ऑपरेशन कगार' और 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' जैसे लक्षित अभियानों के माध्यम से सुरक्षा बलों ने नक्सली नेतृत्व की कमर तोड़ दी है। 2025 के दौरान ही 300 से अधिक नक्सली मारे गए। इनमें कई शीर्ष कमांडर शामिल थे। इसके साथ ही, हजारों की संख्या में कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है,। यह समर्पण इस बात का प्रतीक है कि अब इस विचारधारा का आकर्षण खत्म हो रहा है। इतना सब होने के बावजूद, इन सफलताओं के बावजूद नक्सलवाद की चुनौतियां पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं। सबसे बड़ी चुनौती भौगोलिक विषमता है। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ जैसे घने वन क्षेत्र आज भी सुरक्षा बलों के लिए कठिन परीक्षा बने हुए हैं। नक्सलियों ने अपने पैर पीछे जरूर खींचे हैं, लेकिन वे पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। वे अक्सर घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों का लाभ उठाकर छापामार हमले करने की ताक में रहते हैं। इसके अलावा, 'अर्बन नक्सलिज्म' या वैचारिक उग्रवाद एक नई चुनौती बनकर उभरा है। शहरों में बैठे कुछ बौद्धिक समूह नक्सलियों को वैचारिक और रसद सहायता प्रदान करते हैं। इससे इस समस्या की जड़ें गहरी बनी रहती हैं। जब तक इन वैचारिक और वित्तीय नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त नहीं किया जाता, तब तक उग्रवाद के पुनर्जीवित होने का खतरा बना रहेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण चुनौती स्थानीय आदिवासियों के बीच विश्वास की बहाली है। दशकों से विकास की मुख्यधारा से कटे होने के कारण, कई क्षेत्रों में ग्रामीण अब भी सुरक्षा बलों को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। नक्सली अक्सर इस अविश्वास का फायदा उठाते हैं और ग्रामीणों को ढाल के रूप में उपयोग करते हैं। सुरक्षा बलों और स्थानीय जनता के बीच के इस 'गवर्नेंस वैक्यूम' को भरना एक लंबी प्रक्रिया है। केवल सड़कों या मोबाइल टावरों का निर्माण पर्याप्त नहीं है; लोगों को यह महसूस कराना होगा कि सरकार उनकी संस्कृति और अधिकारों की रक्षक है। इसके साथ ही, पड़ोसी राज्यों के बीच समन्वय की कमी भी कई बार बाधा बनती है, क्योंकि नक्सली एक राज्य में दबाव बढ़ने पर दूसरे राज्य की सीमा में शरण ले लेते हैं। विकास के मोर्चे पर, सरकार को 'नियत नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) जैसी योजनाओं को और विस्तार देना चाहिए, जो अंतिम छोर तक बुनियादी सुविधाएं पहुँचाने पर केंद्रित हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ीकरण सबसे प्रभावी हथियार है। जब आदिवासियों के बच्चों के पास स्कूल होंगे और उनके युवाओं के पास रोजगार के अवसर होंगे, तो नक्सलियों की भर्ती प्रक्रिया स्वतः ही बंद हो जाएगी। कौशल विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना नक्सली विचारधारा के ताबूत में आखिरी कील साबित हो सकता है। साथ ही, वन अधिकारों (फोरेस्ट राइट एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा ताकि आदिवासियों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अहसास हो और वे उग्रवाद के बहकावे में न आएं।मान्यता है कि नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन केवल बंदूकों के दम पर संभव नहीं है। वास्तव में ऐसा भी नहीं हैं। कभी श्रीलंका में लिट्टे बहुत मजबूत संगठन था। उसके लड़ाके बेमिसाल थे। श्रीलंका के साथ भारतवर्ष को भी वह प्रभावित कर रहा था। इस पर भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1991), श्रीलंकाई राष्ट्रपति प्रेमदासा रनसिंघे (1993) सहित कई लोगों की हत्या का आरोप है। श्रीलंका सरकार से इस संगठन को खत्म करने का निर्णय लिया। एक झटके में 2009 में लिट्टे पूरी तरह खत्म हो गया। न श्रीलंका सरकार ने उसके लड़ाकों को फुसलाया। न समर्पण के लिए कहा। बंदूक के बल पर लिट्टे को खत्म कर दिया। भारत सरकार तो नक्सलवाद को खत्म करने के लिए इन्हें समझाने और आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित कर रही है। सरकार को अपनी आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति को और अधिक उदार और प्रभावी बनाना चाहिए, ताकि भटक चुके युवा बिना किसी डर के मुख्यधारा में लौट सकें। इस सबके लिए तकनीकी और खुफिया तंत्र को भी मजबूत करना होगा। आधुनिक तकनीक का उपयोग करके नक्सली गतिविधियों पर नजर रखना और उन्हें समय रहते रोकना संभव है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र के बीच बेहतर समन्वय भी आवश्यक है, क्योंकि नक्सलवाद कई राज्यों में फैला हुआ है। इससे निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों की जरूरत होती है। मजबूत इच्छा शक्ति की भी आवश्यक्ता है।

अध्यात्म

## हम सदैव गलत काम करने से बचें



पुराने समय में एक राजा अपनी प्रजा को बहुत कष्ट देता था। राजा दूसरों का धन लूट लेता था। एक दिन गुरुनानक उस क्रूर राजा के राज्य में पहुंचे। जब ये बात राजा को मालूम हुई तो वह भी गुरुनानक से मिलने पहुंचा।

शिष्यों ने गुरुनानक को राजा के बारे में सबकुछ बता दिया था। इसीलिए जब राजा उनके पास आया तो गुरुनानक ने उससे कहा कि राजन् मेरी मदद करें, मेरा एक पत्थर अपने पास गिरवी रख लो। ये मुझे बहुत प्रिय है। इसका विशेष ध्यान रखना।

राजा ने कहा कि ठीक मैं इसे रख लेता हूं, लेकिन आप इसे वापस कब ले जाएंगे?

गुरुनानक ने जवाब दिया कि जब हमारी मृत्यु हो जाएगी और हम मृत्यु के बाद मिलेंगे तब ये पत्थर मुझे वापस कर देना।

राजा हैरान हो गया, उसने कहा कि ये कैसे संभव है? मृत्यु के बाद कोई भी अपने साथ कुछ कैसे ले जा सकता है?

गुरुनानक ने कहा कि जब आप ये बात जानते हैं तो आप प्रजा का धन लूटकर अपना खजाना क्यों भर रहे हैं?

राजा को गुरुनानक की बात समझ आ गई। उसने क्षमा मांगी और संकल्प लिया कि अब से वह अपनी प्रजा पर अत्याचार नहीं करेगा। इसके बाद से राजा ने अपने खजाने का उपयोग प्रजा की देखभाल में खर्च करना शुरू कर दिया।

### सीख

इस छोटे से प्रसंग की सीख यह है कि हमें धन कमाने के लिए कभी भी गलत तरीके नहीं अपनाना चाहिए, क्योंकि कोई भी व्यक्ति मरने के बाद कुछ भी अपने साथ नहीं ले सकता। सबकुछ यहीं छोड़कर जाना होता है। इसीलिए धर्म के अनुसार काम करना चाहिए।

# भीतर के अंधेरे से बाहर के उजाले तक की अनदेखी यात्रा...

**सच्ची स्वतंत्रता बाहरी अधिकारों से नहीं, बल्कि आंतरिक जागरूकता से जन्म लेती है। जो व्यक्ति अपने भीतर के अज्ञान, भय और अहंकार से मुक्त हो जाता है, वही वास्तव में स्वतंत्र है। ऐसी स्वतंत्रता किसी शासन, व्यवस्था या परिस्थिति पर निर्भर नहीं होती, बल्कि वह मनुष्य के अंतःकरण में स्थित होती है। जब व्यक्ति यह समझ लेता है कि उसका जीवन केवल उसके लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए है, तब वह अपने अस्तित्व को व्यापक अर्थ प्रदान करता है। यही व्यापकता जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है। वास्तव में सच्ची मुक्ति अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश में प्रवेश करने की यात्रा है। अनुभव, संघर्ष, साहस और संवेदनशीलता इस यात्रा के मार्गदर्शक होते हैं। जो व्यक्ति हर परिस्थिति को सीखने का अवसर मानकर आत्मिक शक्ति को विकसित करता है और आत्मकेंद्रित होने से ऊपर उठकर मानव-कल्याण के उद्देश्य से जुड़ता है, वही जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने में सक्षम पाता है।**

मोनिका राज

सच्ची मुक्ति केवल बाहरी बंधनों से मुक्त होने का नाम नहीं है, बल्कि वह मनुष्य के भीतर बसे अज्ञान के अंधकार से बाहर निकलने की गहन प्रक्रिया है। जब तक व्यक्ति अपने विचारों, पूर्वाग्रहों, भय और सीमित दृष्टि के जाल में उलझा रहता है, तब तक उसकी चेतना स्वतंत्र नहीं हो सकती। अज्ञान वह अदृश्य आवरण है, जो सत्य को ढक देता है और मनुष्य को भ्रमों के संसार में भटका देता है। इसलिए वास्तविक मुक्ति का मार्ग बाह्य परिस्थितियों में परिवर्तन से नहीं, बल्कि अंतःकरण के प्रकाश से होकर गुजरता है।

मनुष्य का जीवन अनुभवों की निरंतर यात्रा है। प्रत्येक अनुभव, चाहे वह सुखद हो या पीड़ादायक, व्यक्ति के भीतर किसी न किसी रूप में चेतना का विस्तार करता है। अनुभव केवल घटनाओं का संग्रह नहीं होते, बल्कि वे आत्मा के शिल्पकार होते हैं, जो मनुष्य के व्यक्तित्व को गढ़ते हैं। जब व्यक्ति जीवन की घटनाओं को केवल भोग या दंड के रूप में नहीं, बल्कि आत्म-विकास की प्रक्रिया के रूप में देखता है, तब उसका दृष्टिकोण बदल जाता है। वह समझने लगता है कि जीवन का प्रत्येक क्षण उसे कुछ सिखाने आया है। यही अनुभव धीरे-धीरे अज्ञान के आवरण को हटाते हैं और व्यक्ति को सत्य के निकट ले जाते हैं।

संघर्ष जीवन का अपरिहार्य सत्य है। जो व्यक्ति संघर्ष से भयभीत होकर पलायन करता है, वह कभी अपनी आंतरिक शक्ति को पहचान नहीं पाता। संघर्ष मनुष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत करता है और चुनौतियों से पार पाने की प्रेरणा देता है। जब मनुष्य विपरीत परिस्थितियों का सामना करता है, तब उसके भीतर धैर्य, साहस और दृढ़ता का जन्म होता है। संघर्ष केवल बाधा नहीं, बल्कि आत्मिक उत्कर्ष की सीढ़ी है। जिनके जीवन में संघर्ष का ताप नहीं पड़ा, उनके व्यक्तित्व में गहराई और परिपक्वता का अभाव रह जाता है।

संवेदनशीलता मनुष्य को मनुष्य बनाती है। संवेदनशील हृदय ही दूसरों के दुख को समझ सकता है, उनके दर्द को महसूस कर सकता है और उनके सुख में सहभागी बन सकता है। संवेदनशीलता व्यक्ति को आत्मकेंद्रित होने से बाहर निकालकर व्यापक मानवीय चेतना से जोड़ती है। जब मनुष्य केवल अपने हितों में उलझा रहता है, तब उसकी दृष्टि संकीर्ण हो जाती है और वह जीवन के व्यापक अर्थ को खो देता है। मगर जब वह दूसरों के अस्तित्व को अपने अस्तित्व से जोड़कर देखने लगता है, तब उसके भीतर करुणा, सहानुभूति और प्रेम का प्रवाह होता है।

जो व्यक्ति प्रत्येक परिस्थिति को सीख का अवसर मानता है, वही वास्तव में आत्मिक शक्ति का विकास करता है। जीवन में आने वाली कठिनाइयां, असफलताएं और निराशा अगर व्यक्ति को तोड़ने के बजाय उसे सोचने, समझने और बदलने के लिए प्रेरित करें, तो वे उसके विकास की आधारशिला बन जाती हैं। सीखने की प्रवृत्ति मनुष्य को जड़ता से मुक्त करती है और उसे निरंतर गतिशील बनाती है। जब व्यक्ति यह



स्वीकार कर लेता है कि जीवन में कोई अनुभव व्यर्थ नहीं है, तब उसकी चेतना में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। वह परिस्थितियों का शिकार बनने के बजाय उनका सृजनकर्ता बन जाता है और अपने जीवन का अर्थ खुद गढ़ने लगता है।

आत्मिक शक्ति का विकास केवल आत्म-संतोष तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह व्यक्ति को व्यापक मानवीय उत्तरदायित्वों से जोड़ता है। आत्मिक रूप से जागृत व्यक्ति अपनी सीमाओं को पहचानते हुए भी उनमें बंधा नहीं रहता। वह जानता है कि उसकी व्यक्तिगत मुक्ति तब तक अधूरी है, जब तक समाज में अज्ञान, अन्याय और पीड़ा का अस्तित्व बना हुआ है। इसलिए वह आत्मकेंद्रित दृष्टि से ऊपर उठकर मानव-कल्याण से जुड़ता है। उसके लिए जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता या सुख-संपन्नता का साधन नहीं रह जाता, बल्कि समाज के उत्थान का माध्यम बन जाता है।

मानव-कल्याण की भावना मनुष्य को उसकी संकीर्ण पहचान से मुक्त करती है और उसे विश्व-मानव के रूप में देखने की दृष्टि प्रदान करती है। जब व्यक्ति यह समझने लगता है कि उसकी खुशियां दूसरों की खुशियों से जुड़ी हैं और उसकी पीड़ा दूसरों की पीड़ा से अलग नहीं है, तब उसके भीतर एक नई चेतना का उदय होता है। यही चेतना उसे स्वार्थ से परमार्थ की ओर ले जाती है। मानव-कल्याण का मार्ग कठिन अवश्य है, लेकिन यही मार्ग जीवन को सार्थक बनाता है। जब मनुष्य अपने ज्ञान, शक्ति और संसाधनों का उपयोग केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए करता है, तब वह वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र हो जाता है।

सच्ची स्वतंत्रता बाहरी अधिकारों से नहीं, बल्कि आंतरिक जागरूकता से जन्म लेती है। जो व्यक्ति अपने भीतर के अज्ञान, भय और अहंकार से मुक्त हो जाता है, वही वास्तव में स्वतंत्र है। ऐसी स्वतंत्रता किसी शासन, व्यवस्था या परिस्थिति पर निर्भर नहीं होती, बल्कि वह मनुष्य के अंतःकरण में स्थित होती है। जब व्यक्ति यह समझ लेता है कि उसका जीवन केवल उसके लिए नहीं, बल्कि समस्त मानवता के लिए है, तब वह अपने अस्तित्व को व्यापक अर्थ प्रदान करता है। यही व्यापकता जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि है।

वास्तव में सच्ची मुक्ति अज्ञान के अंधकार से निकलकर ज्ञान के प्रकाश में प्रवेश करने की यात्रा है। अनुभव, संघर्ष, साहस और संवेदनशीलता इस यात्रा के मार्गदर्शक होते हैं। जो व्यक्ति हर परिस्थिति को सीखने का अवसर मानकर आत्मिक शक्ति को विकसित करता है और आत्मकेंद्रित होने से ऊपर उठकर मानव-कल्याण के उद्देश्य से जुड़ता है, वही जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने में सक्षम पाता है। ऐसी चेतना में ही मनुष्य की सच्ची स्वतंत्रता, गहन शांति और परम उपलब्धि निहित है।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज नया काम शुरू न करें। भाई-बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार में कुछ रुकावट आ सकती है। आप गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आप बोरियत महसूस कर सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में ताजगी कम हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये समय बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन**
सोशल मीडिया में आप अत्यधिक सक्रिय रहेंगे। चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

**कर्क**
किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**सिंह**
मन में नये-नये विचार आते रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा को लेकर अत्यन्त जागरूक रहेंगे। नये कार्यों को लेकर उत्साह और जोश में रहेंगे।

**कन्या**
बहुत आवश्यक न हो तो लोगों से अपनी बातें एवं सूचनायें शेयर करने से बचें। अत्यधिक व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला**
आज यदि आपने एकाग्रचित्त होकर कार्य किया तो आप काफी शानदार परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। जनकल्याण की योजनाओं में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। राजनीतिक लोग अपने विरोधियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। प्रभावशाली लोगों से सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

**धनु**
कामकाज में आपका अधिक मन नहीं लगेगा। किन्तु दूरदर्शी सोच के कारण आपको व्यापार में लाभ मिलेगा। धन के लेन-देन में कुछ परेशानी हो सकती है। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**मकर**
किसी रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। करियर को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद उभर सकते हैं। अहंकार की वजह से अपने सम्बन्धों को खराब न करें।

**कुंभ**
आपकी दिनचर्या अत्यधिक व्यवस्थित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आप अत्यन्त सरलता से अपने काम करेंगे। लेकिन दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये।

**मीन**
नये कारोबार की आप शुरूआत कर सकते हैं। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। बच्चों को ऑनलाइन गतिविधियों से दूरी बनाकर रखें। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अथमलगोला में 20 अप्रैल को होंगे पैक्स चुनाव, सभी तैयारी पूरी : बीडीओ



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के पांच पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव की तैयारी अंतिम चरण में है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रखंड के पांच पंचायतों में होने वाले शांतिपूर्ण और निष्पक्ष पैक्स चुनाव के मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।फुलेलपुर, बहादुरपुर, उस्मानपुर, रामनगर दियारा पैक्स का चुनाव कराया जाना है। इसी क्रम में कोरम पूरा नहीं होने के कारण करजान पैक्स का भी रिइलेक्शन कराया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि चुनाव के लिए 8/9 अप्रैल 2026 को नामांकन कराया जा सकेगा। जिसकी स्क्रुटनी 10/11 अप्रैल 2026 को होगी।13 अप्रैल 2026 को अभ्यर्थिता वापसी और प्रतीक आवंटन की तिथि निर्धारित है। वहीं मतदान की प्रक्रिया पूर्व में निर्धारित बूथों पर ही 20 अप्रैल 2026 को सम्पन्न होंगे। इसी दिन मतदान के उपरान्त मतगणना का कार्य होगा। जिसके लिए फौजदार सिंह हाई स्कूल परिसर निर्धारित किया गया है।22 अप्रैल 2026 को निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

### छिनतई प्रयास मामले में चार गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में हुए एक महिला के साथ मारपीट छिनतई मामले में पुनपुन पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। फरार नामजद आरोपी में राजा पासवान पिता रकटू पासवान, गौतम पासवान पिता नरेंद्र पासवान ,सौरभ पासवान पिता शैलेंद्र पासवान और दिलशेर पासवान पिता बैजनाथ पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि यह घटना बीते 3 मार्च को हुई है जहां घटना के वादी सुनीता देवी पति सुरेश यादव पकडी ने थाने में आवेदन दिया था कि घर में घुसकर लोहे के रॉड से सबों ने मिलकर जानलेवा हमला किया है और मोबाइल छीन लिया था जहां गंभीर चोट आई है इस पूरे मामले में सात लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें फरार चल रहे हैं चार नामजद अभियुक्त को कल गिरफ्तारी की गई है और गिरफ्तार आरोपियों पर जेल भेजने की अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### खलिहान में लगी आग पर पाया काबू



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सफियासराय थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर मौजा के खेत खलियान में अचानक लगी आग से बहियार अफरा तफरी का माहौल देखा गया। खलिहान में लगी आग पर समय रहते अगर काबू नहीं पाया जाता तो किसानों के सैकड़ो बीघा में लगे गेहूं का फसल जलकर बर्बाद हो जाता। खेत खलियान में लगी आग के बारे में किस बृजेश सिंह ने बताया कि सप्ताह भर के दौरान दूसरी बार बहियार आग लगने की घटना हुई है दोनों आग लगी की घटना में किसानों एवं अग्निशमन टीम के तत्परता से आज पर काबू ही नहीं पाया गया बल्कि किसानों को सैकड़ो बीघा में उपजाई गए गेहूं की फसल को बर्बाद होने से बचाया गया। इधर बहियार में लगातार आग लगने की घटना से ग्रामीण किसान अजय सिंह, गौतम सिंह,वरुण सिंह,अजय यादव, रामजन्म सिंह,मुंडन सिंह खेत जताते हुए कहां है कि जब तक खेत खलियान से फसल तैयार होकर घर नहीं आ जाता तब तक हम लोगों चिंता बनी हुई रहती है इसलिए स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस दिशा में कदम उठाते हुए खेत खलियान के दिशा में पुलिसिया गश्ती तेज करने की बात कही है।

### क्रिकेट मैच में बीएनपी 9 ने रेलवे को 16 रनों से हराया



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री जंग बहादुर स्टेडियम बीएनपी - 9 जमालपुर में एकदिवसीय क्रिकेट मैच का आयोज रेल जिला जमालपुर एवं बीएनपी 9 के बीच खेला गया। खेले गए मैच में टॉस जीतकर रेल जिला जमालपुर में क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बीएनपी 9 की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 11 छक्के एवं 10 चौक की मदद से 147 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें कप्तान आयुष सागर ने 16 गेंद में दो छक्के एवं दो चौके की मदद से 30 रन बनाए।जबकि मनोज कुमार ने 31 चंदन ने 26 राहुल ने 23 एवं बाबू साहब राय ने 15 रन की पाली अपनी टीम के लिए बनाए। बीएनपी 9 के स्कोर का जवाब देने के लिए मैदान पर उतरी रेल जिला जमालपुर की टीम ने 16 ओवर में 7 विकेट गाकर 131 रन ही बना पाई। इस तरह बीएमपी 16 रनों से मैच को जीत का ट्रॉफी अपने नाम किया। मैच के सफल आयोजन पर समादेष्टा विद्यासागर एवं अपर पुलिस अधीक्षक उमेश्वर चौधरी मैं विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी वितरण करते हुए शुभकामना दिए। मौके पर तुषार, स्वामी, छोटे सरकार, संजय,वीरेंद्र राम, राहुल, मनमोहन, मिलन, राजनंदनी, रूपेश कुमार,कुंदन कुमार, चंद्रशेखर, धीरज, सुजीत, आयुष सहित कई मौजूद थे।

### बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित हुआ कार्यशाला



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों को ग्राम कचहरी कार्यों से जोड़ने और उनकी भूमिका को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण बिहार पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित हुआ।पुलिस उप महानिरीक्षक मुंगेर राकेश कुमार की अध्यक्षता में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुंगेर क्षेत्र के चार जिलों मुंगेर, जमुई, लखीसराय और शेखपुरा में पदस्थापित पुलिस निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों को ग्राम कचहरी के क्रियाकलापों में पुलिस की भागीदारी को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पंचायती राज पीठ, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना की ओर से श्री कुमार विजय सिंह और श्री भगवान पाठक को रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया था, जिन्होंने ग्राम कचहरी की प्रक्रिया, कानूनी पहलुओं और पुलिस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला में मुंगेर क्षेत्र के चारों जिलों से कुल 70 पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक, मुंगेर क्षेत्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक, मुंगेर भी उपस्थित रहे। बताया गया कि मुंगेर क्षेत्र के शेष बचे पुलिस निरीक्षकों और थानाध्यक्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र 08 अप्रैल 2026 को पुलिस केन्द्र, मुंगेर में आयोजित किया जाएगा।

### आम जन के समस्या से रूबरू होकर जिलाधिकारी ने किया निदान



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आमजन की समस्याओं से सीधे पदाधिकारियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत आज जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा 18 लोगों की समस्याओं को सुन कर तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिले के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत संबंधित अधिकारी आने वाले लोगों की समस्याओं को सुन उसका समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर कर रहे हैं। मुझफफ्रगंज हवेली खड़गपुर निवासी अशोक साह ने अपने ही पैतृक जमीन का दबंगों द्वारा अवैध रूप से दाखिल खारिज कराने की शिकायत की। नवीन कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने कहा कि उन सबों की नियुक्ति अनुकंपा के आधार पर हुई है, लेकिन अब तक उन्हें वेतनमान नहीं दिया गया है। सीताकुंड डीह निवासी सहिंद्र मंडल ने कहा कि वह दिव्यांग हैं और कई वर्षों से दिव्यांग पेंशन उठा रहे थे, लेकिन ई-लाभार्थी पोर्टल पर उनके जीवित रहने के बाद भी उन्हें मृत घोषित कर दिया गया है, जिसके कारण उनका पेंशन बंद हो गया है। घोषीटोला निवासी विष्णुदेव मंडल ने अपने पुत्रों द्वारा प्रताड़ित एवं मारपीट करने का आरोप लगाया। चुआबाग निवासी सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने अपने घर में नल जल कनेक्शन लगवाने की बात कही। इसके अलावे जमीन आदि से संबंधित भी कई मामलों की सुनवाई जिलाधिकारी द्वारा की गयी।

# आग का कहर : धनरूआ के मानिक बिगहा में तकरीबन दो दर्जन से अधिक किसानों के साठ बीघा में खड़ी फसल में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी एवं धनरूआ में इन दिनों खेतों में अगलगी की घटनाएं जोर हो गई है। ऐसे में सोमवार को धनरूआ प्रखंड के मानिक बीघा गांव में दो दर्जन किसानों के तकरीबन साठ बीघा में लगी गेहूं की फसल आग में खाक हो गई है। जहाँ आग लगने से तकरीबन लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।दरअसल सोमवार की दोपहर अचानक गेहूं के खेतों में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लगभग 25 किसानों के साठ बिघे में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। इस घटना से क्षेत्र के दो दर्जन किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।ग्रामीणों के अनुसार दोपहर के समय अधिकांश किसान घरों में थे। तभी खेतों की ओर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। गांव के युवकों ने शोर मचाकर लोगों को सूचना दी। पछुआ हवा चलने से आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। अग्निकांड में देवेंद्र प्रसाद तीन बीघा, राजीव कुमार पिता नंदकिशोर प्रसाद तीन बीघा, पप्पू कुमार पिता स्वर्गीय राम लखन प्रसाद दो बीघा, बबलू प्रसाद पिता स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद ढाई बीघा, हरि नारायण प्रसाद पिता स्वर्गीय राम प्रसाद तीन बीघा, सिद्धेश्वर प्रसाद पिता स्वर्गीय गणपत महतो डेड बीघा, बालेश्वर यादव पिता स्वर्गीय जंगी गोप डेड बीघा, शैलेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय डोमन प्रसाद दो बीघा, इसके अलावा दमनबीघा के किसान आदी का आगलगी मे फसल खाक हो गया है।आग इतनी तेज थी कि दूर तक धुएं का गुबार दिखाई देता रहा और मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। निजी पंपिंग सेट, पानी और मिट्टी के सहारे ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत की। इसी दौरान अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन घंटों बाद पहुंचा तो ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और जमकर लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए गुस्सा दिखाया। काफी देर की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक कई बीघे गेहूं की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। किसानों ने बताया की खेतों मे गिरे एलटी तार और शॉट सर्किट से आग लगी है। वहीं आग लगी की घटना के बाद कृषि पदाधिकारी ने कहा की नुकसान का आकलन तैयार कर रिपोर्ट भेजी जायेगी।

## मसौढी में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया, कार्यकर्ताओं ने घर-घर लगाया पार्टी का झंडा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर मसौढ़ी नगर मंडल में भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देव जी के द्वारा भाजपा के झंडा का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के महान संस्थापकों, वरिष्ठ नेताओं और लाखों समर्पित कार्यकताओं के त्याग, तपस्या और राष्ट्रसेवा को नमन किया। नगर अध्यक्ष आशीष देव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, विकास और गरीब-कल्याण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक सशक्त जनआंदोलन है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य काजल सिंह ने कहा पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का समर्पण और परिश्रम ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर पार्टी के भाजपा पटना ग्रामीण अनुचित मोर्चा उपाध्याय पिंटू रजक, नगर महामंत्री आलोक, संजीव, जिला मंत्री राकेश कुमार, अजय शर्मा, संजय केशरी,नगर उपाध्यक्ष शंकर चंद्रवंशी, रंजन चंद्रवंशी, सन्नी , संतोष सोशल मीडिया आलोक कुमार , सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लावारिस टेंपो से शराब बरामद, फरार तस्कर के घर चिपकाया इश्तेहार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन के केवड़ा ओपी की पुलिस ने शराब बिक्री के मामले में फरार चल रहे सप्लायर के घर पर सोमवार को इश्तेहार साटते हुए सरेंडर की चेतावनी दी है। दरअसल यह घटना बिते 27-06-2020 की है जहां पर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुबपुर सड़क के पूर्व एक लावारिस हालत में टेंपो में शराब है ऐसे में सूचना को सत्यापन करते हुए पुनपन थाने की पुलिस जांच पड़ताल की जहां पर एक लावारिस स्थिति में एक टेंपो में देसी महुआ निर्मित शराब जिसमें कई पॉलिथीन में शराब भरकर रखा हुआ था, जिसे विधिवत जांच करते हुए थाने लाया गया ,जहां थाने के पुलिस अवर निरीक्षक रामवृक्ष प्रसाद के बयान पर अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, बाद में जांच पड़ताल के दौरान अप्राथमिक कि अभियुक्त दिनेश प्रसाद यादव पिता रामचंद्र गोप साकिन रामधनी रोड शाहदरा थाना मालसलामी को बनाते हुए गिरफ्तारी को लेकर कई बार छापेमारी की गई थी,ऐसे में अब कारवाई तेज करते हुए विद्युत तौर पर अब घर पर जाकर इश्तेहार साटा गया है।

## खेत की लड़ाई में हुई थी सोनू की हत्या, मृतक के पिता ने पांच लोगों पर कराया हत्या की प्राथमिकी,देसी कट्टा बरामद

**15 वर्ष पहले हो गया था संपति का बंटवारा, फिर भी खेत को लेकर था विवाद**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ के निजामत गांव में बीते रविवार की सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर देने की घटना हुई थी, जहां रिश्ते में चचेरे दादा विजेंद्र सिंह उम्र 68 वर्ष पिता स्वर्गीय टुन्नी प्रसाद के द्वारा की गई थी, घटना के बाद मृतक के पिता भूषण यादव उम्र 50 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र सिंह निजामत के बयान पर चार लोगों पर नामजद आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। दरअसल आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा है कि मेरे चाचा विजेंद्र सिंह उम्र 68 वर्ष पिता स्वर्गीय टुन्नी प्रसाद से आपसी गोतिया का बटवारा लगभग 15 वर्ष पहले हो गया था, इसके उपरांत भी लगातार वह हम सबों से वाद विवाद गाली ग्लौज करते रहते थे,और कहते थे कि हमारा खेत और निकलता है, इसी दौरान वाद विवाद में बीते चार अप्रैल को करीब 7:00 बजे मारपीट और गाली गलौज करते हुए हमारे भैंस को दरवाजे पर से खोलकर ले जाकर अपने घर को बांध लिये,देर शाम होने के कारण इसे सुबह मे समझौता के लिए हम चले गये, वहीं इसका बेटा मुकेश कुमार गुजरात में काम करता है उसने फोन कर वीरेंद्र यादव को सोनू को गोली मारने का आदेश दिया था, सुबह में गांव के कुछ लोगों से इस पर समझौता की बात कही थी, उसी सुबह में तकरीबन 10:00 बजे हमारा बेटा सोनू कुमार विजेंद्र यादव के घर के सामने से गुजर रहा था उसी दौरान उसकी बड़ी बहू डबली देवी उम्र 40 वर्ष और पति सत्येंद्र यादव और विजेंद्र सिंह का पोता रोशन कुमार हमारे बेटे को पकड़ लिया और गौशाला में ले गए और फिर विजेंद्र प्रसाद ने पिस्तौल लेकर आए और हमारे बेटे के सीने पर गोली मार दिए, गोली की आवाज सुनकर हमारे बड़े भाई जब सत्येंद्र नारायण दौड़े तो उसे वक्त खून से लथथ था, हो हल्ला हुआ और सभी लोग भाग निकले, जिसे आनन फानन में दनियावां लेकर गये उसके बाद एनएमसीएच ले जाया गया जहां वह मृत हो गया, इस घटना के बाद विजेंद्र प्रसाद के मंजले बेटा मुकेश यादव एवं उसकी पत्नी रतनी देवी से हमारे मंझले दादा को फोन कर-के पूछा कि सोनू अभी तक मारा कि नहीं, बहरहाल इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापेमारी की इस दौरान सभी लोग घर से फरार निकले, मौके पर घटनास्थल पर एक पिस्टल को जप्त किया गया है।

## सड़कों पर इ-रिक्शा चालकों का कब्जा, बेतरतीब खड़ा करने से लग रहा जाम, लोग परेशान



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरों में बेतरतीब ढंग से ई-रिक्शा के परिचालन, गलत तरीके से पार्किंग और बीच सड़क पर सवारी उतारने/बैठाने के कारण भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। यह समस्या मसौढी स्टेशन रोड, प्रमुख चौराहों पर अधिक है, जिससे एम्बुलेंस सहित आम जनता को घंटों जाम में फँसना पड़ता है। पुलिस की मौजदगी के बावजूद, अव्यवस्थित ई-रिक्शा यातायात को बाधित कर रहे हैं। गौरतलब है की शहर के कई प्रमुख चौक-चौराहों पर इ-रिक्शा चालकों का एक तरह से कब्जा होने से आम लोगों को आने जाने में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है. ये ई-रिक्शा और ऑटो चालक शहर में सड़कों का अतिक्रमण कर सुदृढ़ ट्रैफिक व्यवस्था के लिए एक तरह से चुनौती बने हुए हैं. शहर में कई ऐसे प्रमुख स्थान हैं, जो जाम का प्रमुख स्पॉट हैं., जिसमें पोस्ट ऑफिस सब्जी मंडी के पास, सुमित्रा मार्केट, रेलवे गुमटी के पास, पूर्वी बस स्टैंड चौराहा एवं मसौढी थाना के पास और कपूरी चौक एवं संघत पर आदी कई प्रमुख स्थानों पर ई-रिक्शा अड्डा बन चुका है।, जिससे आम राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है.वहीं चौक चौराहा के बीचों-बीच ई रिक्शा चालकों के लिए अघोषित स्टैंड बन गया है. स्टेशन की तरफ से आने वाले ई रिक्शा बीच चौक पर जम जाते हैं. एक साथ तीन-चार ई रिक्शा की भीड़ लग जाती है. शाम होते ही यहां सब्जी के ठेले लग जाते हैं. कभी-कभी थाना, और नगर परिषद और ट्रैफिक पुलिस द्वारा अभियान चलाया भी जाता है, लेकिन इसके बावजूद शाम होते ही सब्जी के ठेले यहां अपना ठिकाना जमा लेते हैं. दिन में ट्रैफिक पुलिसकर्मी रिक्शा पर डंडा मारते रहते हैं, लेकिन रिक्शा चालक यहां से बिना पैसेंजर बैठाए आगे नहीं बढ़ते है। वही इस बीच आम राहगीरों का जनजीवन अस्त व्यस्त रहता है।

## भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चन्द्रहिया स्थित भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन राज द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ ह्लडॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहेंह्व तथा ह्लपंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहेंह्व के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष पवन राज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के स्थापना काल से लेकर आज तक की विकास यात्रा, संगठन की विचारधारा और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित और जनकल्याण को सर्वोपरि रखा है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन लगातार मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का आह्वान किया।इस मौके पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के कारण देश और प्रदेश में व्यापक विकास संभव हुआ है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आग्रह किया।कार्यक्रम में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्रा,पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश सिंह,उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन,मीना मिश्रा, विनोद कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष नीता शर्मा महामंत्री संजय चौधरी, मार्तण्ड नारायण सिंह,योगेन्द्र प्रसाद सोशल मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, आईटी सेल संयोजक ऋषभ झा,विधान सभा संयोजक ओम प्रकाश सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष बबलू पासवान युवा मोर्चा जिला महामंत्री सन्नी सिंह, ओबीसी मोर्चा संजय ठाकुर,पार्टी कार्यालय प्रभारी शियावर सिंह, ओबीसी मोर्चा संजय ठाकुर,शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक प्रोफेसर अरुण कुमार, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक अनिल वर्मा, कला संस्कृति मंच संयोजक सुदीप कुमार,डॉ॰ हिना चंद्रा संजय सिंह एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उक्त सारी जानकारी सह मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## पीएम श्री के तहत संस्कृत मध्य विद्यालय मसौढ़ी के वर्ग 6 से 8 के छात्र-छात्राओं का श्रीमती गिरजा कुंवर उच्च विद्यालय में हुआ संविलयन, छात्रों का हुआ विदाई





**■ अब गिरजा कुमार हाई स्कूल में कक्षा 6 से आठवीं की भी होगी पढ़ाई ■ संस्कृत मध्य विद्यालय में हुआ छात्र-छात्राओं का भव्य विदाई समारोह**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएमश्री के तहत शैक्षणिक संचालन में परिवर्तन किया गया है. पूर्व से संचालित उच्च माध्यमिक विद्यालय, जिनका चयन पीएम श्री विद्यालय के लिए किया गया है, वहां शैक्षिक सत्र से छठी से आठवीं कक्षा की भी पढ़ाई होगी. इन विद्यालयों में छठी से बारहवीं कक्षा तक को एक ही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक इकाई माना जायेगा।वही संविलियन होने वाले मध्य विद्यालय के पहले से पांचवी तक की कक्षा को स्वतंत्र इकाई के रूप में प्राथमिक विद्यालय में सम परिवर्तित माना जाएगा. इस प्राथमिक विद्यालय के लिए प्रधान शिक्षक का पद अलग से सृजित होगा।ऐसे में जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना के आदेश का पालन करते हुए सोमवार को संस्कृत मध्य विद्यालय मसौढ़ी के कक्षा 6 से 8 के छात्रा/छात्राओं और शिक्षकों को श्रीमति गिरजा कुंवर उच्च विद्यालय मसौढ़ी में संविलयन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत मध्य विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुनीता कुमारी ने फूल माला पहना कर सभी शिक्षको एवं छात्र / छात्राओं को इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी । इस अवसर पे विद्यालय के शिक्षक अमरजीत कुमार, अरविंद कुमार, मो. तारिक इकबाल, शकीला ईशा, विकास कुमार, शिव शंकर सिंह सुमन, राजीव रंजन आदि उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

**आपदा की स्थिति...**

में आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, वित्त विभाग की सचिव (व्यय) रचना पाटिल सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**स्कूल के हॉस्टल...**

की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि बच्चा करीब 1० दिन पहले ही हॉस्टल में आया था। इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर बिदु पर जांच में जुटी हुई है।

**मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् ...**

पर डायनिंग हाल किचेन, रेस्ट रूम, पेन्ट्री, स्टोर, सर्विस एरिया, शौचालय कानिर्माण किया गया है। पुस्तकालय के भूतल पर कार्यालय कक्ष, पुस्तकालय एवं शौचालय का निर्माण किया गया है। पुस्तकालय के प्रथम तल पर रिडिंग हाल, लाबी एवं स्टोर का निर्माण किया गया है। सामुदायिक केन्द्र एक ०2 मंजिला भवन है। इसके भूतल एवं प्रथम तल पर हाल, स्टोर, किचेन, लाबी, शौचालय का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सदर अस्पताल रोड के दोनों तरफ स्थित दुकान मालिकों के साथ बैठक



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)** सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने आई.एम.ए हाल में मोतिहारी सदर अस्पताल रोड के दोनों तरफ स्थित दुकान मालिकों के साथ बैठक की। बैठक में श्री सिंह ने कहा कि इन दोनों मोतिहारी शहर में सबसे ज्यादा जाम एवं एक्सीडेंट इसी रोड में हो रहा है। बैठक में उन्होंने बताया कि इस महीने में इस रोड को फोरलेन बनाने का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। दोनों तरफ के पोल बीच में लाकर डिवाइडर बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में यहां कोई दुर्घटना ना हो सके। इस अवसर पर मा. विधायक प्रमोद कुमार जी ,डिप्टी मेयर डॉ.लालबाबू प्रसाद , डॉ. सी . बी. सिंह एवं राहुल शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप चौक पर ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक के महाराणा प्रताप चौक पर अनियंत्रित ऑटो की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया। घायल की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवा गांव निवासी हरिहरनाथ उपाध्याय के 30 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार उपाध्याय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह किसी कार्य से मशरक बाजार आए थे, तभी एक अनियंत्रित ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया।

### झोटील हत्याकांड में नाबालिग समेत दो का सरेंडर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झोटील हत्याकांड में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है। मानपुर थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपी बुधन राम और एक नाबालिग ने सरेंडर किया है।उन्होंने बताया कि मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस दबाव के कारण ही फरार आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया है।इससे पहले एक आरोपी सूरजबल यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि दिनेश राम भी पूर्व में कोर्ट में सरेंडर कर चुका है।उल्लेखनीय है कि 17 मार्च को मानपुर थाना क्षेत्र के डमरापुर गांव में पंचायत के दौरान हुए विवाद में चाकू से हमला कर 15 वर्षीय झोटील कुमार की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### विधायक ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा ने सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सरदार मंगल सिंह प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय प्लस टू मैनाटांड़ तथा राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, रमपुरवा का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय प्रबंधन समिति पंजी का अवलोकन करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश प्रसाद यादव एवं हरिप्रकाश पांडे से कक्षाओं में चल रहे पठन-पाठन की जानकारी ली।विधायक ने छात्राओं से भी विद्यालय की समस्याओं के बारे में पूछताछ की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही छात्र-छात्राएं अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं।इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास तथा विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नीरज कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### नो-मैन्स लैंड से हटाया गया अतिक्रमण, हड़कंप

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भंगहा थाना क्षेत्र के गदीयानी भंगहा में नो-मैन्स लैंड पर वर्षो से किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बनाए गए घरों को हटवा दिया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों के बीच प्रशासन की सख्ती की चर्चा तेज हो गई। जानकारी के अनुसार, नो-मैन्स लैंड पर कुछ लोगों द्वारा अवैध तरीके से मकान बनाकर निवास किया जा रहा था। इस संबंध में प्रशासन द्वारा पहले भी कई बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद किसी ने आदेश का पालन नहीं किया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ सह प्रभारी अंचलाधिकारी दीपक राम के नेतृत्व में शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। प्रशासन की टीम जैसे ही मौके पर पहुंची, वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन की सख्ती के आगे उनकी एक न चली। कार्रवाई के दौरान जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रूप से बनाए गए घरों और झोपड़ियों को ध्वस्त कर दिया गया। बीडीओ दीपक राम ने बताया कि नो-मैन्स लैंड पर अवैध कब्जा करने वालों को पहले भी कई बार चेतावनी दे दी गई थी।

### मारपीट में तीन घायल

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं लाद कर घर ले जाने के दौरान हुई मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दिनेश सिंह (45), मनीषा कुमारी (16), विक्रम सिंह (70) का इलाज मैनाटांड अस्पताल में किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल दिनेश सिंह को बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। इधर दिनेश सिंह ने मैनाटांड पुलिस को आवेदन देकर बताया है कि 4 अप्रैल की शाम अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली से गेहूं लाद कर घर ले जा रहे थे। जब मैं अमीरी पटेल के घर के सामने से गुजर रहा था इसी क्रम ट्रैक्टर का अगला पहिया अमीरी पटेल के खाली जमीन पर चला गया।इसी बात को लेकर अमीरी पटेल और उसका पुरा परिवार इकट्ठा हो ट्रैक्टर को रोक दिया और गाली देकर लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। हो- हल्ला की आवाज सुनकर मेरे परिवार वाले बीच -बचाव करने आये, इसपर अमीरी एवं उसके परिवार वालों ने मिलकर मेरे एवं मेरे परिवार वालों को लाठी डंडा ईंट पत्थर से मार कर घायल कर दिए। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष सन्नी दयाल ने बताया कि सभी घायल व्यक्तियों को पुलिस के द्वारा इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान, मेडल व साइकिल देकर बढ़ाया हौसला

**मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के शीतलपुर स्थित एक शिक्षण संस्थान परिसर में इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा 2026 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं साइकिल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश पाण्डेय, समाजसेवी राजू रुद्र यादव, रिंकू कुमारी, राहुल गुप्ता तथा दाउदपुर मुखिया अभिषेक सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं स्नेहा कुमारी एवं सृष्टि कुमारी को रेंजर साइकिल देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं अन्य प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति स्पष्टता अत्यंत आवश्यक है। संस्थान संचालक सरोज कुमार ने इस अवसर पर अभिभावकों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया।



### बंद पड़े घर का ताला तोड़कर हजारों स्की सम्पति चोरी



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के सरयूपार गांव में शनिवार की रात चोरों ने नेवी के जवान के बंद पड़े घर का ताला तोड़कर हजारों रुपए मूल्य की सम्पति चोरी कर ली। घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई, जब पड़ोसियों की नजर घर के खुले पड़े मुख्य दरवाजे पर पड़ी। जब लोगों ने अंदर पहुंचकर देखा तो अलमारी, बक्से व पलंग के बॉक्स टूटे हुए थे और कपड़े तथा अन्य सामान बिखड़े पड़े थे। उसके बाद पड़ोसी कौशल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी गृह स्वामी दिल्ली में पोस्टेड नेवी के जवान सुमंत कुमार सिंह तथा डायल 112 एवं दाउदपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते हीं पुलिस मौके पर पहुंच गई और चोरी की घटना की जांच-पड़ताल की।

# वार्षिक महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन की उपलब्धि : राधामोहन सिंह

**अमर इंटरनेशनल स्कूल के 13वे वार्षिकोत्सव को सांसद ने किया संबोधित**




**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमर इंटरनेशनल स्कूल के 13वे वार्षिक महोत्सव का समारोह पूर्वक आयोजन महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह शिक्षक अभिभावक एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों के पूरे वर्ष की मेहनत अनुशासन और उपलब्धियां का एक उत्सव है। यह मंच है जहां हमारे विद्यार्थी अपनी प्रतिभा आत्मविश्वास और रचनात्मक का प्रदर्शन करते हैं। सुरेश सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता निरंतर परिश्रम,अनुशासन और सकारात्मक सोच ही आपको आपके लक्ष्य तक पहुंचती है। किसी भी महान इमारत की मजबूती उसकी नीव पर टिकी होती है और इस विद्यालय के नीव अप्रैल 2013 में मोतिहारी के बच्चों को विश्व स्तरीय और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने की विजन के साथ रखी गई थी। पिछले एक दशक से अधिक समय से यह स्कूल मोतिहारी की मिट्टी में ज्ञान की ज्योति जला रहा है। अंत में मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा की अमर इंटरनेशनल स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार है जहां सपनों को पंख दिए जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में विधायक प्रमोद कुमार, डिप्टी मेयर डॉक्टर लाल बाबू गुप्ता, विद्यालय के अध्यक्ष अमरनाथ साहू एवं अन्य शिक्षक शामिल थे। मौके पर अभिभावक एवम बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## रक्सौल में भाजपा का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, अंत्योदय के संकल्प को किया गया मजबूत



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार, 06 अप्रैल 2026 को रक्सौल स्थित कैंप कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय भव्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता देखने को मिली। इस प्रशिक्षण शिविर में रक्सौल विधानसभा क्षेत्र के आदापुर, भवानीपुर एवं गमहरिया कला मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना तथा कार्यकताओं को अंत्योदय के सिद्धांतों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने 'अंत्योदय से संतृप्ति' विषय पर विस्तार से चर्चा की और कार्यकताओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा का मूल लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय, जिला महामंत्री अजय पटेल, उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह, अखिलेश गुप्ता, प्रदीप सर्राफ तथा किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प दोहराया गया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।

## 15 अप्रैल से रेकिट (डिटॉल) के सहयोग से स्वच्छता का करेंगे शुभारंभ



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 15 अप्रैल से राकेट डेटॉल के सहयोग से हार्पिक सेफ सेंटिनेशन प्रोग्राम के तहत बच्चों एवं लोगो के बीच के लोगों के लिए हाइजीन और सैनिटेशन पर विशेष कार्य शुरू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है।परियोजना का मुख्य उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से समुदाय के लोगों के बीच स्वच्छता संबंधी आदतों को विकसित करना है। कार्यक्रम के तहत बच्चों और स्थानीय समुदाय को साफ-सफाई, हाथ धोने की आदत और सुरक्षित शौचालय उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के 75 सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। यह सफाई कार्य आधुनिक मशीनों और कुशल कर्मियों के माध्यम से किया जाएगा। जिससे स्वच्छता की गुणवत्ता में सुधार होगा । लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके साथ ही स्वच्छता सुविधाओं को बेहतर बनाने और उनके उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह पहल न केवल स्वास्थ्य सुधार में मदद करेगी, बल्कि एक स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।यह कार्यक्रम रेकिट डिटॉल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

# जिला स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति ने मासिक राष्ट्रीय कार्यक्रम में सेनानी रामकृपाल यादव को श्रद्धांजलि दी

**अप्रैल 1917 में हुए चम्पारण सत्याग्रह से राष्ट्रीय आंदोलन को शक्ति मिली : प्रो खुशनंदन सिंह**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को होनेवाले 10:00 बजे 10 मिनट शहीदों को याद करो कार्यक्रम अंतर्गत महान स्वतंत्रता सेनानी रामकृपाल प्रसाद यादव को समर्पित कार्यक्रम रविवार को चांदमारी में किया गया। अध्यक्षता प्रोफेसर खुशनंदन सिंह तथा संचालन अशोक वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शशिकला कुमारी ने राष्ट्र ध्वज फहराया उसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ तथा झंडे के नीचे सभी ने मूल्य निस्ट समाज निर्माण का संकल्प लिया' सभी ने सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया। संबोधित करते हुए स्काउट गाइड के प्रदेश अधिकारी एवं सेनानी उत्तराधिकारी रत्नेश्वरी शर्मा ने कहा कि सेनानी परिवार को व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष में उतरना चाहिए। अध्यक्षीये भाषण में प्रोफेसर खुशनंदन सिंह ने कहा कि जैसे - जैसे संगठन मजबूत होगा वैसे वैसे हम कार्यक्रमों को जोड़ते जाएंगे। उन्होंने राष्ट्रीय कमेटी द्वारा देश भर में प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को एक ही समय पर चलाए जा रहे सेनानी को याद करों कार्यक्रम को एक क्रांतिकारी कदम बताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि देशभर में यह कार्यक्रम उत्सव का रूप लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपने सेनानियों के ऋण से मुक्त तो नहीं हो सकते लेकिन हम उनके परिकल्पना का राष्ट्र निर्माण कर बहुत हद तक हल्का हो सकते हैं। दिल्ली में हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय को उन्होंने विस्तार से बताया। कार्यक्रम में सेनानी रामकृपाल यादव की पुत्री चंद्रमा यादव ने अपने पिता के त्याग, बलिदान और संघर्ष के दास्तान को विस्तार पूर्वक रखा। सम्बोधित करने वालों में रविंद्र सिंह, उमेश सिंह,संजीव साह, डॉ चंदन आदि मुख्य रूप से थे। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वालों में युवा उत्तराधिकारी चंचल कुमार, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित सेनानी परिवार के काफी लोग थे।

# छपरा में शिक्षक संघ का जिला सम्मेलन संपन्न, हक की लड़ाई के लिए एकजुट होने का आह्वान



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ, सारण की जिला इकाई का 13वां जिला सम्मेलन छपरा नगर स्थित राजेंद्र कॉलेज परिसर के वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद भवन में संपन्न हुआ। सम्मेलन में शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभूतिपुर (समस्तीपुर) के विधायक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षकों को अपनी मांगों और अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे शिक्षकों की समस्याओं को हर स्तर पर उठाते रहेंगे और उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। सम्मेलन के खुले सत्र का उद्घाटन श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। वहीं, विशिष्ट अतिथि एवं बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुबेश सिंह ने कहा कि वर्तमान नीतियां शिक्षक एवं कर्मचारी हितों के प्रतिकूल हैं, जिससे व्यापक असंतोष है। उन्होंने पुरानी पेंशन व्यवस्था समाप्त करने समेत अन्य मुद्दों पर चिंता जताते हुए एकजुट संघर्ष की जरूरत बताई। संघ के प्रदेश महासचिव तसौवर हुसैन ने संगठन की ईमानदारी और कर्मठता की सराहना की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष उदय शंकर गुड्डू ने कहा कि सभी कोटि के शिक्षकों की लंबित मांगों को संगठन मजबूती से आगे बढ़ाएगा।

## पंचायती राज योजनाओं की समीक्षा बैठक, समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को पंचायती राज विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राज्य के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने की। बैठक में विधायक विनय बिहारी, उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सौरव आलोक, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुकेश कुमार चौधरी तथा निदेशक एनईपी पुरुषोत्तम त्रिवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।समीक्षा के दौरान पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, 15वीं केंद्रीय वित्त आयोग, षष्ठम राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, उपयोगिता प्रमाण पत्र, प्रशिक्षण, आरटीपीएस, ई-ग्राम कचहरी, जिला परिषद की परिसंपत्तियों एवं भूमि से जुड़े मुद्दों, सैरातों की बंदोबस्ती तथा जिला पंचायत संसाधन केंद्र के निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मंत्री को विस्तृत जानकारी दी।बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं उसकी क्रियाशीलता, उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर उपलब्ध कराने तथा आरटीपीएस के माध्यम से योजनाओं का लाभ आम जनता तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पंचायती राज विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सभी अधिकारियों को इस दिशा में तत्परतापूर्वक कार्य करना चाहिए। वहीं, विधायक विनय बिहारी ने बैठक में सुझाव देते हुए कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भूमि की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है, जिसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाना आवश्यक है।

## गोखुला से शून्य तो हरदीटेढ़ा से 20 ने दर्ज कराई आपत्ति

***13 अप्रैल को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन***

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की दो पंचायतों में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत गोखुला एवं हरदीटेढ़ा पैक्स के मुख्य मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। इस दौरान हरदीटेढ़ा से 20 आपत्तियां प्राप्त हुई है। वही गोखुला में आपत्तियों की संख्या अभी शून्य है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह ने बताया कि हरदीटेढ़ा पंचायत से 20 व्यक्तियों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं, गोखुला पैक्स की सूची को लेकर फिलहाल एक भी आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है।बीडीओ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत या दावा पेश करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। बीडीओ श्री सिंह ने कहा कि 10 अप्रैल तक प्राप्त सभी आपत्तियों की जांच कर उनका विधिवत निष्पादन किया जाएगा। इसके पश्चात 13 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिसके आधार पर आगामी पैक्स चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। प्रशासन ने सभी संबंधित किसानों और सदस्यों से अपील की है कि वे समय रहते सूची में अपने नाम की जांच कर लें। बता दे कि प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार हरदीटेढ़ा पैक्स में कुल मतदाता 2725 है, वही गोखुला पैक्स में कुल मतदाताओं की संख्या 1999 है।

## कचरा डंपिंग स्थल से उठते धुएं पर भड़का जनाक्रोश, महापौर ने लिया जायजा



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र के पीपरा स्थित कचरा डंपिंग जोन से पिछले एक माह से उठ रहे जहरीले धुएं और दुर्गंध से परेशान लोगों में बढ़ते आक्रोश के बीच सोमवार को महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने स्थल का जायजा लिया। इस दौरान महापौर ने कचरों के पर्यावरण अनुकूल निष्पादन और सुरक्षित रख-रखाव को अनिवार्य बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विभिन्न वार्डों से प्रतिदिन एकत्रित कचरे को निर्धारित घेराबंदी के अंदर ही डंप किया जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो।महापौर ने पाया कि कचरे का फैलाव राष्ट्रीय उच्च पथ-727 तक हो रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रबंधक के अनुपस्थित रहने पर उन्हें तलब किया गया। वहीं, स्वच्छता प्रभारी मोहम्मद तबरेज आलम और जुलुम साह को नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।महापौर स्वयं मौके पर मौजूद रहकर जेसीबी, पोकलेन और हाइवा मशीनों की मदद से कचरे को व्यवस्थित ढंग से हटवाया।

# शिक्षा की नई उड़ान : बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का हुआ शुभारंभ



**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपनी सांस्कृतिक पहचान और तेजी से बढ़ती शिक्षा व्यवस्था के लिए जाना जाने वाला छपरा अब अच्छी शिक्षा का एक नया केंद्र बन रहा है। इसी दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन बड़े उत्साह और सम्मान के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में कई खास मेहमान, शिक्षक और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छपरा (बिहार सरकार) की विधायक श्रीमती छोटी कुमारी थीं। रिबन काटने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र राय मौजूद रहे। इसके अलावा द्वितीय अतिथि के रूप में श्रीमती छोटी कुमारी (निदेशक), सुश्री रूबी ब्याहुत, श्री आर. एस. प्रसाद और बिरला समूह के कई प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। समारोह के दौरान कई आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई, जिनमें देशभक्ति पर आधारित नृत्य, भव्य ग्रैंड फिनाले सांस्कृतिक नृत्य और एरोबे टीम द्वारा प्रस्तुत रोमांचक एयर शो शामिल था, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती छोटी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा, छपरा में बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना भविष्य की पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे संस्थान युवा मन को आकार देने और समाज की मजबूत नींव तैयार करने में अहम भूमिका निभाते हैं। मैं पूरी टीम को इस पहल के लिए बधाई देती हूं और स्कूल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। वहीं, बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एवं सीओओ श्री यथार्थ गौतम ने कहा, हमारा उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां विद्यार्थी सोचने, खोजने और कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित हों। छपरा में इस स्कूल के माध्यम से हमारा लक्ष्य है कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार और जीवन के जरूरी कौशल भी सिखाए। यह स्कूल इस क्षेत्र में शिक्षा के नए सफर की शुरूआत है। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों, कलाकारों और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया, जिन्होंने इस उद्घाटन समारोह को सफल और यादगार बनाया।

## कोटवा में दो भाइयों के आपसी विवाद में गोलीबारी, एक की मौत, एक घायल



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में सोमवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया जहां आपसी विवाद में एक भाई ने दूसरे भाई को गोली मार दी और खुद भी आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार कोटवा निवासी सेवा निवृत नागालैंड पुलिस किस्मत मियां के पुत्र 25 वर्षीय कासिम मियां को उसी का बड़ा भाई फिरोज आलम ने गोली मार दी। गोली कासिम के पीठ में लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया और वह खतरे बाहर है।कासिम मियां कोटवा पीएचसी नाइट गार्ड का काम करता है। वहीं उसका बड़ा भाई 27 वर्षीय फिरोज आलम जो एक मॉल में सेल्समैन था, ने घटना के बाद खुद को गोली मारने के साथ ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि फिरोज आलम की शादी पांच वर्ष पूर्व चकिया थाना क्षेत्र में हुई थी और वह वैवाहिक जीवन से खुश नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही कोटवा पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। घर का दरवाजा अंदर से बंद था,काफी मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से दरवाजा खोला गया।अंदर फिरोज फिरोज प्लास्टिक की रस्सी के फंदे से लटका मिला, उसके सिर में गोली का निशान भी था।

CMYK

# एनएसएस से सीख लेकर समाज की बेहतरी के लिए करें काम : प्रो कुमारी सुदामा यादव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कॉलेज पहुंच रही छात्राओं के जज्बे को सलाम है। राष्ट्रीय सेवा योजना से सीख लेकर समाज की बेहतरी के लिए काम करें। मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता खुद है। उक्त बातें कहलगांव शहर स्थित एसएसवी कॉलेज परिसर में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. कुमारी सुदामा यादव (डीन,सामाजिक विज्ञान, तिलकामांझी विश्वविद्यालय भागलपुर) ने अपने भावुक संबोधन में कहीं। प्रो सुदामा यादव ने कहा कि वर्तमान दौर में बेटियां न केवल घर व समाज की बंदिशों को तोड़ रही हैं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जो महिला सशक्तिकरण का संकेत है। उन्होंने छात्राओं की उपस्थिति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर कालेज आना आज भी बेटियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। छात्राओं को गंगा सफाई, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं एनसीसी कैडेट के रूप में सक्रिय देखकर गर्व होता है। आज की युवा पीढ़ी को




तकनीक एवं सोशल मीडिया के जाल से सचेत करते हुए उन्होंने कहा कि गूगल और इंटरनेट जानकारी तो दे सकते हैं। लेकिन संस्कार और सही ज्ञान केवल गुरु और किताबें ही दे सकते हैं। स्वामी विवेकानंद एवं रामधारी सिंह दिनकर की कुछ पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है। उन्होंने एनएसएस के लक्ष्य की चर्चा करते हुए कहा कि जब तक हम 'मैं' से ऊपर उठकर हम और समाज के बारे में नहीं सोचेंगे, तब तक हमारी शिक्षा अधूरी ही है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि वर्तमान नेतृत्व के कारण आज विश्वविद्यालय एनएसएस के क्षेत्र में बिहार और झारखंड में एक 'नोडल सेंटर' के रूप में उभरा है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने भावुक होते हुए अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि वे खुद इस कालेज की छात्रा रह चुकी है। और इस संस्थान से आत्मिक जुड़ाव महसूस करती है। कालेज के प्राचार्य डा राजेश कुमार मिश्र ने स्वागत भाषण में कहा कि एनएसएस की चार युनिट को बढ़ाने का प्रयास होगा। यह संस्थान समाज के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहा है। एनएसएस के युनिट एक के पीओ डा अजय सिंह ने कहा कि इस शिविर से कुलकुलिया गांव के लोगों को जागरूक किया गया है। युनिट दो के पीओ उमाशंकर पासवान ने कहा कि कुलकुलिया गांव को गोद लेकर लोगों को इस शिविर के जरिए विभिन्न सामाजिक मुद्दे की जानकारी दी गयी। रणधीर चौधरी ने छात्रों को अनुशासित होकर शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत कालेज के कुल गीत की प्रस्तुति व दीप प्रज्वलित कर की गयी। मंच संचालन डा आनंद सौमित्र व धन्यवाद ज्ञापन डा नमन कुमार ने किया।

## ठनका गिरने से ताड़ के पेड़ में लगी आग, ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगबाद)।** रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के चेव शेरपुर गांव में रविवार को आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से एक ताड़ के पेड़ में आग लग गई। यह घटना बंगाली यादव के मकान से करीब 100 मीटर की दूरी पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गर्जना के साथ ठनका गिरते ही ताड़ का पेड़ धू-धू कर जलने लगा, जिससे आसपास के घरों में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें पास के मकानों तक पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गाँव के लोग एकजुट हो गए और तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने बाल्टी, पानी और अन्य संसाधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूझबूझ और एकजुटता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और आसपास के घर सुरक्षित बच गए।

# विजय कुमार सिन्हा ने की समीक्षा बैठक, स्वच्छता और अतिक्रमण हटाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री भोजपुर विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा उपमुख्यमंत्री, बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं जगदीशपुर विधायक भगवान सिंह कुशवाहा को पौधा भेंट कर की गई। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी ने जिले में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि शहर के अस्पताल, बस स्टैंड, मुख्य बाजार समेत सभी प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए तथा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों




का उपयोग किया जाए। उन्होंने कचरा उठाव की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने नगर निगम की भूमि पर अवैध होर्डिंग और पार्किंग पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि अनुमति केवल निर्धारित शुल्क के आधार पर ही दी जाए और उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाए। सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए नगर आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी को संयुक्त कार्रवाई करने को कहा गया। नमामि गंगे परियोजना के तहत बड़हरा और शाहपुर में मोक्षधाम निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। वहीं, सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व मामलों की समीक्षा में उपमुख्यमंत्री ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, अंचल कार्यालय में ही भूमि विवादों की सुनवाई सुनिश्चित करने तथा भूमि माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक भोजपुर राज, उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अपर समाहर्ता सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकास कुमार सिंह ने 18वीं बार किया रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगबाद)।** रफीगंज के समाजसेवी सह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में प्रखंड अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सहायक के पद पर कार्यरत विकास कुमार सिंह ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अब तक 18 बार रक्तदान कर समाज में एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित किया है। उनका यह सराहनीय कार्य न केवल जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान साबित हुआ है, बल्कि आम लोगों के बीच रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रहा है। विकास कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि रक्तदान पूरी तरह



सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। उनके इस नेक कार्य से प्रेरित होकर क्षेत्र के कई युवा भी रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समाजसेवी ही समाज को नई दिशा देने का कार्य करते हैं। रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विकास कुमार सिंह लगातार लोगों से संपर्क कर उन्हें इस पुनीत कार्य में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## गर्मी के दस्तक देते ही पानी का किल्लत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गर्मी की तापिश शुरू हो गई और शुरुआती दौर में ही चापाकल से पानी सूखने लगे है हैजो चापाकल सही है, उसमे भी पानी की मात्रा कम आने लगी है, ग्रामीणों की माने तो वैसे चापाकल भी बंद होने का संकेत दे रहा है। ग्रामीण अरुण सिंह, उपमुखिया जावेद अख्तर, अजय विश्वकर्मा ने बताया की गर्मी के शुरुवाती दौर में ही पानी की किल्लत हो गई है तो आने वाले भयंकर गर्मी के दिनो में क्या हाल होगी, आसपास के नहरों में भी पानी उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण ग्रामीण परेशान है। ओबरा प्रखंड के बेल गांव में दर्जनों घर में नल जल स्तर नीचे चले जाने के कारण चापाकल बंद हो गए है। साथ ही मध्य विद्यालय बेल के समीप शिव मंदिर परिसर में लगे चापाकल से पानी आना बंद हो गया है। इस संबंध में पीएचडी के कर्मी को सूचना दी गई है, इस तरह अन्य क्षेत्रों मे भी चापाकल से पानी नहीं आने की शिकायत मिल रही है।

# सुलहनीय वादों का कराएं निपटारा 9 मई को लगेगा लोक अदालत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** फेसर थाना अंतर्गत इब्राहिमपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं उनसे संबंधित विभिन्न कानूनों के साथ-साथ नालसा स्कीम 2016 विषय पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम में प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता लालमोहन सिंह एवं अर्द्धविधिक स्वयंसेवक विनय कुमार ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आदर एवं सम्मान का भावना रखने हेतु, लोगों को जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि वरिष्ठ नागरिकों के प्रति किसी तरह का दुर्व्यवहार करने पर शख्त कानूनी प्रावधान किये गये है। चाहे वह घर का मामला हो या कहीं और न हो, इसके साथ-साथ उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत जो आगामी 9 मई को होने जा रहा है। इसमें भी लोगों से यह अपील की गई, यदि उनका कोई वाद सुलहनीय प्रकृति का हो, उसका निस्तारण करायें। यदि उनके वाद में किसी तरह की मध्यस्थता की आवश्यकता है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अंतर्गत मध्यस्थता राष्ट्र के लिये 2.0 चलाया जा रहा है। उसमें अपने वाद को लाये, अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय या प्राधिकार से संपर्क स्थापित कर मध्यस्थता का लाभ लेकर वाद का निस्तारण सुलभ रूप से करायें।

# महिला फुटबॉल का रोमांच, बंगाल ने जीता खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफ़ीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के आरबीआरएच खेल मैदान में टाउन टीम द्वारा आयोजित महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को बेहद रोमांचक रहा। खिताबी भिड़ंत में बंगाल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 2-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद को किक मारकर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल है। फाइनल मुकाबले में बंगाल की टीम शुरुआत से ही




आक्रामक रही और दो बेहतरीन गोल दागकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। मध्यप्रदेश की टीम ने वापसी की कोशिश की, लेकिन बंगाल की मजबूत डिफेंस के सामने सफल नहीं हो सकी। मैच के अंत में रविवार को रात्रि विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रफीगंज में आयोजित इस महिला फुटबॉल प्रतियोगिता ने खेल के प्रति महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और उत्साह का शानदार संदेश दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर लाल कुशवाहा, मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन सिंह, पूर्व जिला पार्षद अजय पासवान समेत सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# होम्योपैथिक अस्पताल बना खींचतान का अखाड़ा मरीज गेट पर भटके

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर (भोजुपर)।** स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड संख्या आठ स्थित राजकीय होम्योपैथिक औषधालय इन दिनों अव्यवस्था और प्रशासनिक खींचतान का केंद्र बन गया है। सोमवार को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे तक अस्पताल का मुख्य गेट नहीं खुल सका। अस्पताल परिसर के बाहर ही डा. सुनील कुमार मरीजों के साथ बैठे नजर आए। जिससे इलाज के लिए पहुंचे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल समय पर नहीं खुलने के कारण दूर-दराज से आए मरीजों को बिना इलाज और दवा के ही लौटना पड़ा। कई मरीजों ने बताया कि वे सुबह से ही लाइन में खड़े थे। लेकिन अस्पताल बंद रहने के कारण उन्हें निराश होकर वापस जाना पड़ा। खासकर बुजुर्ग और महिलाओं को ज्यादा दिक्कत हुई। इस संबंध में अस्पताल में पदस्थापित डा. सुनील कुमार ने बताया कि स्टाफ की भारी कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि एक डाक्टर अकेले सभी कार्य नहीं संभाल सकता। मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन उपलब्ध कर्मियों को जिला स्तर पर प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। हालांकि पिछले कुछ महीनों से एक कंपाउंडर को विभिन्न आरोपों के चलते जिला मुख्यालय में प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। जबकि दूसरे चपरासी को भी तीन दिनों के लिए जिला में भेज दिया गया है। ऐसे में अस्पताल में नियमित कार्य संचालन प्रभावित हो गया है। इधर स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोगों का कहना है कि अस्पताल के कुछ कर्मियों और जिला के अधिकारियों की मिलीभगत से दवाओं और अन्य सामानों की अनियमितता हो रही है। आरोप है कि अस्पताल का कुछ सामान कर्मियों द्वारा अपने घर ले जाया गया और जांच के नाम पर केवल लीपापोती कर दी गई। मामले को लेकर जिला देसी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रेमचंद प्रसाद ने कहा कि अस्पताल समय पर नहीं खोलने के मामले में संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साथ ही पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यकर्ताओं को दी गई संगठनात्मक और वैचारिक प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत हसपुरा उत्तरी मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग ग्राम गवसपुर (फिरूं) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर तथा 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गान के साथ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के इतिहास एवं विकास, वैचारिक अधिष्ठान, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, कार्यपद्धति, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, नमो ऐप एवं सरल ऐप जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की




मजबूती और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गोह विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. रणविजय सिंह, जिला महामंत्री विशाल वैभव उर्फ टैगोर, पूर्व जिला महामंत्री रविशंकर शर्मा, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, अति पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नंदन यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार लाला सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार रखे। इसके अलावा पूर्व जिला कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र कुमार (विधायक जी), विजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष पिंटू शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष राधिका सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विशाल उपाध्याय समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# रेल टिकट में सीनियर सिटीजन छूट बहाल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन का 24वां वार्षिक अधिवेशन आरा के रेड क्रॉस सभागार में राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन महापौर इंदु देवी, डिप्टी मेयर पूनम देवी, पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश सहित कई गणमान्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। अधिवेशन में बिहार सहित तीन राज्यों से लगभग 500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके अनुभव से समाज को दिशा मिलती है। उन्होंने संगठन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं, राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद सिंह ने केंद्र सरकार से कोविड काल से पूर्व सीनियर सिटीजन को रेल टिकट में मिलने वाली छूट को शीघ्र बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि यह मांग पूरी नहीं की गई तथा आयुष्मान कार्ड की आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष नहीं की गई, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन करेगा। कार्यक्रम में समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री डॉ. भीम सिंह भवेश को सम्मानित किया गया। इस दौरान एक पत्रिका का भी लोकार्पण किया गया। अधिवेशन में विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार रखे और वरिष्ठ नागरिकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

# वरिष्ठ कथाकार व जनपथ के संपादक अनंत कुमार सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजुपर)।** जनपथ पत्रिका के संपादक व वरिष्ठ कथाकार अनंत कुमार सिंह का आज उनके पैतृक गांव बहेरा (गया) में एक लंबी बीमारी के बाद हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन के समाचार से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। अनंत कुमार सिंह आरा-भोजपुर के साहित्यिक और सांस्कृतिक गलियारों में लगभग चार दशकों तक रचनात्मक रूप से सक्रिय रहे और अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इस दुख की घड़ी में आरा और आसपास के साहित्यकारों व संस्कृतिकर्मियों ने एक शोक सभा आयोजित कर एक मिनट का मौन रखा और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मृति सभा का संयुक्त आयोजन जनवादी लेखक संघ (जलेस), प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेस) व जन



संस्कृति मंच (जसम) आरा के साथ-साथ 'जनपथ' के संयोजक मंडल व स्थानीय साहित्यकारों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने अनंत जी के योगदान को याद करते हुए उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया। कथाकार नीरज सिंह ने उनके रचनात्मक संघर्ष और प्रकाशकीय चेतना का विस्तार पूर्वक जिक्र किया। कवि-कहानीकार जितेंद्र कुमार व ओम प्रकाश मिश्र ने भी क्रमशः उनके जन सरोकारों तथा रचनात्मक जीवटता की याद दिलाई। इस अवसर प्रो. रविंद्र नाथ राय, श प्रो. दिवाकर पाण्डेय, प्रो. अयोध्या प्र. उपाध्याय, प्रो. बलिराज पाण्डेय, प्रो. मृत्युंजय सिंह, प्रो. नवनीत राय, सुमन कुमार सिंह, संतोष श्रेयांश, जितेंद्र शुक्ल, जनार्दन मिश्र, राजाराम प्रियदर्शी, ओमप्रकाश मिश्र, सुनील चौधरी, शिवदान सिंह, सूर्यप्रकाश, अमित मेहता, विक्रांत कुमार, राकेश ओझा 'गुड्डू', डा. शीलभद्र, अनिरुद्ध कुमार सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, कन्हैयाजी, रेणु मिश्र तथा ममता मिश्र आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## आपसी विवाद को लेकर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चौबड़ा बड़गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान मोहम्मद सदाब के रूप में हुई है, जिसका इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इस संबंध में मोहम्मद मंजूर ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गांव के ही मोहम्मद इबरार, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद रशीद मियां, मोहम्मद एजाज एवं मोहम्मद आलम को नामजद आरोपी बनाया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। नामजद आरोपी मोहम्मद रशीद मियां एवं मोहम्मद एजाज साहिल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** खनन निरीक्षक मो इकबाल हुसैन ने रफ़ीगंज गोह रोड में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना को सुपुर्द किया।साथ ही ट्रैक्टर चालक नैकी गांव निवासी शशि भूषण यादव को भी हिरासत में लेते हुए थाना को सुपुर्द किया।खनन निरीक्षक ने बताया कि रफीगंज गोह रोड में मखदुमपुर गांव के पास एक ट्रैक्टर अवैध बालू लदा रफीगंज की ओर आ रहा था।छापेमारी के दौरान सतर्कता से चालक को गिरफत में लेकर लोड पीला बालू से संबंधित पुछताछ किया गया। चालक द्वारा पील बालू से संबंधित किसी भी तरह कोई भी काला प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे प्रतीत होता है कि अतैध रूप से पीला



बालू लोड कर प्रेषण/परिवहन किया जा रहा है जो बिहार खनिज (समानु अवैध कनक परिवहन भण्डारण निवारण) नियमावली 2013 प्रथा संशोधीत 2024 के नियम, 11, 41, 4356 (2) को उल्लंघन किमा गया है जो नियम 56(2) के तहत दण्डनीय है। उक्त ट्रैक्टर ट्रेलर को पीला बालू सहित जब्त कर सुरक्षार्थ रफीगंज थाना सुपुर्द किया गया। साथ ही चालक को भी गिरफ्तार कर थाना को सुपुर्द किया गया।

# शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल उमगा पहाड़ पर प्रसिद्ध उमंगेश्वरी शक्तिपीठ के प्रांगण में शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को जल भरी कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शतचंडी महायज्ञ उमंगेश्वरी शक्तिपीठ पीठाधीश्वर बाबा बालमुकुंद पाठक के नेतृत्व में यह कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जल भरी कलश शोभा यात्रा माता उमंगेश्वरी मंदिर से उमगा सूर्य कुंड तालाब जहां से धार्मिक अध्यात्मिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से विधिवत श्रद्धालु भक्तों द्वारा जल भरी किया गया। इसके बाद वहां से पचरंगी बाजों ढोल सिंघा मोर डफ़ली बांसुरी बजा की धुन और धार्मिक नारों की




गुंजयमान से पुरे वातावरण भक्तिमय बना रहा। आचार्य रूपेश पाठक के द्वारा मंत्रों उच्चारण के साथ विधिवत पूजन किया गया। कलश यात्रा में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ढोल बाजे और बांसुरी के धुन से माहौल भक्तिमय हो गया। यज्ञ का शुभारंभ धार्मिक ध्वजारोहण के साथ पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश एवं रात्रि में अग्नि मंथन से अग्नि प्राकट्य के साथ होगा, जो 10 अप्रैल तक चलेगा। 11 अप्रैल को भंडारा एवं प्रसाद वितरण होगा। यज्ञ के दौरान 6 अप्रैल से 10 अप्रैल तक रात्रि में कथा वाचक डॉ मनोहर मिश्र के द्वारा प्रवचन एवं मथुरा से पहुंचे राधा रसिक बिहारी लीला संस्थान के द्वारा रासलीला कृष्ण भगवान का जन्म की लीला दिखाई जाएगी। उमंगेश्वरी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर बालमुकुंद पाठक ने बताया कि इस महायज्ञ में उच्च कोटि के आचार्य, विद्वान प्रवचनकर्ता एवं सिद्ध महात्माओं का आगमन होगा।

## शराब मामले में वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** शहर के हाजीपुर गोला में कांड संख्या 697/24 से जुड़े शराब मामले में फरार चल रहे वारंटी गणेश भुईया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही वारंट जारी था और वह लंबे समय से फरार था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपित को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पीएनबी के नये मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार ने दिया योगदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजुपर)।** पंजाब नैशनल बैंक आरा मण्डल के नये मण्डल प्रमुख के रूप में उत्पल कुमार ने अपना योगदान दिया। पूर्व मण्डल प्रमुख संदीप डोंगरे का स्थानांतरण रायपुर अंचल में हुआ है। विदित हो कि नये मण्डल प्रमुख श्री कुमार बिहार के मधुबनी जिला के रहने वाले है तथा ये गुडगांव से स्थानातंरण एवं पदोन्नति के उपरान्त मण्डल प्रमुख के रूप में अपना योगदान किये



है। मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने नये मण्डल प्रमुख का स्वागत करते हुए कहा कि वे नये लक्ष्यों को प्राप्त करने में हर संभव सहयोग करेंगे। नये मण्डल प्रमुख उत्पल कुमार को उप मण्डल प्रमुख सुनील कुमार सिन्हा द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। मंडल प्रमुख ने कहा कि वे मंडल के साथियों के साथ मिलकर संस्थान द्वारा दिए जाने वाले हर दायित्व को सुगमता पूर्वक निर्वह्न करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

**बरारी (नबिटासं)।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस सोमवार को ललिता विवाह भवन में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरारी मंडल मुख्यालय अध्यक्ष विक्की कुमार साह के नेतृत्व में झंडोत्तोलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यकताओं ने डॉ. श्यामा



प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पार्टी की विचारधारा,संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष विक्की कुमार साह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व और संकल्प का दिन है। उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्रहित, विकास और अंत्योदय के सिद्धांतों पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियां और सिद्धांत देश के समग्र विकास को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।इस अवसर पर महामंत्री गुड्डू गुप्ता, उपाध्यक्ष पंचानंद झा, राजकुमार पंडित, मुकेश कुमार गौतम भगत, मंडल प्रभारी ग्रामीण महेश चौधरी, राजीव भारती ,राजेश रजक,चन्द्रदेव मंडल,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, विजय झा, महेंद्र चौधरी, तेग सिंह बाले, अमित भारती, विनोद यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डीएम ने की बाल श्रम निषेध टॉस्क फोर्स व जिला बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा

**कटिहार (नबिटासं)।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक जिला बाल श्रम निषेध टास्क फोर्स एवं जिला बाल बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा की गई। बाल श्रम विमुक्त कराये गये बालकों की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को होटलों, ढाबों, दुकानों, ईंट भट्ठों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम से जुडे बच्चों का रेस्क्यू



करने का निर्देश दिया।वहीं उन्होंने सरकार द्वारा निर्धारित राहत की राशि ससमय बच्चों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किये जाने की भी बात कही। इसके लिए ससमय सभी लाभुकों का खाता खुलवाना सुनिश्चित किया जाय।डीएम ने श्रम अधीक्षक को बाल श्रम विमुक्त कराये गये 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि उनका विद्यालयों में नामांकन कराया जा सके।साथ हीं उन बच्चों को पुनर्वासित कराने का निर्देश भी दिया गया। निदेश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने उन बच्चों के परिवार को राशन कार्ड,आवास की भूमि, रोजगार उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य जैसी अन्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए विभागों से व्यक्तिगत रूप से समन्वय स्थापित कर समस्या की परिस्थिति में उन्हें तत्काल अवगत कराये जाने की बात कही।परवरिश योजना की समीक्षा केषदौरान जिला पदाधिकारी ने सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को सभी अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को परवरिश योजना से आच्छादित करने के साथ अनाथ बच्चों के सर्वे में पाए गए योग्य बच्चों को परवरिश योजना से जोड़ने एवं विद्यालय में नामांकन कराने का भी निदेश दिया ।वहीं बाल एवं बालिका गृह के बच्चे, बच्चियों का यथाशीघ्र पुनर्वासन हेतु बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को निर्देश दिया गया। डीएम ने थानाध्यक्षों को पॉक्सो पीड़ित बच्चियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित कराने हेतु सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया ताकि उन्हें सरकारी लाभ एवं सपोर्ट पर्सन मुहैया कराया जा सके। उन्होंने अवासित बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए वृहद आश्रय गृह में मासिक शिविर लगाने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमित कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय प्रशाखाअभिषेक किशोर,श्रम अधीक्षक पीटर मिंज, जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी,सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई रवि शंकर तिवारी, प्रभारी पदाधिकारी सहित संबंधित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

### मृतकों के परिजनों को दी सांत्वना

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी हाजी अख्तर हुसैन के निधन की खबर सुनकर अगले दिन शाम को अपने सहयोगियों के साथ मुस्लिम टोला,डंडखोरा स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक जताते हुए परिवार जनों को सांत्वना दी। सांसद ने परिजनों को भरोसा दिया कि हर कठिन समय में वे उनके



साथ खड़े मिलेंगे।उन्होंने मृतक के पुत्र अजहरुद्दीन अख्तर और शहाबुद्दीन अख्तर से विशेष बातचीत की। सांसद ने कहा कि हाजी अख्तर हुसैन के साथ वर्षों का व्यक्तिगत लगाव रहा।दिवंगत अख्तर हुसैन का निधन उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। सांसद ने दिवंगत के प्रति शोक प्रगट करते हुए परिजनों को इस मुश्किल की घड़ी में साहस और धैर्य बनाए रखने तथा उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने की सलाह दी। इस दौरान कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुनील यादव, वरिष्ठ नेता दिलीप विश्वास, शाहनवाज खान, काजिम इरफानी, मो.जफर सहित आबिद हुसैन, शेख साबिर, मंसूर आलम, मो.फकीरूद्दीन, मो मिट्ठू आलम सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।उसके बाद सांसद शकरपुर स्थित दिवंगत मीर इस्लाम के घर भी पहुंचे।जहाँ उनके पुत्र तकिब अहमद एवं शिक्षक तौफीक अहमद उर्फ लडडू से मिलकर उनके पिता के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद ने हाजी अख्तर हुसैन और मीर इस्लाम की समाजसेवा और राजनीतिक क्षेत्र के योगदान की चर्चा कर शोक प्रकट किया।

# जमीनी विवाद में एक को गोली लगी, दो जखमी

## खेत में दौनी के दौरान हमला, फायरिंग से इलाके में दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर ।** थाना क्षेत्र के जोकिया बहियार में सोमवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस घटना में एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान रसलपुर गांव निवासी स्वर्गीय जितेंद्र चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी, उमेश चौधरी तथा उपेंद्र चौधरी के पुत्र संतोष चौधरी के रूप में की गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, रसलपुर गांव के सोनू चौधरी के साथ कई वर्षों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह करीब 12 बजे उपेंद्र चौधरी अपने करीब साढ़े 9 बीघा खेत में कटे गेहूं की दौनी करने गए थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें उपेंद्र चौधरी के पैर में गोली लग गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर एसपी मनीष कुमार, डीएसपी कृष्ण कुमार, इंस्पेक्टर जयप्रकाश यादव और थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर सहित कई थानों की पुलिस टीम पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटनास्थल से पुलिस ने एक जिंदा कारतूस और एक खोखा भी बरामद किया है।घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है फिलहाल पुलिस ने इलाके में छापेमारी तेज कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** परिहारा थाना क्षेत्र में रविवार की देर शाम अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।मिली जानकारी के अनुसार परिहारा गांव निवासी स्वर्गीय राजेंद्र सहनी के लगभग 29 वर्षीय पुत्र बिरजू सहनी की रविवार देर शाम अपराधियों ने हत्या कर दी। बताया जाता है कि बिरजू खाना खाने के बाद मोइन नदी बांध पर टहलने के लिए गया था।

इसी दौरान अपराधियों ने उसे पकड़ लिया और बांध के नीचे ले जाकर बेरहमी से पिटाई करने के बाद गोली मार दी।जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के संबंध में मृतक की बहन रानी ने बताया कि उसका भाई शाम में खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन करते हुए मोइन बांध पहुंचे, जहां बिरजू खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा मिला। इसके बाद परिजनों ने तत्काल परिहारा थाना पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार, मृतक की पत्नी भावना लगभग सात महीने की गर्भवती है। वह अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए करीब डेढ़ माह पहले बेंगलुरु से घर लौटा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।मृतक की बहन ने यह भी बताया कि वर्ष 2015 में इसी स्थान पर उनके पिता राजेंद्र सहनी की भी हत्या कर दी गई थी। आशंका जताई जा रही है कि पिता के हत्या मामले में गवाह रहने के कारण अपराधियों ने बिरजू की हत्या की है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पुलिस लगातार शराब माफिया के विरुद्ध छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने महेशवाड़ा से विदेशी शराब तथा देसी चुलाई शराब भी बरामद किया है। बरामद विदेशी शराब में 375 एम एल रॉयल स्टैग प्रीमियर ह्विस्की की 56 बोतल कुल मिलाकर 21 लीटर तथा हल्का हरे रंग का प्लास्टिक के जार में 15 लीटर देसी चुलाई शराब है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि रविवार की शाम गुप्त सूचना मिली कि महेशवाड़ा के कैलाश सिंह के पुत्र राहुल कुमार के बथान पर विदेशी तथा देसी चुलाई शराब बेचने के लिए छिपाकर रखा गया है। सूचना स्थल पर दलबल के साथ छापामारी के क्रम में उक्त शराब बरामद कर जब्त किया गया।

# नशे के खिलाफ 13 केस दर्ज, भारी मात्रा में नशीली पदार्थ बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत सभी अनुमंडल पदाधिकारी शामिल हुए, जबकि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पटना के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान बताया गया कि पिछले माह जिले के विभिन्न थानों में मादक पदार्थों से जुड़े कुल 13 मामले दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 70.33 किलोग्राम गांजा, 73.99 ग्राम स्मैक, 84.1 लीटर कफ सिरप, 270 निट्राजेपम टैबलेट और 16 पेंटाजोनिक इंजेक्शन बरामद किए गए। इस मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

औषधि निरीक्षक द्वारा 82 दवा दुकानों की जांच की गई, जिसमें 11 दुकानों में नियम उल्लंघन पाए गए। इन पर स्पष्टीकरण और निलंबन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।बैठक में जिला पदाधिकारी ने मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्पाद विभाग, वन विभाग और पुलिस को संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में छापेमारी करने को कहा। कांवर झील और जयमंगलागढ़ क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए अवैध शराब और नशीले पदार्थों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।रेलवे स्टेशनों और आसपास के इलाकों में भी ड्रग्स के खिलाफ लगातार अभियान चलाने को कहा गया। हालांकि जिले में अवैध गांजा या अफीम की खेती की कोई सूचना नहीं है, फिर भी ड्रोन के माध्यम से सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि सदर अस्पताल में नशा मुक्ति के मरीजों के लिए 4 बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। जिला पदाधिकारी ने इसकी समुचित व्यवस्था और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी अनुमंडलों में ड्रग्स की पहचान के लिए आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु एनसीबी से मांग करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक को इन उपकरणों के संचालन के लिए विशेष सेल गठित कर कर्मियों को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। साथ ही मादक पदार्थों से जुड़े अपराधियों का डाटाबेस तैयार करने, आईबी से समन्वय स्थापित करने और सीसीटीएनएस में प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने लंबित मामलों के त्वरित अनुसंधान और आरोप-पत्र दाखिल कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने पर जोर दिया। यह जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# भाजपा मंडल नावकोठी ने मनाया 47 वां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** नावकोठी प्रखण्ड भाजपा मंडल के समसा पंचायत में सरपंच बाबू साहेब कुंवर के दरवाजे पर सोमवार को भाजपा का 47वा स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो ने की तथा संचालन महामंत्री दीपक कानू ने किया। मंडल एवम पंचायत के सभी पदाधिकारीगण तथा कार्यकर्ता इस समारोह में भाग लिया। महामंत्री दीपक कानू ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और भाजपा के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता के बल पर ऐसा सम्भव हुआ। भाजपा में अनुशासन की परंपरा ही भाजपा को एक बेहतर पार्टी बनाया। वहीं भाजपा अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो ने कहा कि भाजपा हमारे पूर्व प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरगामी सोच और विचार से आज सबसे बड़ी पार्टी बन गयी है। भाजपा पार्टी का गठन 1925 में हुआ। 100 वर्ष पूरा करने के बाद यह देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी। भाजपा हमेशा कार्य कताओं कि पार्टी रही है। मौके पर समसा सरपंच बाबू साहेब कुंवर, महामंत्री अजीत सिह, पूर्व महामंत्री कपिलदेव पोद्दार, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी गोस्वामी, उपाध्यक्ष संगीता देवी, भूषण कुँवर, राजेश महतो, बबली कुमारी, राजेश कुमार, अभिषेक कुमार, धीरज कुमार, अमजद खान मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** एपीएसएम कॉलेज बरौनी में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, एसबीएसएस कॉलेज ,बेगूसराय के द्वारा दीप-प्रज्वलन कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता डॉ मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य एपीएसएम कॉलेज बरौनी तथा मंच संचालन प्रो.रामागर प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारीतथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुशील कुमार ने किया.मुख्य अतिथि ने छात्रों को एनएसएस के महत्व को बताया और समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने और शिक्षा के माध्यम से समाज सेवा कर व्यक्तित्व का



विकास करने के लिए प्रेरित किया।

अध्यक्षीय भाषण में डॉ मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर के विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सफाई अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण साक्षरता, डिजिटल जागरूकता आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि प्रत्येक स्वयंसेवक को कम से कम पांच निरक्षर महिलाओं को साक्षर करने का व्रत लेना चाहिए।मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ ध्रुव देव कुमार, डॉ लव कुमार, डॉ नेहा कुमारी,डॉ रीता कुमारी,डॉ.सत्य भामा, डॉ. राम बच्चन कुमार, डॉ राम कृष्ण ठाकुर, प्रो मनोज कुमार डॉ राघवेन्द्र कुमार, डॉ टी अशरफ,डॉ अभिमन्यु कुमार आदि उपस्थित थे।रिन्की कुमारी तथा शालिनी कुमारी ने बिहार का लोकप्रिय लोकगीत जट-जटिन प्रस्तुत कर सभी को आह्लादित किया। झिंझिया की अनुपम प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। झिंझिया की प्रस्तुति इकाई की निधि झा, अर्पिता कुमारी, अमीषा कुमारी, खुशी कुमारी, कल्याणी कुमारी, तन्नु कुमारी, आरती कुमारी और पूनम कुमारी के द्वारा किया गया. स्वयंसेवकों द्वारा नारी सशक्तिकरण पर की गई प्रस्तुति को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। समारोह का समापन राष्ट्र-गान से किया गया।

# सिमरिया गंगा घाट पर बनेगा अत्याधुनिक शवदाह गृह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिले में अंतिम संस्कार व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। सिमरिया गंगा घाट पर गैस आधारित आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण कराया जाएगा। इस संबंध में नगर परिषद बीहट एवं ईशा फाउंडेशन के बीच एकरारनामा (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।एकरारनामा के तहत सिमरिया घाट पर अत्याधुनिक तकनीक से युक्त शवदाह गृह का निर्माण होगा। इस अवसर पर ईशा फाउंडेशन के प्रतिनिधि द्वारा प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण भी दिया गया।श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए सिमरिया क्षेत्र में लगभग 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक शवदाह गृह के निर्माण से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया धार्मिक एवं सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुरूप अधिक सुगम, स्वच्छ एवं सम्मानजनक हो सकेगी। उन्होंने कहा कि गैस आधारित शवदाह गृह में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे कम समय में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी हो सकेगी। इससे गंगा घाट क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहेगी तथा प्रदूषण में भी कमी आएगी। साथ ही लकड़ी की खपत में कमी आने से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रस्तावित इस परियोजना के अंतर्गत शवदाह गृह के साथ-साथ आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा। इसमें प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को बेहतर व्यवस्था मिल सके।जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को परियोजना की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जा सके।जिला प्रशासन का उद्देश्य पारंपरिक आस्था और आधुनिक तकनीक के समन्वय के साथ नागरिकों को सम्मानजनक एवं बेहतर अंतिम संस्कार की सुविधा उपलब्ध कराना है।

# मध्य विद्यालय डफरपुर में बाल संसद का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पूर्वी डफरपुर में बाल संसद का गठन किया गया। इसमें अष्टम वर्ग की छात्रा चांदनी प्रधानमंत्री चुनी गयी। वहीं इसी वर्ग के प्रदीप कुमार उप प्रधानमंत्री बने। नव चयनित बाल संसद के सभी मंत्री एवं उपमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया।

प्रधानाध्यापक हर्षवर्धन कुमार ने संसद की मयार्दा के बारे में कहा कि संसद के माध्यम से आम जनता अपनी बातों को सरकार तक पहुंचाते हैं और संसद के मंत्री गण उनके कार्य को धरातल पर उतारते हैं । इसी अवधारणा को समझने के लिए प्रत्येक विद्यालय में बाल संसद का गठन किया जाता है। बाल संसद के सभी मंत्री विद्यालय के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रधानाध्यापक ने प्रधानमंत्री के रूप में चांदनी कुमारी, प्रदीप कुमार को उप प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई । खेल एवं संस्कृतिक मंत्री के रूप में पल्लवी कुमारी, उप खेल एवं संस्कृति मंत्री के रूप में प्रहलाद कुमार ने शपथ लिया। शिक्षा मंत्री के रूप में छात्रा रितु कुमारी, उप मंत्री के रूप में सत्यम कुमार ने शपथ लिया। जल एवं बागवानी मंत्री के रुप में रजनीश कुमार,उप मंत्री के रूप में राधा कुमारी ने संकल्प ली। खाद्य मंत्री के रूप में गुड्डू कुमार ने शपथ लिया। बाल प्रेरक के रूप में हरिओम कुमार ने शपथ लिया। इस अवसर पर बाल संसद के प्रभारी शिक्षक अजय कुमार ने सभी बच्चों को नियम,अनुशासन का पालन करने का संदेश दिया। वहीं शिक्षक मुकेश कुमार ने बच्चों को नए सत्र में नई ऊर्जा के साथ बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण रहा।

# कमला भुवनेश्वर बीएड कॉलेज में नवागंतुक प्रशिक्षु शिक्षक का अभिनन्दन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखण्ड के कमला भुवनेश्वर बीएड कॉलेज में डीएलएड के नए सत्र में नवागंतुक शिक्षक प्रशिक्षुओं के स्वागत में नूतन अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजीव रॉय के द्वारा रिबन काटकर किया गया।संस्था की परम्पराओं को निभाते हुये सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन, गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना की गयी। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय प्राचार्य के भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने नवागंतुक शिक्षक- प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुये अपने भाषण में कहा कि आप इस मोड़ पर सिर्फ अनुशासन व लगन से ही अपने आगामी भविष्य को सँवार सकते है।



आगे उन्होंने कहा कि शिक्षक- प्रशिक्षुओं को स्वयं से ईमानदार रहना होगा तभी वे जीवन में उन्नति के शिखर पर पहुँच सकते है एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। साथ ही दूरभाष के माध्यम से कॉलेज अध्यक्ष बिनय कुमार सिंह एवं सचिव श्रीमति वंदना कुमारी ने नवागंतुक शिक्षक- प्रशिक्षुओं का स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही उपस्थित सभी शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मियों प्रभात कुमार रंजन, नीतिश कुमार, डॉ सुनील चंद्र यादव, अनिल कुमार सिंह, डॉ प्रियंका यादव, बंदना कुमारी, आनंद कुमार अंकेश कुमार, सुभाष कुमार पोद्दार, आनंद कुमार एवं अंकिता कुमारी सभी ने अपने- अपने परिचय दिए तथा डी०एल०एड० सत्र-2025-27 प्रथम वर्ष के शिक्षक- प्रशिक्षुओं ने भी अपने- अपने परिचय दिये। वरिष्ठ प्रशिक्षुओं द्वारा गीत, नृत्य और लघु नाटक जैसे विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा नवागंतुक शिक्षक- प्रशिक्षुओं का स्वागत किया।

# गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, घबराने की आवश्यकता नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः सामान्य है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नवादा डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है तथा सभी उपभोक्ताओं को नियमित एवं सुचारू रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडर आपूर्ति की सतत निगरानी की जा रही है।

सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें। प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार जिले में 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 10,244 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 1,670, बीपीसीएल के 5,284 एवं आईओसीएल के 3,290 गैस सिलेंडर शामिल हैं। उपलब्ध स्टॉक वर्तमान मांग की पूर्ति के लिए पर्याप्त है। साथ ही, उपभोक्ताओं को डोर-टू-डोर गैस सिलेंडर आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त कुल 270 शिकायतों में से 229 का समाधान किया जा चुका है तथा शेष शिकायतों का निष्पादन शीघ्र किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं। ये दल नियमित रूप से गैस एजेंसियों के गोदामों एवं गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं।

# शॉर्ट सर्किट से चार परिवारों के आधा दर्जन घर जले

## घनी आबादी के बीच हादसा, ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर उठाए सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** नगर पंचायत बारसोई के वार्ड नंबर 01 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से चार परिवार के आधा दर्जन घर जले।भीषण आग लगी। घनी आबादी के बीच अचानक उठी आग की लपटों से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने के बाद अचानक आग भड़क उठी।



देखते ही देखते लपटें तेज हो गई और आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही इलाके में चीख-पुकार मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए खुद ही आग बुझाने की कोशिश शुरू की। लेकिन आग की भयावहता के कारण उस पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। इसी बीच घटना की सूचना बारसोई थाना और दमकल विभाग को दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।इस अग्निकांड में चार घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। बताया जा रहा है कि इन घरों में भारी मात्रा में जलावन रखा हुआ था, जिससे आग तेजी से फैल गई। हालांकि गनीमत रही कि समय रहते दमकल की टीम पहुंच गई।

जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि घनी आबादी के बीच से गुजर रहे खुले और जर्जर बिजली के तार लंबे समय से खतरा बने हुए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार विभाग को शिकायत कर इन तारों को हटाने और केबल वायर लगाने की मांग की थी। लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। उनका कहना है कि विभाग की इसी लापरवाही के कारण आज यह हादसा हुआ है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है, लेकिन इस घटना ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद एव नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि अग्निकांड का आकलन किया जा रहा है। जांचके उपरांत अग्निकांड से पीड़ित लोगोंको मुआवजा राशि दी जाएगी।

## पंचायत स्तर पर पेंशनधारियों के शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण के लिए शिविर कल से : अमरेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पदाधिकारी पूर्णिया के निदेशानुसार जिले में लंबित कुल 1,37,043 पेंशनधारियों का शत-प्रतिशत जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 8 से 17 अप्रैल 2026 तक पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित पेंशनधारियों की पहचान एवं उनकी पात्रता की निरंतरता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इन शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी जीवन प्रमाणीकरण से वंचित न रह जाए तथा उन्हें समय पर पेंशन का लाभ मिलता रहे।उक्त विशेष शिविरों में कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के द्वारा पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण किया जाएगा।



सभी पंचायतों में निर्धारित स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पेंशनधारी उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाणीकरण करवा सकेंगे। इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित पंचायतों के पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, विकास मित्र एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पेंशनधारियों को शिविर स्थल तक लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सभी की सक्रिय भागीदारी से अभियान को गति प्रदान की जाएगी। शिविरों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है। वे अपने स्तर से यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों तथा किसी प्रकार की असुविधा पेंशनधारियों को न हो।

साथ ही, प्रत्येक शिविर स्थल पर आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सरल एवं त्वरित रूप से पूरी हो सके। इस विशेष अभियान के दौरान जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पूर्णिया के सहायक निदेशक अमरेश कुमार द्वारा विभिन्न शिविरों का भ्रमण किया जाएगा तथा जीवन प्रमाणीकरण कार्य का अनुश्रवण किया जाएगा। उनके द्वारा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिससे कार्य की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त जिला प्रबंधक सीएससी द्वारा प्रतिनियुक्त वीएलई के कार्यों का सतत पर्यवेक्षण किया जाएगा। ताकि प्रत्येक पेंशनधारी का जीवन प्रमाणीकरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 हजार के इनामी एवं वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कटिहार (नबिटासं)।** जिला पुलिस ने ईनामी वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि वादी मो. शकील (40) पिता मो. सिद्दीक उर्फ कुदुस माधेपुर थाना तेलता, जिला कटिहार निवासी ने अपने लिखित आवेदन में बताया कि दिनांक 09.12.25 को समय लगभग 7. 40 बजे शाम में मो. वसीम अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से मेरे दरवाजे पर आया। मो. वसीम के साथी ने मुझे जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। जिससे मैं बाल-बाल बच गया। शोर होने पर घर के लोग आ गए और हमलोगों ने मो. वसीम को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस आकर अभियुक्त को अपने कब्जे में ले ली। जिस संदर्भ में तेलता थाना कांड संख्या-63/25, दिनांक-09.12.2025, धारा-109/351(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई। उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बारसोई के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम छापेमारी कर दिनांक-06.04.2026 को अभियुक्त के घर पर छापेमारी कर अभियुक्त मो. सलाम पिता मो. सरफुद्दीन साकिन नन्दियार पेलापुर थाना बलिया बेलौन जिला कटिहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया।



### कृषि विज्ञान केन्द्रों में वार्षिक कार्ययोजना 2026 का आयोजन

**कटिहार (नबिटासं)।** कृषि विज्ञान केन्द्र में बिहार सबौर कृषि विश्वविद्यालय के अधीन आनेवाले 22 कृषि विज्ञान केंदों के वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2026 की कार्यशाला का उद्घाटन बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर भागलपुर के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एस.के.पाठक,अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीवी सिंह एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कटिहार के वरीय




वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ मृणाल वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एसके पाठक ने किसानों की आय बढ़ाने हेतु बिहार कृषि विश्विद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोड़ दिया। अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डीवी सिंह ने किसानों की आजीविका में सुधार हेतु कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण ,कृषकों के प्रक्षेत्र पर परीक्षण अन्य प्रसार कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार हेतु अपने सुझाव दिए। वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. मृणाल वर्मा ने इस कार्यशाला में भाग ले रहे सभी अतिथियों का स्वागत संबोधन किया। उन्होंने कटिहार जिले में उत्पादित होने वाली प्रमुख फसलों मखाना, मक्का के संबंध में जानकारी दी। इस कार्यशाला में स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार ही सभी कृषि विज्ञान केन्द्र वर्ष 2026 में अपनी गतिविधियों को संचालित करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन कुल 12 कृषि विज्ञान केंद्रों ने अपनी कार्ययोजना की प्रस्तुति दी। कार्यशाला में मंच संचालन कृषि वैज्ञानिक पंकज कुमार ने किया।

### महंगाई से कराह रही जनता, सरकार प्रचार में व्यस्त : तारिक अनवर

**कटिहार (नबिटासं)।** सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को कदवा और आजमनगर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, नाला, पुल और सामुदायिक भवन निर्माण सहित कई बुनियादी सुविधाओं की मांग सांसद के समक्ष रखी।सांसद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। दौरे के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सांसद तारीक अनवर ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश और बिहार में महंगाई चरम पर है, जिससे आम जनता पर भारी बोझ पड़ रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर जनता महंगाई से जूझ रही है, वहीं



केंद्र सरकार चुनावी प्रचार में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि कभी नोटबंदी के दौरान लोगों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ा, तो कभी ऑक्सीजन और अब एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए भी जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सांसद ने कहा कि सरकार लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है, लेकिन अब जनता धीरे-धीरे जागरूक हो रही है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी।दौरे के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे और अपनी समस्याओं को लेकर सांसद से उम्मीद जताई। मौके पर कटिहार कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के साथ-साथप्रखण्ड अध्यक मो. अंसार काजमी,मो. असलम, मुखिया अख़्तर हुसैन, पूर्व मुखिया अंजाम आलम, मिनाज आलम,सदावर आलम,दीपक राय, ईमाम जाफर, मुखिया रागिब सजग,समशेर आलम,मो. सालिम,मो. हेलाल सहित कई कांग्रेस नेता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# मरंगी टोला में अगलगी से चार घर राख, लाखों की संपत्ति स्वाहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)** । बरारी थाना क्षेत्र के जगदीशपुर पंचायत के वार्ड संख्या 11 स्थित मरंगी टोला में सोमवार को अचानक लगी आग ने चार परिवारों को बेघर कर दिया। इस भीषण अगलगी में मो. साबीर,अब्दुल रकीब,मो. सकीम और मो. तौफीक आलम के घर जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। जानकारी के अनुसार मो. साबीर के घर में लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाते समय आग भड़क उठी।



तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में चारों घर जलकर राख हो गए। आग लगते ही पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पर बरारी थाना पुलिस और अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक घरों में रखा अनाज,कपड़ा, फर्नीचर,जरूरी कागजात और नकदी जल चुकी थी। पीड़ितों के अनुसार मो. साबीर के करीब 3.30 लाख, अब्दुल रकीब के 1.80 लाख, मो. सकीम के 1 लाख और मो. तौफीक आलम के 30 हजार रुपये आग में जल गए। सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि मो.मंजूर आलम, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि शारिब खान,वार्ड सदस्य धर्मेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को सांत्वना दी।

पंचायत सचिव नीतीश कुमार ने भी नुकसान का जायजा लेकर मुआवजे की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया।घटना के बाद सभी प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की है।

# जिले में 24170 सिलेंडर उपलब्ध, घरेलू गैस की नहीं है कमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले में 14170 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है। 4 अप्रैल को 6386 बुकिंग के विरुद्ध उपभोक्ताओं को 6239 उपलब्ध कराया गया है।उक्त जानकारी प्रेस वार्ता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने दी है।

उन्होंने बताया कि जिले में खपत के अनुसार उपभॅक्ताओं के बीच सामान्य ढंग से सिलेथडर उपलब्ध कराया जा रहा है।04 मार्च रविवार को 5720 सिलेंडरों की आपूर्ति की




जाएगी।डीएसओ ने बताया कि गैस की कालाबजारी एवं जमाखोरी रोकने के साथ उपभोक्ताओं को सहजता सै गैस उपलब्ध कराने को लेकर जिला प्रशासन हर संभव उपाय कर रहा है।

# फलका हिंसा मामला में पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी

## तीन और आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा के दौरान बाइक लूट कांड के संदिग्ध राकेश कुमार यादव (24) की मौत के बाद भड़की हिंसा को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में है।घटना के तीसरे दिन भी पुलिस और प्रशासन का कड़ा रुख बरकरार रहा।सोमवार को पुलिस ने विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर हिंसा व बवाल में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कागजी कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इस मामले में अब तक कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। शनिवार को हुई इस घटना के बाद से ही क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। पुलिस द्वारा उपद्रवियों की पहचान के लिए लगातार की जा रही छापेमारी के कारण स्थानीय लोगों में भारी डर और अफरा-तफरी का माहौल देखा जा रहा है। कई युवक और संदिग्ध कार्रवाई के डर से घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। बीते शनिवार को पुलिस ने बाइक लूट के मामले में राकेश यादव को हिरासत में लिया था।हिरासत के दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए थाने पर हमला बोल दिया था। इस दौरान जमकर रोड़ेबाजी, आगजनी और तोड़फोड़ हुई थी, जिसे नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-टू रंजन कुमार सिंह ने बताया कि घटना के तीसरे दिन तीन आरोपी सूरज यादव,नीरज यादव दोनों लीला थाना भवानीपुर जिला पूर्णिया एवं प्रकाश कुमार यादव गोपालपट्टी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस मामले में अबतक कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है,अन्य की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। ।पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो साक्ष्यों के आधार पर अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।पुलिस पदाधिकारियों ने शांति बनाए रखने की अपील किया है। हालांकि भारी पुलिस बल की तैनाती के कारण पूरा इलाका छावनी में तब्दील नजर आ रहा है।



# गैस सिलेंडर के लिए भारत गैस कार्यालय में लगी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** स्थानीय बाजार स्थित बुद्ध हाट के निकट कलावती गैस एजेंसी के प्रांगण में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रखंड क्षेत्र के लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए कलावती गैस एजेंसी के प्रांगण में लाइन में खड़े हो गए। भीड़ को देखते हुए एजेंसी के लोग काफी परेशान हो गए।



गैस एजेंसी के प्रबंधक संजय कुमार दास से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि एजेंसी में गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। परंतु अफवाह की वजह से लोगों की भीड़ जुट गई है। भीड़ जुट जाने से एजेंसी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्रखंड क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गरम है। गैस सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों का कहना था कि कुछ दिन के बाद गैस सिलेंडर मिले अथवा ना मिले स्थिति काफी बद से बदतर होने की संभावना को देखते हुए आवश्यकता के अनुसार गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में खड़े हैं। अगर पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है तो लोग लाइन में घंटों खड़े होकर गैस सिलेंडर लेने का इंतजार क्यों करते हैं। इस सवाल का जवाब देने के लिए कोई तैयार नहीं है।

# पुलिस अभिरक्षा में मौत के बाद फलका में उपद्रव को लेकर तीन प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)** । शनिवार को फलका थाना क्षेत्र में पुलिस अभिरक्षा के दौरान बाइक लूट कांड के संदिग्ध राकेश कुमार यादव की मौत के बाद भड़की हिंसा और बवाल के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। फलका मुख्य चौक और थाना परिसर में हुए उपद्रव,पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट और राइफल छीनने की कोशिश की घटनाओं को लेकर पुलिस ने कुल तीन अलग - अलग प्राथमिकी दर्ज की है।वहीं पुलिस ने सरकारी हथियार छिनने व थाना परिसर में उपद्रव करने की घटना का मुख्य आरोपी सहित कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। फलका चौक पर बवाल पर पहली प्राथमिकी फलका मुख्य चौक पर सड़क जाम और उपद्रव करने के आरोप में दर्ज की गई है।जिसमें 14 नामजदे और लगभगे 300 अज्ञाते लोगों को आरोपी बनाया गया है। दूसरी प्राथमिकी थाना परिसर में घुसकर सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाने के मामले में दर्ज की गई है।इसमें 6 नामजदे और 100 अज्ञाते लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# पार्टी कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और सुशासन के मूल्यों को करें आत्मसात : भाजपा

## देश एवं समाज के विकास में दिया जा रहा महत्वपूर्ण योगदान : मनोज राय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 47 वां स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बड़ी धूमधाम की स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खगड़िया के पूर्व सांसद अनिल यादव मुख्य रूप से शामिल रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ स्थापना दिवस के अवसर पर सगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण ठाकुर, लक्खी प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, सौरभ कुमार मालाकार शामिल हुए।





इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज राय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की यह दिवस हमें राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, समर्पण और संगठन की शक्ति की याद दिलाता है। वर्षों से पार्टी ने देशहित में जो कार्य किए हैं, वे हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर राष्ट्र निर्माण के इस संकल्प को और सशक्त बनाएं। इस अवसर पर मंचासीन सभी वक्ताओं ने अपने-अपने संबोधन में विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन,भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि 1980 में अपनी स्थापना से लेकर आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने तक का यह गौरवशाली सफर,असंख्य कार्यकर्ताओं के त्याग,तपस्या और बलिदान की अमर गाथा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय' के स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज धरातल पर साकार होते देखना हर भारतवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सेवा, समर्पण और सुशासन के मूल्यों को आत्मसात कर देश एवं समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। यही संगठन की वास्तविक शक्ति है। जो निरंतर भारत को प्रगति और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रही है। स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में जिला के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी, शोभा जयसवाल, आलोक मंडल, पप्पू गुप्ता, सीमा झा, बबन झा, जिला मंत्री मंजू चंद्रवंशी, धर्मनाथ तिवारी, सविता शर्मा, छाया तिवारी, रीना झा, रंजना झा, रवि साह, भास्कर सिंह, विकास सिंह, विजय सिंह, महेंद्र झा, पिंटू भगत, अजय दास, नगर अध्यक्ष उमेश पासवान, राजेश शर्मा, जोक्सन यादव सहित विधानसभा प्रभारी विधानसभा संयोजक मंडल प्रभारी सभी मोर्चा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने किया 100 बेड वाले छात्रावास का उद्घाटन

# शिक्षित समाज से सशक्त समाज का निर्माण संभव : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में 100 बेड की क्षमता वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास का उद्घाटन पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री रमा निषाद द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, गरीबों एवं समाज के वंचित एवं हाशिए पर रह रहे वर्गों के उत्थान हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए उपस्थित जनसमूह को अधिक से अधिक बेटियों को शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज का निर्माण करता है और छात्रावास जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को बेहतर वातावरण प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं दाउदनगर, सहित कई अधिकारीगण एवं जिला के कर्मी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के योगदान की सराहना की गई। यह छात्रावास क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, विशेषकर अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी।

# दो दिवसीय गजना महोत्सव कल से, कलाकार भव्या पंडित देंगी प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में औरंगाबाद जिला के नबीनगर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के गजना धाम परिसर में आयोजित दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत कल यानी 8 अप्रैल से होगी। इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन तथा कला एवं संस्कृति विभाग सह पर्यटन विभाग मंत्री अरूण शंकर प्रसाद शामिल होंगे। इसके अलावा इस महोत्सव में सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। महोत्सव के पहले दिन इंडियन आइडल फ़ेम कलाकार भव्या पंडित अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) अमृतेश आर्यन ने बताया कि 08 अप्रैल को गजना धाम परिसर में जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली जबकि 09 अप्रैल को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता दो समूहों में आयोजित की जाएगी, जिसमें जूनियर समूह के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक तथा सीनियर समूह के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे। वहीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए आयोजित की जाएगी। इसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं समसामयिक विषयों पर अपनी कल्पनाशीलता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन करेंगे, जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए 'विकसित बिहार' विषय निर्धारित किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को अपनी शारीरिक क्षमता, कौशल एवं टीम भावना का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा।

# शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार में नगर पुलिस ने मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। साथ ही मौके से एक कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। बता दें कि पूरा मामला नगर थाना क्षेत्र इलाके के कथरूआ गांव की है, जहां एक मकान में चल रही मिनी शराब निर्माण फैक्ट्री का पुलिस ने उद्भेदन किया है। इस दौरान पुलिस ने स्प्रिट, शराब बनाने का सामान, तैयार शराब और अन्य उपकरण जब्त किए। मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई थाना क्षेत्र के कथरूआ गांव में की गई जहां आसपास हड़कंप मच गया। पकड़े गए कारोबारी की पहचान उस गांव निवासी चंदन सिंह के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी द्वारा नकली शराब बनाकर आसपास के इलाकों में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस के द्वारा की गई छापेमारी में नकली देसी शराब बनाने की स्प्रिट, पैकिंग ढक्कन, बोतल, पैकिंग मशीन समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। फैक्ट्री से बरामद शराब की मात्रा और उसकी सप्लाई चेन को लेकर पुलिस जांच कर रही है। मामले में और लोगों के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाना चली गई। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस इस मामले में एक कारोबारी को मौके से गिरफ्तार किया है जिससे पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा ने शुरुआत से ही राष्ट्रवाद, सुशासन व विकास को बनाया मूल मंत्र

### भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर औरंगाबाद में कार्यक्रम, नेताओं ने गिनाईं उपलब्धियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर औरंगाबाद जिले में जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने पार्टी का झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने पार्टी के इतिहास और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। नेताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना वर्ष 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सहित कई राष्ट्रवादी नेताओं के प्रयास से हुई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने शुरुआत से ही राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास को अपना मूल मंत्र बनाया है। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा ने देश की राजनीति को नई दिशा दी है और आज यह विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में देश ने सुशासन और विकास का नया दौर देखा। वहीं विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में देश ने विकास, आधारभूत संरचना, डिजिटल तकनीक, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक प्रगति की है। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करें। साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर देश के उज्ज्वल भविष्य, संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रणविजय शर्मा, पूर्व विधायक सुरेश मेहता, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा, सह क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, विनय शर्मा, अवध बिहारी शर्मा, सुनील शर्मा, सारिका शेखर, धर्मेंद्र शर्मा, वीकेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, जिला मंत्री सुमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैस आपूर्ति एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6784 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6755 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धत है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

# प्रबंधन के आश्वासन पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के श्रमिकों की हड़ताल समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बारून (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कार्यरत श्रमिकों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल की। हड़ताल का नेतृत्व निर्माण कांग्रेस इंटक, बिहार के बैनर तले संगठन महामंत्री भोला यादव ने किया। श्रमिकों ने एनसीसी कंपनी के समक्ष 15 सूत्री मांगें रखीं। शुरुआत में प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं किए जाने से मजदूरों में असंतोष देखा गया। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो कार्य पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा। इसके बाद एनसीसी के प्रोजेक्ट हेड इंचार्ज सुधीर श्रीवास्तव से वार्ता हुई। वार्ता के दौरान प्रोजेक्ट इंचार्ज ने श्रमिकों की मांगों को जायज बताते हुए उन्हें लागू करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन की ओर से लिखित प्रस्ताव के साथ यह भरोसा दिया गया कि सभी मांगों को कंपनी के लेटर पैड पर स्वीकार करते हुए जल्द लागू किया जाएगा। इसके बाद श्रमिकों ने हड़ताल समाप्त कर दी और यूनियन ने प्रबंधन का धन्यवाद किया। हालांकि यूनियन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और श्रमिकों के हितों की निगरानी जारी रहेगी। श्रमिकों की प्रमुख मांगों में आठ घंटे की ड्यूटी लागू करने, बिहार सरकार के वेज बोर्ड के अनुसार न्यूनतम मजदूरी, पीएफ कटौती, हर माह की 7 तारीख तक वेतन भुगतान, ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान, साप्ताहिक अवकाश, चिकित्सा सुविधा, एंबुलेंस व्यवस्था, सेफ्टी उपकरण (जूते, हेलमेट, ग्लव्स), शौचालय, शुद्ध पेयजल, भोजन की व्यवस्था, गेट पास प्रणाली लागू करना और वेतन वृद्धि शामिल हैं। हड़ताल में प्रदीप कुमार, अशोक कुमार, विकास कुमार, अरविंद कुमार, मंटू कुमार, सरस्वती देवी, चिंता देवी, बसंती देवी, काजल देवी, लीलावती देवी, मंजू देवी, संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में श्रमिक शामिल रहे।

## सोशल मीडिया पर अश्लील पोस्ट करने के विवाद में मारपीट

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून प्रखंड के सुंदरगंज बाजार में रविवार देर शाम सोशल मीडिया पर फ़ेक आईडी के जरिए अश्लील पोस्ट करने के विवाद में मारपीट हो गई। घटना में दुधार पैक्स अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथ उनके दो भाई विक्रांत कुमार और सिद्धार्थ कुमार भी जख्मी हुए हैं। तीनों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार, एक युवक द्वारा फ़ेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर पैक्स अध्यक्ष और उनकी जिला पार्षद पत्नी रेणु देवी की संयुक्त तस्वीर के साथ आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणियां पोस्ट की जा रही थीं। इसको लेकर जब पैक्स अध्यक्ष ने आपत्ति जताई और मना किया तो मामला विवाद में बदल गया। आरोप है कि सुंदरगंज निवासी राम अवतार साह के पुत्र सौरभ कुमार ने फ़ेक आईडी बनाकर यह हरकत की। पीड़ित पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि इस घटना से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और उनकी छवि खराब करने की साजिश की गई है। मामले को लेकर संबंधित थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर नगर परिषद के मुख्य पार्षद उदय गुप्ता सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

# स्वास्थ्य कर्मियों में आत्मविश्वास के लिए ट्रांसफॉर्मेशन पर कार्यशाला आवश्यक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सोमवार को सदर अस्पताल औरंगाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए पर्सनल ट्रांसफॉर्मेशन एवं टीम बिल्डिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्था को सामुदायिक स्तर पर सुदृढ़ करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के नेतृत्व कौशल का विकास करना है। पिरामल स्वास्थ्य के सहयोग से जिला स्वास्थ्य समिति, औरंगाबाद द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का संचालन डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शशांक राज प्रधान एवं दीपिका राणा (डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, पिरामल स्वास्थ्य, वैशाली) तथा प्रोग्राम लीडर ऋतिका द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रभावी नेतृत्व, टीम प्रबंधन, संचार कौशल एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों को समूह गतिविधियों, रोल-प्ले और चर्चाओं के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे अपने कार्यस्थल पर सीखी गई बातों को आसानी से लागू कर सकें। कार्यशाला के दौरान संबोधन के क्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सेवाओं की पहली कड़ी होते हैं। इसलिए उनका प्रशिक्षित और सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। मजबूत नेतृत्व और बेहतर टीम वर्क के जरिए न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार संभव है बल्कि मरीजों को समय पर और प्रभावी उपचार भी सुनिश्चित किया जा सकता है। इसी क्रम में जिला योजना समन्वयक नागेंद्र कुमार केसरी ने कार्यशाला को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम वर्कर में आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ कार्य के प्रति नई ऊर्जा और दृष्टिकोण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होता है। जिले के चिन्हित संस्थानों से प्रतिभागी के रूप में कार्यशाला में शामिल सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# विभिन्न अपराधों में 25 लोग गए जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 25 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में दो, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 13 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 239 लीटर देसी शराब, 2 लीटर विदेशी शराब, 360 लीटर स्प्रिट, 3 बाइक, एक कार तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 33500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई।

# अभया ब्रिगेड ने सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को किया सचेत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अभया ब्रिगेड की टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम फ़ेसर थाना क्षेत्र के सिमरा विद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें साईबर अपराध से बचाव, इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्त जीवन, महिला सशक्तिकरण संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला उत्पीड़न, लैंगिक भेदभाव तथा छेड़खानी जैसी घटनाओं के विरुद्ध सख्त कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने पॉक्सो एक्ट के तहत बच्चों के संरक्षण संबंधी कानूनों की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की यौन उत्पीड़न की घटना दंडनीय अपराध है और इसकी शिकायत तत्काल दर्ज करानी चाहिए। घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में भी विस्तार से बताते हुए कहा गया कि महिलाओं को शारीरिक, मानसिक या आर्थिक प्रताड़ना सहने की आवश्यकता नहीं है, कानून उनके साथ है। साइबर अपराध एवं साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को देखते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए। अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी साझा नहीं करने, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सीमित रखने तथा संदिग्ध कॉल की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई। टीम ने थाने में स्थापित महिला हेल्प डेस्क, साइबर सुरक्षा सेल तथा आपातकालीन सेवा डायल 112 की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत इन सेवाओं का उपयोग करें। नए आपराधिक कानूनों के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। अंत में थानाध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़े अपराधों के प्रति सजग रहें और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# प्रवेशोत्सव के तहत बच्चों के नामांकन पर ज़ोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शिक्षा विभाग शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सरकारी स्कूल में प्रवेश उत्सव के लिए मार्च निकला। यह कार्यक्रम पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के बच्चों ने प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में नामांकन अभियान चलाया गया। प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों ने विद्यालय के पोषक क्षेत्रों में भ्रमण कर सरकारी विद्यालयों में प्राप्त हो रहे सुविधाओं एवं बीपीएससी से चयनित होकर पढ़ा रहे शिक्षकों के बारे में लोगों को जानकारियां मुहैया कराया। प्रधानाध्यापक ने कहा शहरी क्षेत्रों में अनामांकित बच्चे कम मिलते हैं लेकिन दानी बिगहा, नागा बिगहा एवं लक्ष्मण बिगहा आदि क्षेत्रों में रह रहे बाहर से आकर बसे परिवारों में अनामांकित बच्चे मिलते है जिसे विद्यालयों से जोड़ दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीडीसी ने 55 परिवादियों की सुनी फरियाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को उप विकास आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान कुल 55 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

